माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

अयोध्या
बुधवार, 7 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 182, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 2

एक नजर

कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी।

रिश्वत में सहायक कर आयुक्त पर केस दर्ज

मुंबई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू

भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

केजरीवाल के पीए, आप सांसद अन्य के परिसरों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

कोलकाता। ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

परीक्षा में धांधली पर अब 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का भी प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली/मुंबई। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना का रिटायर्ड जवान है पकड़ा गया रियाज अहमद
- जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी माड्यूल का है सदस्य

दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी।

ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

आस्था की डगर रामलला के दर्शन की ललक जेनेवा से खींच लाई रामनगरी, आज सरयू में स्नान के बाद करेंगे दर्शन

स्विट्जरलैंड से 8 साल पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचे बेन

मौजीराम यादव, नवाबगंज/गोंडा

अमृत विचार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन की ललक ऐसी कि एक रामभक्त 8 साल की पैदल यात्रा कर स्विट्जरलैंड से अयोध्या पहुंच गया। रामभक्त बेन बुधवार को पुण्य सलिला मां सरयू के पवित्र जल में स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करेंगे। स्विट्जरलैंड के रहने वाले बेन (32) ने मंगलवार को अयोध्या की सीमा कटरा शिवदयालगंज पर श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को अमृत विचार से साझा किया।

स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर के रहने वाले बेन वर्ष 2015 में स्विट्ज़रलैंड से पैदल ही भारत की यात्रा पर निकले थे। धार्मिक परिवार से जुड़े बेन का कहना है कि जब वह घर से निकले थे तब उनकी उम्र 24 वर्ष थी। सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले बेन ने बताया कि उनके मन में था कि वह अयोध्या समेत भारत में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन करेंगे। स्विट्जरलैंड से आस्ट्रिया होते हुए वह पाकिस्तान पहुंचे और फिर वाघा बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए। उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन किया है। अब तक वह जम्मू-कश्मीर, अमृतसर, चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व उत्तराखंड के हरिद्वार तक की यात्रा कर चुके हैं। बेन ने बताया कि जब उन्होंने सुना कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो उन्होंने काफी कोशिश की कि वह भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या पहुंच जाएं लेकिन वह समय से अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाए। मंगलवार को वह पैदल चलते हुए कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। यहां वह एक होटल पर चाय पीने रुके तो आसपास के लोगों ने जिज्ञासा वश उन्हें घेर लिया। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हैं जो राम नगरी में जन्म लिया है। जय श्री राम, जय जय हनुमान कहते हुए बेन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

भारत के लोग बहुत अच्छे, मोदी-योगी की तारीफ

अमृत विचार से बातचीत करते हुए स्विस नागरिक बेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इंडिया में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे खाने-पीने और विश्राम में कोई दिक्कत नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर लिया तो मेरा जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी सराहना की जाए कम है। श्रीराम का मंदिर बनाने में इनका अहम योगदान है। बेन उर्फ अहिंसक बुधवार को सरयू नदी में स्नान करके प्रभु श्रीराम और हनुमान जी समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे।

- 24 साल की उम्र में 2015 से शुरू की थी भारत के लिए यात्रा, अब हैं 32 के

भारत पहुंचकर अहिंसक रखा नाम, हिंदी भी सीखी

स्विस नागरिक बेन ने बताया कि उनके पिता सोमास स्विट्जरलैंड में फिजिक्स के टीचर हैं। मां सरस्वती गिरि योगा टीचर हैं। मां भारतीय मूल की हैं, इसलिए पूरा परिवार सनातन धर्म को मानता है। बड़े भाई जोनस भी योगाश्रम में रहते हैं। सभी लोग धार्मिक विचारधारा से जुड़े हुए हैं। भारत पहुंचने पर बेन ने अपना नाम बदल लिया है और नया नाम अहिंसक रख लिया है। इस नाम का अर्थ भी वह बताते हैं। वह कहते हैं कि सनातन धर्म अहिंसा का संदेश देता है इसलिए यह नाम उन्हे अच्छा लगा। बेन उर्फ अहिंसक हिंदी भी बोल लेते हैं।

जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

हरारे, एजेंसी

आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे जो रूट : कुक

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है।

'बैज' मैकुलम का उपनाम है। कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने 2012 में भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है। कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने कहा कि वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है।

कुक ने कहा कि वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट में 11,500 से ज्यादा रन बनाये है। वह शानदार हैं। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे हैं उसमें जगह बनाने की बेताबी में कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। कुक चाहते हैं कि रूट अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपनी स्वाभाविक गति से खेलें। उन्होंने कहा कि वह नौ गेंदों पर 16 रन पर था और वह आम तौर पर इतनी तेजी से बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आम तौर पर 75 या 80 के बीच स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। इसमें जोखम बेहद कम होता है। टेस्ट मैच में यह स्ट्राइक-रेट भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मुझे रूट को नैसर्गिक बल्लेबाजी करते देखना पसंद है।

जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया वहीं जसप्रीत बुमराह ने मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

खेल डायरी

उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगा: मेस्सी

तोक्यो, एजेंसी। हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

अहमदाबाद, एजेंसी। कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ 'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

एफए कप की तर्ज पर सुपर कप कराने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के प्रमुख नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल सुपर कप का आयोजन आगामी सत्र से नए प्रारूप में इंग्लैंड के एफए कप के समान होगा। सुपर कप से टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग 2 में स्थान हासिल करने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आगामी सत्र के लिए अपने कैलेंडर में सुपर कप के लिए एक अक्टूबर 2024 से 15 मई, 2025 की तारीख तय की है। सुपर कप ने 2018 में देश के शीर्ष नॉकआउट टूर्नामेंट फेडरेशन कप की जगह ली थी। इससे पहले इसका आयोजन आम तौर पर एक महीने से कम समय में होता था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने बताया कि एआईएफएफ इस सत्र से एफए कप (इंग्लैंड का) की तरह सुपर कप का आयोजन करना चाहता है। यही कारण है कि इसके लिए सात महीने से अधिक की विंडो (समय) है।

बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

महोबा, एजेंसी। यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकादमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

इंग्लैंड के पास नहीं था बुमराह की जादुई स्पेल का कोई जवाब: हुसैन

भारतीय गेंदबाज के प्रदर्शन से भारत ने 106 रन की जीत से की श्रृंखला में वापसी

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पेल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की।

उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली। बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए। हुसैन ने एक सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था। उन्हें आज (सोमवार) तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे। इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गई। विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं, 'हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे?' लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है। हुसैन ने कहा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था। रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है।

भारतीय तेज गेंदबाज ने खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए

बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढ़ेंगे: मैकुलम

नई दिल्ली, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पेल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे।

बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। मैकुलम ने कहा कि हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है।इसमें कोई शक नहीं कि वह अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने 18 महीनों में अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं।

भारत में दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मंगलवार को यहां दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया गया जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में लीग के लोगो का अनावरण भी किया गया। इस लीग का आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है। भारतीय हैंडबॉल संघ के लीग चेयरमैन और दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि इस लीग के शुरू होने से महिला खिलाड़ियों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।

बॉलीवुड हलचल

शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं, वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा, मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा।अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ

'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदार: भक्ति

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं।इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा, नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है . गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

एक नजर

करंट से बछड़े की मौत से किसान पर केस

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना के गांव बरौली निवासी एक किसान को खेत के चारों ओर तार से अवरोध लगाना मंहगा पड़ा। गांव निवासी माता फेर सिंह आरोप है किसान द्वारा सोमवार रात तार में करंट दौड़ाने से इसमें फंस कर उसके बछड़े की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया तहरीर पर राम नाथ व विनोद सिंह के विरुद्ध केस पंजीकृत कर छानबीन कराई जा रही है।

मेले में 190 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड पूराबाजार में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उप्र कौशल विकास मिशन के जिला समंवयक ने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कंपनियों का निरीक्षण किया। मेले में जनपद के 410 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 190 युवाओं को चयनित किया गया।

बार और बेंच की बैठक के बाद बहिष्कार वापस

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार : बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा किया जा रहा कार्य बहिष्कार मंगलवार को वापस हो गया। बार बेंच की बैठक के बाद बहिष्कार वापस लेने का फैसला किया गया। बार के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में मंगलवार दोपहर उपजिलाधिकारी के साथ वार्ता हुई। उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अदम पैरवी में खारिज मुकदमों को वापस लिया जाएगा साथ ही अन्य पटलों पर व्याप्त समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाएगा। बार की ओर से बताया गया बुधवार से अदालती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

राममंदिर देश का गौरव, अब आ गया रामराज्य : पेमा खांडू

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले- अयोध्या में बनेगा अरुणाचल प्रदेश भवन

70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन, किया जयश्रीराम का उद्घोष

सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से किया स्वागत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर का निर्माण संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद देश में रामराज्य आ गया है। ये बात आज मंगलवार को अयोध्या पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कही। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या में अरुणाचल प्रदेश भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रामनगरी में अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिह्न भी स्थापित करेगी, इसका प्रयास किया जा रहा है। प्रतीक चिह्न का स्वरूप क्या होगा यह अभी तय नहीं लेकिन शीघ्र ही इसकी जानकारी सामने आएगी। इससे पहले चार्टर्ड प्लेन से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे यहां मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के सदस्यों का सांस्कृतिक अभिनंदन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वागत किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यहां गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

रामलला के दर्शन-पूजन के बाद अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल। अमृत विचार

जन्मभूमि परिसर में 73 मिनट रहा 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल

अरुणाचल प्रदेश से मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में मंगलवार को उनके मंत्री मण्डल के सहयोगियों सहित लगभग 55 विधायकगण व पांच वरिष्ठ अधिकारियों का दल श्रीरामजन्मभूमि परिसर में करीब 73 मिनट रहा। सबसे पहले मुख्यमंत्री फ्लीट के साथ गेट नम्बर 11 से दाखिल हुए उसके बाद तीन ई-बसों में मंत्रिमंडल के सदस्य। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे दल ने यहां श्रीराम लला के दरबार में श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण, मंदिर की विशेषताएं आदि के बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि इस दौरान आम श्रद्धालुओं का दर्शन नहीं रोका गया। दर्शन के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री ने मीडिया को देख हाथ हिलाया । वहीं ई-बसों से में सवार मंत्रिमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। यहां से मंत्रिमंडल सीधे एयरपोर्ट पहुंचा और निर्धारित अवधि से आधे घंटे विलम्ब से अरुणाचल के लिए रवाना हुए। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र भी मौजूद रहे।

प्रतीक चिह्न के साथ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व मौजूद अन्य लोग।

भाजपा नेताओं के साथ जिला प्रशासन ने की अगवानी

एयरपोर्ट पर राज्य अतिथियों के रूप में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल का स्वागत और अगुवानी भाजपा नेताओं समेत जिला प्रशासन ने की। स्वागत करने वालों में कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी आरके नय्यर मौजूद रहे। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राजकीय सम्मान के साथ मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा प्रसाद दिया गया।

सड़क मार्ग से आए उप मुख्यमंत्री

अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोउना मान सड़क मार्ग से आए। वो सीधे महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम पहुंचे। जहां कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री और मंत्रीमंडल के सदस्य जहाज से पहुंचे। इसके बाद सभी रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए।

रेलगाड़ियों से रामनगरी में उमड़ी 'आस्था'

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में मंगलवार को रेलगाड़ियों से आस्था उमड़ पड़ी। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए छह आस्था स्पेशल ट्रेनों से करीब नौ हजार श्रद्धालु कीर्तन-भजन करते हुए रेलवे स्टेशनों पर उतरे। जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को कड़ी सुरक्षा के बीच नव्य अयोध्या व मणिपर्वत स्थित टेंट सिटियों में ले जाया गया।

अयोध्या धाम स्टेशन पर 29 जनवरी से आस्था स्पेशल ट्रेनों के आने की शुरुआत हुई थी। रोजाना एक या दो ट्रेनों से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन कर रहे थे। पहली बार मंगलवार को दो आस्था स्पेशल ट्रेनें अयोध्या कैंट जंक्शन पहुंचीं। मुख्य टिकट पर्यवेक्षक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि हिमाचल स्थित आंब अंदौरा से एक ट्रेन सुबह ही आ गई थी। इसके बाद दोपहर में हजरत निजामुद्दीन से चलकर एक और आस्था ट्रेन अयोध्या कैंट स्टेशन पहुंची। प्लेटफार्म एक पर बने होल्डिंग एरिया में सभी श्रद्धालुओं को थोड़ी देर के लिए रोका गया। एक घंटे के बाद आरपीएफ के जवानों की मौजूदगी में 36 से अधिक बसों से श्रद्धालुओं को अयोध्या भेजा गया। इसके अलावा पिश्चम बंगाल से दो, असम से एक ट्रेन अयोध्या धाम व झारखंड से एक आस्था स्पेशल ट्रेन दर्शन नगर स्टेशन पहुंची।

आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या आए श्रद्धालु। अमृत विचार

परिवार के साथ आया हूं

पहली बार अयोध्या आया हूं। रामलला का दर्शन करने की बड़ी इच्छा थी। परिवार के साथ आया हूं। अयोध्या कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए बड़ा अच्छा इंतजाम था। -दिनेश, बिहार

सरकार ने वादा पूरा किया

राम हमारे आराध्य हैं। मोदी सरकार ने वादा पूरा किया है। सरकार की ही देन है कि हम लोग रामलला का दर्शन करने पहुंचे हैं। बुधवार रात 12 बजे वापसी की ट्रेन है। -सतपाल, दिल्ली।

स्कूली बच्चों से भरी वैन में टक्कर से आठ छात्र जख्मी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : स्कूली बच्चों को मंगलवार दोपहर तीन बजे छुट्टी होने के बाद लेकर लौट रही एक वैन को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। अयोध्या रायबरेली नेशनल हाइवे पर सुल्तानपुर सीमा के निकट हुई दुर्घटना में आठ छात्र और चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंचे विद्यालय प्रशासन ने सभी बच्चों को सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में भर्ती कराया। जहां तीन छात्रों समेत चालक की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सभी छात्र डालमिस सनबीम पब्लिक स्कूल डोभियारा सुल्तानपुर में पढ़ कर लौट रहे थे। हाईवे पर सुल्तानपुर सीमा के निकट विपरीत दिशा से आ रही कार ने वैन में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसके कारण वैन बगल एक गड्ढे में पलट गई। घायलों में छात्र देव, दिव्यांश, आदर्श, रजत, प्राची, जय अग्रहरि, इशिता व अंबिका हैं। कुमारगंज सौ शैय्या अस्पताल से तीन छात्रों समेत चालक प्रवेश कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज रतन सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मामूली रूप से घायल छात्रों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया शेष तीन का इलाज चल रहा है।

तीन छात्रों समेत चालक की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

बकरी चराने गई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बालिका की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित की मां का आरोप है कि तीन फरवरी को उसकी नाबालिग बेटी गांव के पास कुछ दूर स्थित अपने खेत पर बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान गांव के ही दीपू व रामतिलक उसका मुंह दबाकर गन्ने के खेत में खींच ले गए और जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। युवकों ने धमकाया कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे और वीडियो भी वायरल कर देंगे। पीड़ित की मां का कहना है कि छह फरवरी को जब बेटी की तबियत खराब होने पर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद मंगलवार को थाने पहुंच कर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ पाक्सो एक्ट व 376डी की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज करते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया

सार-संक्षेप

प्रयाग के लिए कल से मेला स्पेशल ट्रेनें

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर रेलवे ने मौनी अमावस्या पर मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि आठ से 10 फरवरी तक ट्रेनें चलेंगी। आठ फरवरी को अयोध्या कैंट से 04223 शाम 7:50 पर रवाना होकर रात दो बजे प्रयाग स्टेशन पहुंचेगी। 04225 कैंट स्टेशन से रात 10:15 पर रवाना होकर सुबह चार बजे प्रयाग स्टेशन पहुंचेगी। नौ और 10 फरवरी को प्रयाग से सात ट्रेनें अयोध्या आएंगी। 9 को सुबह 9:40 पर, 12 व 2 बजे के बाद शाम को 7:45 और 9:45 पर ट्रेनें अयोध्या कैंट आएंगी। 10 की रात 12 व शाम को 9:45 पर भी प्रयाग से चलकर ट्रेन अयोध्या कैंट आएंगी। यह ट्रेनें वाया सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ होते हुए चलेंगी।

मेडिकल कॉलेज में डेढ़ महीने बाद खुलेगा लैब का ताला

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में डेढ़ महीने बाद बायोकेमिस्ट्री लैब का ताला खुलने की उम्मीद जगी है। ताला खुलने के साथ लैब में जांचें भी शुरू हो जाएंगी। कॉलेज के प्राचार्य के साथ मंगलवार को घंटों चली वार्ता के बाद लैब के पुर्न संचालन की अनुमित मिल गई है। अस्पताल के विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए पीओ सिटी को टेंडर मिला हुआ था, लेकिन दिसंबर महीने में इनका टेंडर रद करने की बात कह दी गई थी, जिसके बाद लैब में कार्यरत सभी कर्मचारियों को अलग अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद जांचें अस्पताल की मशीनों से चल रही थीं। सूत्रों का कहना है कि इस बीच जांचों पर भी कुछ असर दिखने लगा था, जिसके बाद पीओ सिटी को फिर से लैब संचालन का आदेश दिया गया। आदेश मिलते ही शिफ्ट किए गए कर्मचारियों को भी बुलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जब प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि कोई लैब बंद नहीं थी। सभी चल रही हैं। ये सारी बातें अफवाह हैं।

कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़, रहेगा सदा सम्मान : वरुण

नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है। उसके सम्मान में कभी कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि कभी किसी कार्यकर्ता को आवश्यकता पड़ी तो वह सदा उपलब्ध रहेगें। ये बातें पूरा मंडल अध्यक्ष बनाए गए वरुण चौधरी ने मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर अपने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं । इस मौके पर रसूलाबाद के प्रधान प्रतिनिधि नीरज राना, सेक्टर अध्यक्ष मुन्ना दुबे, मंडल उपाध्यक्ष रामजीत निषाद, वीरेंद्र वर्मा, संजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वित औषधीय सगंध पौध एवं पान शोध परियोजना की राष्ट्रीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन सात से नौ फरवरी तक होगा। परियोजना के मुख्य अन्वेषक व नोडल अधिकारी डॉ. राम सुमन मिश्रा ने बताया कि औषधीय, सगंध पौध एवं पान शोध परियोजना विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, आईसीएआर नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय, औषधीय एवं सगंधीय संस्थान आनंद गुजरात के निदेशक डॉ. मनीष दास सहित देश भर से लगभग 100 वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद रहेंगे। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक इसके मुख्य आयोजक होंगे।

वैलेंटाइन वीक 100 रुपये तक गुलाब, रेस्त्रां में कैंडल लाइट डिनर के इंतजाम

रोज-डे से होगा प्यार के त्योहार का आगाज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्यार के त्योहार का आगाज बुधवार से होने जा रहा है। वैलेंटाइन वीक के नाम से चर्चित इस त्योहार को कपल अलग-अलग तरह से सेलिब्रेट करते हैं। सात से 14 फरवरी तक यह हफ्ता कपल्स के लिए बेहद खास होता है। रोज-डे से इस वीक की शुरुआत होती है। इस मौके को खास बनाने के लिए बाजारों में लखनऊ और वाराणसी से रंग-बिरंगे गुलाब के फूल पहुंच चुके हैं। अधिकतम एक गुलाब की कीमत 100 रुपये तक है। उधर, वीक को मनाने के लिए होटल-रेस्त्रां में बड़े इंतजाम किए गए हैं।

सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट के मालिक विशेष गुप्ता ने बताया कि वैलेंटाइन वीक को देखते हुए दिल के आकार के गुब्बारे लगाए गए हैं। गुब्बारों से आकर्षक गेट व सेल्फी प्वॉइंट भी बनाया गया है। कपल्स टेबल अलग लगाई गई है। इसके अलावा कैंडल लाइट डिनर का भी इंतजाम किया गया है। मकबरा स्थित फूल विक्रेता अन्नू माली ने बताया कि बाजार में लाल, पीले, नारंगी, सफेद और गुलाबी रंग के गुलाब के फूल आए हैं। जिनकी कीमत 30 रुपये से शुरू होकर 100 रुपये तक है। अन्नू ने बताया कि गुलाब को मोहब्बत की शुरुआत समझा जाता है। इस दिन कपल्स अलग-अलग रंग के गुलाब के फूल अपने पार्टनर को देते हैं।

सिविल लाइन स्थित एक रेस्टोरेंट में वैलेंटाइन वीक को लेकर की गई तैयारी।

वैलेंटाइन-डे वीक

- 7 फरवरी रोज-डे
- 8 फरवरी प्रपोज-डे
- 9 फरवरी चॉकलेट- डे
- 10 फरवरी टेडी-डे
- 11 फरवरी प्रॉमिस-डे
- 12 फरवरी हग-डे
- 13 फरवरी किस-डे
- 14 फरवरी वैलेंटाइन-डे

उप्र सबजूनियर बालिका हैंडबॉल टीम घोषित, अयोध्या से चार खिलाड़ी

उप्र सबजूनियर बालिका हैंडबाल टीम।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में सात फरवरी से होने वाली 38 वीं सबजूनियर राष्ट्रीय बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली उप्र की टीम मंगलवार को चयन के बाद रवाना हो गई। उप्र हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडेय के निर्देशन में प्रदेश संयुक्त सचिव परमेंद्र सिंह ने टीम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रीति यादव को कप्तान व अनन्या यादव को उपकप्तान बनाया गया है। प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में विशेष प्रशिक्षण शिविर के बाद श्रेष्ठ 16 खिलाड़ियों की टीम चयनित हुई। टीम में अयोध्या की कनक पांडेय, सरिता राजभर, वैष्णवी सिंह, रानी सिंह शामिल हैं। उनके साथ वाराणसी की कोमल राय, प्रीति यादव, प्रीति पटेल, काजल पटेल, अंतिमा मौर्य, रौशनी भारती, गोरखपुर की अनन्या यादव, प्रयागराज की वैष्णवी दीक्षित, मानसी, अदिति सिंह, कानपुर की अनन्या कमल व मिर्जापुर की आरती चयनित हुई हैं। मो. इरफान कोच व परमेन्द्र सिंह टीम मैनेजर होंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

तहसील प्रशासन ने बाजार से हटवाया अतिक्रमण

बीकापुर, अयोध्या। रामपुरभगन बाजार में मंगलवार को तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर सड़क के दोनों पटरियों पर हुए अतिक्रमण हटवाया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले बाजार में सभी दुकानदारों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के कहा गया था। ऐसा न होने पर मंगलवार को जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान रामपुरभगन चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडेय सहित तहसील प्रशासन के कर्मचारी व पुलिकर्मी मौजूद रहे।

32107 छात्रों ने दी विश्वविद्यालय की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय। डॉ .राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए एवं स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर की परीक्षा के साथ एनईपी पंचम विषम सेमेस्टर की परीक्षा में मंगलवार को 32107 परीक्षार्थी शामिल रहे। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि सचलदल की निगरानी में स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर व बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए के साथ एनईपी स्नातक पंचम सेमेस्टर की विषम परीक्षा मंगलवार को दो पालियों में हुई। इसमें प्रथम पाली में 710 व द्वितीय पाली में 31397 परीक्षार्थी शामिल रहे, 247 अनुपस्थित रहे।

11 फरवरी तक बादल छाए रहने की संभावना

अयोध्या। जिले में मंगलवार को बारिश तो नहीं हुई, लेकिन दोपहर तक शीतलहर चलती रही। हालांकि दोपहर बाद सूर्य देव ने दर्शन दिया तो लोगों ने राहत की सांस ली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र की मानें तो अभी मौसम में सुधार के संकेत नहीं दिख रहे हैं। सात से 11 फरवरी तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। हालांकि बारिश के आसार नहीं है।

आकाश में घटाओं के बीच छाई रामोत्सव की छटा

अयोध्या धाम में दिखा 23 जनवरी जैसा दृश्य, सड़कों पर रामभक्तों का सैलाब

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आकाश में छाई घटाओं के बीच मंगलवार को अयोध्या में रामोत्सव की अनुपम छटा छाई रही। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि 23 जनवरी को भी मंगलवार था। आस्था का वैसा ही आवेग आज भी रामनगरी में दिखा। चहुंओर से उमड़ता रामभक्तों का सैलाब और जय श्रीराम का उद्घघोष नव्य अयोध्या के प्रतिमान का प्रतीक बन गया।

सर्द मौसम और बारिश के आसार के बाद भी सुबह से ही आस्था के पग श्रीरामजन्मभूमि और हनुमानगढ़ी की ओर बढ़ने लगे। साढ़े दस बजे तक तो यह स्थिति थी कि टेढ़ी बाजार से लेकर नयाघाट तक श्रद्धालुओं का हुजूम ही रामपथ पर दिखा। विभिन्न प्रांतों के साथ अब अयोध्या धाम में आसपास के जिलों के लोग भी पहुंचने लगे हैं। श्रद्धालुओं का जितना रेला जन्मभूमि पथ पर तो उतना ही भक्तिपथ पर हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए। उल्लास का ऐसा दृश्य कि महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग तक थिरक - थिरक कर रामलला के दर्शन के लिए बढ़े चले आ रहे थे। हैदराबाद से दर्शन के लिए आए प्रेमादेवी का परिवार नंगे पांव दर्शन के लिए रामपथ पर आतुर दिखा। प्रेमादेवी ने बताया कि आज मंगलवार है। इसलिए यहां आएं हैं कि दोनों आराध्यों के दर्शन हो जाएं। बताया बेटियां कौशल्या, हेंमंती पहली बार यहां आईं हैं। तेलंगाना से दर्शन के लिए आए मनस माखे ने बताया कि 23 जनवरी को अकेले आए थे आज परिवार के साथ। रामलला के दर्शन का सुख शब्दों में नहीं बता सकते हैं। बिहार बोकारो से आए धनरेश महंत, जानेन्द्र कुमार ने बताया कि दर्शन के लिए बाद दो दिन रुककर अयोध्या घूमकर वापस जाएंगे। महाराष्ट्र से आए मानसे मंगल दल के सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा में दर्शन के लिए पहुंचे और श्रद्धालुओं में राम ही एक नाम पुस्तकें भेंट कीं।

श्रीराम जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर मंगलवार को उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला।

रामलला के दर्शन करने से पहले माथे पर जय श्रीराम रचाती महिला श्रद्धालु।

हैदराबाद से रामलला के दर्शन के लिए पहुंचा परिवार।

हनुमंत लला को शीश नवाने को श्रद्धालुओं की लगी रही लंबी कतार

हनुमानगढ़ी पर मंगलवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। सुबह सात बजे से दोपहर बाद तक डेढ़ किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। यहां दोहरी लाइन में लगे श्रद्धालु नंगे पांव दर्शन के लिए बिना डगे डटे रहे। पश्चिम बंगाल से आए वांग दल के सदस्यों ने भगवा रंग की टोपी पहन कतार में एक अलग संदेश दिया। वांग दल के समेष्ट मुखर्जी ने बताया कि 20 सदस्य कल ही आ गए थे और रामलला व हनुमान जी के दर्शन के बाद बुधवार को यहां से जाएंगे। तीन छोटे बच्चों के साथ पहुंचे छत्तीसगढ़ के यतोश कुमार ने बताया कि अयोध्या अब आनंद की नगरी है। यहां आकर सुखद अनुभूति होती है।

सुरक्षा कर्मियों की सहृदयता श्रद्धालुओं के लिए बनी सुखद

श्रीरामजन्मभूमि और हनुमानगढ़ी दोनों पर तैनात आरएएफ और सिविल पुलिस कर्मियों की सहृदयता श्रद्धालुओं के लिए सुखद बनी हुई है। दर्शन मार्ग पर मंगलवार को पीआरओ प्रोटोकॉल रामजन्मभूमि के वाहन ने एक बुजुर्ग दंपति को न केवल अपनी गाड़ी में बिठाया बल्कि सुविधा के साथ ले जाकर दर्शन भी कराए। आसपास मौजूद श्रद्धालुओं ने देखा तो अचरज में रह गए। बंगला से आई एक वृद्ध महिला के लिए एक पुलिस कर्मी श्रीराम अस्पताल तक व्हील चेयर लेकर पहुंचा। हनुमानगढ़ी पर कतारबद्ध श्रद्धालुओं से रैपिड एक्शन फोर्स के जवान लगातार मौसम को देखते हुए हाल चाल पूछते रहे।

हनुमानगढ़ी : भक्ति मार्ग पर श्रद्धालुओं की कतार।

प्रस्तुतियां दे कलाकारों ने निवेदित की श्रद्धा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : तुलसी उद्यान में रामोत्सव के तहत आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए देश-विदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुरादाबाद आए कलाकारों ने पंकज दर्पण अग्रवाल के निर्देश में लोक नाट्य शैली में धनुष भंग और परशुराम-लक्ष्मण संवाद पर प्रस्तुति दी। खेमराज और उनके दल ने जम्मू का प्रसिद्ध लोकनृत्य कुद प्रस्तुत कर लोगों भाव विभोर कर दिया। मध्य प्रदेश के मनीष पाल के दल ने पारंपरिक बरेदी नृत्य, लखनऊ की लोक गायिका सरला गुप्ता ने लोकनृत्य, महाराष्ट्र के गणेश और उनके साथियों ने कोली नृत्य, अनुरूप प्रीति सिंह ने कजरी पर लोकनृत्य प्रस्तुत किया। पश्चिम बंगाल से आए दल की रंजीता हलदार के दल ने अपनी प्रस्तुति दी। महाराष्ट्र के कलाकारो और प्रीति सिंह उत्तर प्रदेश का लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

तुलसी उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

रामोत्सव के मंच पर राष्ट्रप्रेम का रंगोत्सव

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या धाम में चल रहे रामोत्सव में सोमवार सांझ आयोजित कार्यक्रम में मुस्कान पुनर्वास केंद्र के मूक बधिर दिव्यांग बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम पेश किए। दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों ने भी अपनी एक अलग छाप छोड़ी। दिव्यांग बच्चों ने रामोत्सव के मंच पर भगवान श्री राम एवं देशभक्ति से संबंधित नृत्य व माईम प्रस्तुत कर अपनी खुशी का इजहार किया। संचालन कर रहे आकाशवाणी के आजाद सदक और रामायण धर द्विवेदी, आशुतोश एवं अभय ने बच्चों को सम्मानित किया। प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी शिक्षक उषा मिश्रा, निशा निषाद एवं पूजा के साथ ही मुस्कान पुनर्वास केंद्र की निदेशक डॉ रानी अवस्थी भी उपस्थित रहीं।

व्यक्तित्व विकास के लिए वर्ष भर होंगी गतिविधियां

अयोध्या कार्यालय

▸▸ शुरू हुआ विद्यार्थी परिषद का परिसर चलो अभियान

अमृत विचार : संवाद के साथ विभिन्न प्रकल्प और गतिविधियों के आयोजन से शैक्षिक परिसर में सकारात्मक माहौल के विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण के लिए विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को परिसर की ओर चलो अभियान शुरू किया। अभियान का श्रीगणेश मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ में महानगर इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री व मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र बाजपेई ने कहा कि परिसर चलो अभियान के तहत इंटर व उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षभर जन आंदोलन चलाया जाएगा। पहले चरण में छात्रों से संवाद, छात्र संसद, प्रेरक उद्बोधन, प्रतियोगिताओं के आयोजन से परिसर के प्रति रुचि बढ़ाने एवं परिसरों में छात्रसंघ, प्रयोगिक कक्षा,कला, खेल,सेवा व पर्यावरण प्रकल्प की शुरु सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास होगा। द्वितीय चरण में शिक्षा क्षेत्र के जुड़े हितधारकों के माध्यम से रोजगार सृजन केंद्र, कैंटीन, खेल प्रागंण, छात्र कल्याण केंद्र और अन्य पव्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने की योजना है।

मुख्य अतिथि संत शरण मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए परिसर एक व्यापक माध्यम है। जहां वह व्यक्तित्व निर्माण संबंधी सभी आयामों को भली बात सीखता-समझता है। महानगर मंत्री सत्यम ने कहा कि परिसर चलो अभियान विद्यार्थी और शिक्षकों के मध्य दूरी को कम कर उद्देश्य को सफलीभूत करेगा।

आभार ज्ञापन के साथ महानगर अध्यक्ष डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि संगठन मंत्री अंकित भारतीय,उपाध्यक्ष लोकेंद्र उमराव,याशनी दीक्षित, शेषमणि, अवधेश, अश्विनी, नवनीत, आकाश आशुतोष, दुर्गेश, ऋषभ, आलोक, नवीन, पणनिता राय, शिखर आदि मौजूद रहे। संचालन शिवनाथ तिवारी ने किया।

सार-संक्षेप

81 लाख रुपये हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : तीन वर्ष पूर्व फर्जीवाड़ा कर रामपुर हलवारा स्थित 16 बीघा जमीन 81 लाख रुपये में बेचने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की रिपोर्ट एंटी फ्रॉड सेल के निर्देश पर दो मई 2023 को दर्ज कराई गई थी। जिले के रुदौली कोतवाली क्षेत्र स्थित कस्बा पुरानी कोठी निवासी कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अयोध्या कोतवाली के माझा उपहार निवासी राम सिंह और उनके पिता एकादशी, बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पातूपर बलीपुर निवासी बृजेश कुमार व राम अनुज वर्मा और अयोध्या कोतवाली के ही रामघाट खाले का पुरवा निवासी अनिल कुमार दास व एक अन्य ने धोखाधड़ी और कूट रचना कर 16 बीघा जमीन 81 लख रुपये में उनको व उनके बहन बहनोई को बैनामा कर दी। जबकि बृजेश ने जमीन के फर्जी कागज प्रस्तुत किए थे। इतना ही नहीं मामला उजागर होने के बाद रकम वापसी के लिए उनको चार चेक दिए गए जो बैंक में लगाने पर डिशओनर हो गए। सौदा तीन मार्च 2021 को हुआ था। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि दर्ज मामले की विवेचना में जुटी पुलिस ने एकादशी निवासी तिहुरा उपरहार कोतवाली अयोध्या को तिहुरा माझा मुर्गी फार्म के पास से गिरफ्तार किया है। विवेचक ने मामले में साजिश की धारा बढाई थी और पूर्व में भी एक आरोपी का चालान किया जा चुका है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया है।

छात्रों ने दी कैंसर से बचाव की जानकारी

कैंसर के प्रति जागरूक करते छात्र। अमृत विचार

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : विश्व जागरूकता दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन मंगलवार को बाबू राम चन्द्र सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग फार्मेसी कॉलेज में किया गया। कॉलेज में जीएनएम व बीफार्मा,डीफार्मा के छात्र -छात्राओं को कैंसर से बचाव की जानकारी दी गई। छात्र, छात्राओं ने रैली भी निकाली। नुक्कड़ नाटक में धूम्रपान, सिगरेट, तंबाकू, व शराब का सेवन समाज में फैलने की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख शिल्पी सिंह, डॉ. संजय सिंह, प्रधानाचार्य सिमी वर्गीस आदि मौजूद रहे।

राकेश सूबेदार से बने लेफ्टिनेंट



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : भारतीय थल सेना में तैनात जिले के सहादतगंज निवासी राकेश कुमार सिंह की सूबेदार से लेफ्टिनेंट पद पर प्रोन्नति से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने लेफ्टिनेंट बनकर जिले का गौरव बढ़ाया है। अब तक राजौरी, श्रीनगर, पुंछ, बारामुला, उधमपुर, जम्मू सहित कठुआ में तैनात रह कर देश की सेवा करते हुए राकेश वर्तमान में सिखलाई रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात हैं। लेफ्टिनेंट सिंह की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अवधेश बहादुर सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, हरीश सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

जन्म व मृत्यु के चक्र से मुक्त करता भगवन का जाप : ऋषि

रामकथा कहते कथा व्यास।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : संस्कृति विभाग की ओर से श्रीराम कथा पार्क में चल रहे रामोत्सव के अवसर पर मंगलवार को दोपहर श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पधारे कथा व्यास श्री ऋषि राज त्रिपाठी महाराज ने कहा कि संत तुलिदास ने कहा है, "कलयुग केवल नाम अधारा, सिमर-सिमर नर उतरहिं पारा" अर्थात कलियुग में केवल भगवान के नाम का जाप ही मनुष्य को संसार के गहरे समुद्र से पार लगाने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि भगवान के दिव्य नाम का जाप जन्म और मृत्यु के इस चक्र से आनंद, शांति और मुक्ति देगा। कथा व्यास ने राम कथा का श्रवण कराते हुए कहा कि अयोध्या धाम में चहुंओर राम नाम की गूंज हैं। इस मौके पर पर सांस्कृतिक विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक और सहयोग में अयोध्या से वैभव मिश्रा रहे।

उपकरण चिह्नांकन शिविर का होगा आयोजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मंगलवार को बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जनपद में वरिष्ठजनों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु) के लिए नित्य जीवन सहायक उपकरण एवं एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों हेतु सहायक उपकरण परीक्षण शिविर प्रस्तावित है। यह शिविर इसी माह अलग-अलग तिथियों में आयोजित जाएंगे। यह शिविर विकासखण्ड परिसर रुदौली 12 फरवरी , अमानीगंज 13, सोहावल 15, तारुन 16, मसौधा 17, पूराबाजार 19 व नगर निगम कार्यालय परिसर में दिनांक 20 फरवरी 2024 को 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

अब जिला अस्पताल को ध्वनि प्रदूषण मुक्त करने की कवायद

अयोध्या कार्यालय

▸▸ ओपीडी के पास से वाहनों को खड़ा करने पर लगाया प्रतिबंध

अमृत विचार : जिला अस्पताल में पान-मसाला खाने वालों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के बाद अब परिसर को ध्वनि प्रदूषण मुक्त करने की कवायद शुरू की गई है। इसके तहत ओपीडी के निकट किसी भी तरह के वाहन को खड़ा करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

ऐसे में कोई बाइक भूले-भटके पहुंच भी जाती है तो सुरक्षा कर्मचारी उसे किनारे करवा देते हैं। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि सभी अस्पतालों में ऐसा नियम है। यहां भी था, लेकिन अमल में नहीं लाया जा रहा था। अब इस पर काम शुरू हो गया है। गार्डों को यह भी निर्देश दिए हैं कि परिसर में कोई भी पान-मसाला खाता दिखे तो उस पर तत्काल प्रभाव से फाइन लगाया जाए। प्रवेश द्वार से ही ऐसे लोगों को मुंह धुलकर अंदर आने दिया जाए।

दलालों पर ऐसे होगी कार्रवाई

जिला अस्पताल में कई बार मरीज दलालों का शिकार हो जाते हैं। इस वजह से उन्हें जान तक गंवानी पड़ती है। ऐसे मामलों को देखते हुए सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि अस्पताल परिसर को दलालों से मुक्त करने का भी कार्य शुरू कर दिया गया है। अस्पताल के सभी गार्डों को निर्देश दिए हैं कि जो लोग रोजाना अस्पताल में दिखाई दें। मरीजों के साथ घुलता-मिलता दिखें। उसे तुरंत अस्पताल के बाहर का रास्ता दिखाया जाए।

बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद शुरू

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : गर्मी के शुरुआत होने से पहले ही पॉवर कॉर्पोरेशन ने दुरुस्तीकरण अभियान शुरू कर दिया है। इसी के चलते फरवरी माह को अनुरक्षण माह के रूप में घोषित किया गया है। अनुरक्षण माह के तहत जनपद के गांव से लेकर नगरीय एरिया के सभी ट्रांसफार्मरों, पोल, तार, स्वीचयार्ड, कंट्रोल रूम पॉवर ट्रांसफार्मर आदि के एक-एक पॉइंट को चेक किया जाएगा। यदि कहीं कोई गड़बड़ी मिले तो उसे तत्काल सही किया जाएगा। जनपद में 250 केवीए के 447, 400 केवीए के 318, 160 केवीए के 30, 630 केवीए के 65, 1000 केवीए को मिलाकर लगभग 865 ट्रांसफार्मर हैं। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारी और कर्मचारी इनके मरम्मत कार्य में जुट गए हैं। इसके अलावा 33/11 केवी के पॉवर हाउस के सभी उपकेंद्रों के बारीकी से निरीक्षण करने के लिए उप खंड अधिकारी और अवर अभियंताओं को लगाया गया है। शासन से आए आदेश में भी ढीले तारों को कसने के साथ ही खंभों को भी सही करने के लिए कहा गया है। अधिशासी अभियंता प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा की ओर से अवर अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं।

एक साल के बच्चे ने निगल ली खिलौने की चाबी, शौच के रास्ते निकली

अयोध्या कार्यालय

आनव

अमृत विचार : एक साल के बच्चे ने खेल-खेल में खिलौने की चाबी निगल ली। गले में चाबी फंसते ही चीखते-चिल्लाते बच्चे को देखकर हर कोई सहम गया। धीरे-धीरे चाबी गले से उतरकर पेट में चली गई। तीन दिन तक चाबी बच्चे के पेट में ही रही। चिकित्सकों की दवाओं और सलाह के असर के बाद चाबी शौच के रास्ते निकल गई।

कोटसराय निवासी बिजली कर्मी वैभव सिंह का एक वर्षीय बेटा आनव गुरुवार को घर में खेल रहा था। इस दौरान वह अपने खिलौने की चाबी मुंह में डाल ली। उसके रोने की आवाज सुन मां ने उसे गोद में उठा लिया और गले के पास चाबी फंसी देख निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद वैभव व अन्य परिजनों को फोन कर बुलाया गया। शाम चार बजे आनव का एक्स-रे कराया गया तो पता चला कि चाबी पेट में चली गई है। आनन-फानन परिवारीजन बच्चे को लेकर लखनऊ के एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बच्चे का एक्स-रे देखा और कुछ दवाएं लिख दी। शौच के रास्ते सोमवार देर शाम चाबी निकलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका नाती आनव पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

अकादमिक रूप से दक्ष होंगे शिक्षक व विद्यार्थी

अयोध्या कार्यालय

एमओयू के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारी।

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व कवि कुलगुरू कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के मध्य मंगलवार को अनुबंध हुआ। अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र व कवि कुलगुरू विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार पाण्डेय के बीच महाराष्ट्र में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अंजनी ने बताया कि इस एमओयू से दोनों संस्थानों के विद्यार्थी व शिक्षक संयुक्त रूप से अकादमिक दक्ष होंगे। इसके अतिरिक्त वे अधिगम शिक्षण के साथ व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित होंगे। कुलसचिव ने बताया कि संस्थानों के मध्य तीन वर्ष के लिए एमओयू किया गया है। जिनमें अकादमिक सूचनाओं के साथ शोध विषयों के आदान-प्रदान पर सहमति बनी है। इसमें शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमिनार व अन्य अधिगम कार्यक्रमों से सीखने का अवसर मिलेगा।

कवि कुलगुरू कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. कृष्ण कुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनों संस्थानों की आपसी सहमति से अनुबंध-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए है। इससे अकादमिक व प्रायोगिक कार्यों के साथ विशेषज्ञों की सहायता से शोधपरक कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस एमओयू पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के प्रो. रमाकांत पाण्डेय, प्रयागराज परिसर के प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी, प्रो. प्रसाद गोखले, प्रो. मधुसुधन पेन्ना, प्रो. कविता होले, प्रो. हरे कृष्ण अगस्ती, आदि मौजूद रहे।

परिचर्चा

रामोत्सव में गांधी के राम विषयक चर्चा पर डॉ. अरुण बोले -

गांधी आत्मचेता थे, राम को सम्यकता से देखा

अयोध्या कार्यालय

रामकथा पार्क में आयोजित परिचर्चा में बोलते लेखक डॉ. अरुण प्रकाश। अमृत विचार

अमृत विचार : महात्मा गांधी आत्मचेता थे। वह अनुभूति के उसी शिखर पर खड़े थे, जहां परंपरा में मुनि खड़े हैं। उन्होंने राम को सम्यकता से देखा और रामत्व को संपूर्णता में जीया। यह बात दार्शनिक- लेखक डॉ. अरुण प्रकाश ने कहीं। वह मंगलवार को रामकथा पार्क में चल रहे रामोत्सव के दौरान आयोजित 'गांधी के राम' विषयक परिचर्चा में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि गांधी के राम तुलसी की भावना से भिन्न नहीं हैं, न ही लोकचेतना से उनका कोई भेद है। महात्मा गांधी ने आजीवन राम नाम का अवलंब जीया और इस पक्ष पर मुखर भी रहे। गांधी के रामत्व की सिद्धि उनके स्वराज दर्शन में सर्वोच्चता पाती है। परिचर्चा में वार्ताकार नाटककार अमित राजपूत रहे। परिचर्चा का आयोजन रामोत्सव श्रृंखला के तहत किया गया था।

कवि भूपेंद्र सिंह ने दी काव्य प्रस्तुति

रामकथा पार्क में चल रहे रामोत्सव में मंगलवार को विविध कार्यक्रम हुए। परिचर्चा के बाद विशेष काव्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भीलवाड़ा से आए कवि भूपेंद्र सिंह ने विशेष काव्य प्रस्तुति के अंर्तगत कुंभकर्ण विभीषण संवाद को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने रामायण को विभिन्न दृष्टिकोण से रेखांकित किया। ओम प्रकाश सिंह,अभय निर्भीक, रामायण धर द्विवेदी, दयानिधान पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

दो सफाई कर्मी निलंबित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ग्राम पंचायत मसेना मिर्जापुर व ग्राम पंचायत रामनगर महुवर विकास खंड रामनगर में निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गों की साफ-सफाई कई दिनों से नहीं हुई है। मुख्य मार्ग पर गंदगी का अंबार लगा पाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबंधित सफाई कर्मियों के निलंबन की कार्यवाही की गई है। ग्राम पंचायत राजस्व ग्राम मसेना मिर्जापुर विकास खंड रामनगर में तैनात सफाईकर्मी श्यामजी मौर्य पुत्र रामसुमेर व राजेंद्र प्रसाद पुत्र फूलचंद्र द्वारा अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निवर्हन नहीं किया गया है, जिसके लिए वह दोषी है। जिसके क्रम में इन्हें निलम्बित किया गया है।

दो अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना महरूआ पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमों में वांछित अभियुक्त भोलानाथ पुत्र टिसूरी, सुमित्रा पत्नी जगदीश निवासी ग्राम बरामदपुर लोहरा थाना महरुआ को मुखविर की सूचना पर महरुआ कस्बे से आगे अकबरपुर रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अभय कुमार मौर्या, कांस्टेबल सुरेश पाल सिंह, कांस्टेबल रोहित गंगवार, महिला कांस्टेबल साधना शुक्ला शामिल रहीं।

अभियुक्त दबोचा गया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को थाना जैतपुर पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर दर्ज विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त सुनील गौड़ पुत्र हबलदार गौड़ निवासी अहिरौली थाना कटका को अचलनगर चैराहा से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार, कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

साथ रहने को जोड़ा राजी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में मंगलवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी पूनम शर्मा के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाया गया। जिसके बाद दोनो साथ रहने के लिए राजी हो गए।

निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

बसखारी, अंबेडकरनगर। सेवा, सुरक्षा, संघर्ष और समर्थवान धर्म एवं समाज निर्माण के लिए संकल्पित विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आगामी 7 फरवरी को निशुल्क आखों की जांच व ऑपरेशन के कैम्प का आयोजन श्याम बाबू के संयोजन में टांडा में आयोजित है। जिसमे जांच के पश्चात मरीजों को बस से अयोध्या ले जाने और ऑपरेशन कर टांडा वापस लाने की व्यवस्था सुनिश्चित है। यह सारी व्यवस्थाएं बिल्कुल निरूशुल्क होगी। ऑपरेशन वाले मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड रखना अनिवार्य है।

सीएचसी में जलभराव और साफ-सफाई व्यवस्था पर बिफरे डीएम

डीएम ने सीएचसी आलापुर और पीएचसी रामनगर का किया औचक निरीक्षण

आलापुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील आलापुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलापुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलापुर में एक्स-रे रूम, मेडिसिन कक्ष, ओपीडी कक्ष, ओपीडी रजिस्टर, डिलीवरी कक्ष का जायजा लिया। मौके पर 36 ओपीडी मरीज का रजिस्ट्रेशन हुआ था और पांच मरीज का एक्सरे हुआ था। निरीक्षण के दौरान साफ -सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पाएगी।

डीएम ने अव्यवस्थाओं पर जिम्मेदारों से जवाब तलब कर व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम को देखते ही अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी जो जिस स्थिति में था वह व्यवस्थाएं सहेजने में जुट गया। सीएचसी आलापुर परिसर में जलजमाव और सफाई व्यवस्था को लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधीक्षक डॉ. आशीष राय को सभी व्यवस्थाओं को ठीक करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में खराब पड़ी एंबुलेंस को तुरंत हटवाने और चिकित्सकों और अन्य सुविधाओं के लिए अलग-अलग काउंटर बनाने का निर्देश दिया। डीएम ने हर जरूरी दवाओं की उपलब्धता की जानकारी करते हुए मरीजों को दवाएं अस्पताल पर ही मिल सकें यह सुनिश्चित करने को कहा। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य रामनगर में डिलीवरी कक्ष, लेबर कक्ष, मेडिसिन कक्ष, ओपीडी, लैब कक्ष, स्टोर रूम का जायजा लिया। मौके पर 77 ओपीडी मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया पाया गया और 23 मरीजों की जांच की गई थी। डीएम ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं से दवा की जानकारी हासिल किया। गर्भवती महिलाओं ने सकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि हम लोग को दवा निःशुल्क मिलती है।

सीएचसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

महिला से दवाओं के बारे में जानकारी लेते डीएम अविनाश सिंह।

मरीजों से करें अच्छा व्यवहार

जिलाधिकारी ने स्टोर रूम को हटाकर किसी दूसरे जगह करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ती के बारे में जानकारी लिया और एमओआईसी को निर्देशित किया गया कि आशा बहुओं को मोटिवेट करते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड अधिक से अधिक बनवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं और जो भी मरीज चिकित्सालय में आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए और उन्हें निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराएं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा ऋण वादों का हो निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक करते विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आशीष वर्मा व अपर जिला जज कमलेश कुमार मौर्य।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश राम सुलीन सिंह के निर्देश पर आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए मंगलवार को जनपद न्यायालय के एडीआर भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत आशीष वर्मा की अध्यक्षता में और अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य की उपस्थिति में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में बैंकों के प्री-लिटिगेशन ऋण वादों को नियत कर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करवाने के लिए प्रमुख बैंकों और भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा विमल कुमार गुप्ता व अन्य बैंकों के अधिकारी और भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहे। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत आशीष वर्मा ने बैठक में उपस्थित बैंक और भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक ऋण वादों को निस्तारित कराने का प्रयास करें।

एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित सीओ, थाना प्रभारी व चैकी प्रभारी को त्वरित जांच कर आवेदक की शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान आने वाले फरियादियों के साथ शिष्ट और विनम्र व्यवहार किया जाए और प्रत्येक आवेदक की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनाकर उसका गुण दोष के आधार पर सकारात्मक कार्यवाही की जाए।

परेड का निरीक्षण करते एएसपी विशाल पांडेय। अमृत विचार

एएसपी ने ली परेड की सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया गया। उन्होंने ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए निर्देशित किया। समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शस्त्रों को खोलने और जोड़ने का अभ्यास कराते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस ने पुलिस लाइन में बैरक, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, मेस आदि का निरीक्षण कर साफ -सफाई के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने के लिए संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

भुगतान को लेकर आशा बहुओं ने किया प्रदर्शन

अगर जल्द आशाओं का भुगतान नहीं हुआ तो 15 फरवरी से करेंगी कार्य बहिष्कार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। विभिन्न समस्याओं और कई माह से भुगतान नहीं होने पर ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग की गई, अन्यथा कार्य बहिष्कार की धमकी भी दी गई है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा तिवारी के नेतृत्व में भियांव ब्लॉक के आशा व संगिनियों ने नगर स्थित महिला अस्पताल पर बैठक कर धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी की आशा व आशा संगिनी को नवंबर, दिसंबर और जनवरी का राज्य बजट नहीं दिया गया है। हेल्थ वेलनेस का अगस्त से अभी तक भुगतान नहीं हुआ है, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का फॉर्म जो आशा द्वारा भरा जाता है उसका पासवर्ड ब्लॉक भियांव से अभी तक आशा को उपलब्ध नहीं कराया गया है, 2022 का फाइलेरिया का आशाओं का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, लखनऊ एनएचएम से नवंबर, दिसंबर, जनवरी का मासिक बजट आया है लेकिन अभी तक आशा एवं आशा संगिनी का भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत कार्ड और आधार कार्ड आदि बिंदुओं पर चर्चा किया गया। सरकार द्वारा आशाओं को बजट में आयुष्मान भारत कार्ड देने की घोषणा की गई जो सिर्फ छलावा है। आशा बहुओं ने कहा कि यदि भियांव ब्लॉक में आशाओं का भुगतान अभिलंब नहीं किया गया तो आगामी 15 फरवरी से वह कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगी। इस मौके पर भियांव ब्लॉक अध्यक्ष कविता सिंह, नेहा शुक्ला, आरती सिंह, सरिता, सुमन चैबे, प्रेमशिला, आरती यादव, शैल कुमारी, संगीता समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

नगर स्थित महिला अस्पताल पर प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

पूर्वोत्तर रेलवे
इच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए नोटिस
वाराणसी मंडल कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे और रेलवे द्वारा तय किए गए अन्य इकाइयों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए हायरिंग (Hiring) के आधार पर अटेडेंट उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक मैनपावर आउटसोर्सिंग प्रतिष्ठानों से सीलबंद आवेदनों के माध्यम से "इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)" आमंत्रित किया जाता है। रेलवे, आईआरईपीएस (IREPS) पर प्रकाशित सीमित निविदा (Limited Tender) के विरूद्ध, शॉर्टलिस्टेड एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित करके मैनपावर आउटसोर्सिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध करना चाहता है। इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in पर वाराणसी मंडल कार्यालय के भंडार विभाग के वेबपेज पर मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इच्छुक सेवा प्रदाताओं द्वारा "इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)", "भंडार विभाग, कार्यालयः मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी, पूर्वोत्तर रेलवे, लहरतारा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221002 [संपर्क सूत्र- श्री जयबीर सिंह, मुडिसाअधी/भंडार मोबाइल-9794843772/श्री ए.के. जायसवाल, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, वाराणसी, मोबाइल-9794843770]' के कार्यालय में दिनांक 04.03.2024, 16:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे (एक) में निर्धारित प्रारूप (प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षरित) में पहुंचना अनिवार्य है।
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
मुजाधि/एस-130 वाराणसी
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

कार्यकर्ताओं पर है लोस चुनाव की है जिम्मेदारी

गांव चलो अभियान के तहत मंडलों में होने वाली बैठकों में भाजपा के प्रदेश और क्षेत्र के पदाधिकारी होंगे शामिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जनपद के भाजपा जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्ष, प्रभारी और प्रवासी की काम काजी बैठक मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कामकाजी बैठक में कहा कि जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं पर लोकसभा चुनाव की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव तक व्यक्तिगत कार्यों से अधिक महत्व संगठन के कार्यों को देने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि 2032 तक भाजपा की सरकार को कोई हिला नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि मंडलों में होने वाली बड़ी बैठकों में प्रदेश और क्षेत्र के बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे।

बैठक में नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष शिव पूजन राजभर, तेजस्वी जायसवाल, अमित गिरि, शुभम पाण्डेय, देवेश मिश्र, रवींद्र भारती, शशि द्विवेदी, लालजी यादव, अरविंद सिंह डिंपू को माला और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी को बड़ी और व्यवस्थित बैठक सकुशल संपन्न कराने के लिए उन्हें बधाई दी। सभी 23 मंडलों के बड़ी बैठकों की तिथि 20 और 21 फरवरी को प्रत्येक बूथ से पांच लोगों को राम मंदिर दर्शन कराने सहित अन्य अभियानों पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, रमेश चंद्र गुप्ता, सुमन पाण्डेय, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डॉ. रजनीश सिंह, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, अमरेंद्र कांत सिंह, दिलीप पटेल देव, जिला मंत्री दीपक तिवारी आदि शामिल रहें।

भाजपा जिला पदाधिकारियों व मण्डल अध्यक्षों की बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

रोजगार मेला विकास खंड परिसर टांडा में रोजगार मेले का आयोजन, बीडीओ ने चयनित अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

143 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 113 चयनित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के विकास खंड परिसर टांडा में कौशल विकाश मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 143 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

मेले में मुख्य अथिति संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी टांडा अनिल राय रहे। मेले में सीएमफेलो विकास खंड टांडा आकांक्षा सिंह और जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन एस सिद्दीकी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस सिद्दीकी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। विकास खंड परिसर टांडा में आयोजित रोजगार मेले में 143 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। समन्वयक ने सभी से अनुरोध किया कि जनपद में इसी प्रकार से हर एक विकास खंडों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में जो प्रशिक्षित लाभार्थी है वो अधिक से अधिक प्रतिभाग करें। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके उपरान्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

नियुक्ति पत्र देते संयुक्त खंड विकास अधिकारी अनिल राय।

स्वावलम्बी बनाना है योजना का उद्देश्य

जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पुरुषों के लिए 15 से 35 आयु वर्ग और महिलाओं के लिए 15 से 45 आयु वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन परिवार के युवाओं को निशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना और आर्थिक दृष्टि से स्वालम्बी बनाकर कुशल श्रमशक्ति में सम्मिलित करना है। प्रदेश सरकार द्वारा भी शिक्षित बेरोजगार युवकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराना है।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• निःशुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

एक नजर

चोरी गई पानी की मोटर के साथ आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार, गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान चोरी व नकबजनी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के क्रम में रविवार को एक चोरी का पानी मोटर के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंडाही गांव के मजरे गड़रियन पुरवा निवासी निवासी विश्वनाथ पाल ने शनिवार को पानी मोटर चोरी का केस दर्ज कराया था। उसी क्रम में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व कांस्टेबल पंकज सिंह ने रविवार को अफरोज उर्फ ननके निवासी रंकी पुरवा गंडाही को चोरी की पानी मोटर के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया।

रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार लोग नामजद

मनकापुर, गोंडा : पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों की तरफ से महिला समेत 4 लोगों पर पुलिस ने मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम महुआडीह की रहने वाली नीतू ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि गांव के ही मोनू से उसकी पुरानी रंजिश रहती है जिसके चलते बीते सोमवार दोपहर को विपक्षी मोनू अपनी पत्नी क्रांति देवी के साथ गाली गुप्ता देते हुए घर पर लाठी डंडा लेकर चढ़ गए गाली देने से मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर जब लोग इकट्ठा होने लगे तब जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों चले गए। दूसरे पक्ष से मोनू ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि गांव के विपक्षी भीम व अर्जुन से उनकी पुरानी रंजिश है जिसके चलते दोनों विपक्षियों ने लाठी डंडे से उन्हें व उनकी पत्नी को मारा पीटा है और जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों पर मामला दर्ज किया है।

राम मंदिर की सीढ़ी से भाजपा चुनाव को चढ़ाएगी परवान

सुशासन की माला से अभिभूत लाखों रामभक्त करेंगे वैतरणी पार

अरुण कुमार मिश्र

कटरा शिवदयाल गंज स्टेशन पर बिहार से आए भक्तों का स्वागत करते लोग।

अमृत विचार: जाति, धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर अयोध्या में राम लला के दर्शन को उत्साहित देशभर के लाखों लोगों की आस्था यहां पहुंच कर हिलोरें मारने लगी हैं। चुनावी रणभेरी बजने को है और अब राम के सहारे वैतरणी पार करने की अलख भी जग चुकी है। मंगलवार की सुबह बिहार से करीब एक हजार श्रद्धालुओं को लेकर गोंडा के कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर जैसे ही आस्था स्पेशल ट्रेन पहुंची यहां सैकड़ों लोगों ने फूल माला व ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। स्वागत व सुशासन की माला से अभिभूत श्रद्धालुओं ने राम नाम के जयकारे लगाए।

बीते 22 जनवरी को राम लला अपने बाल स्वरूप में विराज हो गए और उनके विराजमान होते ही पूरे देश में आस्था की बयार बह चली। चुनावी हवा में बह रहे सारे राजनीतिक मुद्दे गौड़ हो गए। इसके बाद रामभक्तों का रेला उमड़ पड़ा। कोई पैदल, तो कोई अपने निजी साधन से अयोध्या की ओर चल पड़ा। लेकिन भाजपा ने इस आस्था को अपना हथियार बना लिया और लोगों के लिए सरकार ने आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान कर दिया। बिहार, पश्चिम बंगाल, असम सहित दक्षिण भारत के राज्यों से हजारों लोगों को अयोध्या में दर्शन कराने की पहल शुरू कर दी। बिहार से मंगलवार को पहली आस्था ट्रेन गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, नवाबगंज होते हुए अयोध्या के गेटवे कटरा शिवदयाल गंज पर जैसे ही ट्रेन रुकी, ट्रेन पर सवार राम भक्तों ने राम नाम के जयकारे लगाए। वे उस समय और अभिभूत दिखे जब स्टेशन पर सैकड़ों लोगों ने ढोल नगाड़े व फूल माला के साथ उनका स्वागत किया। इतना ही नहीं लगाए गए स्टाल पर उनके जलपान की व्यवस्था की गई और उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक बसों से उन्हें अयोध्या राम मंदिर में रामलला के दर्शन को भेज दिया गया। मोतिहारी जिले के लोकसभा क्षेत्र चम्पारण निवासी राजेश्वर ठाकुर, छट्टू, होरिल प्रसाद, श्यामा कांत गिरि, विजय कुमार, रक्षिया प्रसाद, विधाराज गिरि, चन्द्रिका प्रसाद पासवान ने बताया कि हमारे पूर्वज वर्षों तक प्रभु श्रीराम का दर्शन करने का इंतजार करते रहे। आज पूर्वजों की 500 वर्षों की तपस्या पूरी हुई। हम सौभाग्यशाली हैं जो आज हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन का अवसर मिला है। इस सपने को हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा किया है। डबल इंजन सरकार की इस माला ने लोगों को अपना बना लिया।

आज बर्धमान और असम से आएंगी दो आस्था ट्रेनें

बिहार से निकली आस्था स्पेशल अब यहीं नहीं रुकने वाली है। राम के दर्शन कराने के लिए यह ट्रेन चुनावी रथ बनकर लोगों को रिझाने लगी है। दो दिनों तक दर्शन करने के बाद यह ट्रेन पुनः राम भक्तों को वापस लेकर जाएगी। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि कितनी आस्था ट्रेन किस राज्य से आएगी यह वे लोग नहीं बता सकते। लेकिन बुधवार को पश्चिम बंगाल व असम से दो ट्रेनें आएंगी। जिसमें 1100-1100 राम भक्तों का जत्था शामिल होगा। यह प्रक्रिया चलती रहेगी। माना जा रहा है कि चुनाव होने से पहले देश के विभिन्न कोनों से लाखों भक्तों को राम के दर्शन कराने की योजना है।

भक्तों को लेकर कटरा पहुंची आस्था स्पेशल ट्रेन

कटरा शिवदयाल गंज स्टेशन पर बिहार से आए भक्तों का किया गया स्वागत।

ढोल-नगाड़ा बजाकर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

नवाबगंज, गोंडा: पूर्वोत्तर रेलवे की पहली आस्था स्पेशल ट्रेन बिहार से 11 सौ भक्तों को लेकर मंगलवार की सुबह कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पहुंची। यात्रियों पर पुष्प वर्षा की गयी और पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने उनका स्वागत किया। जैसे ही यात्री कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर उतरे गेटवे ऑफ अयोध्या जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। रेलवे की तरफ से यात्रियों को निशुल्क दर्शन कराने के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रारंभ किया गया है। पहली आस्था स्पेशल ट्रेन बिहार के मुंगेर रेलवे स्टेशन से 1100 राम भक्तों को लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुई थी। यह ट्रेन मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यात्रियों के पहुंचते ही गेटवे ऑफ अयोध्या का इलाका जय श्री राम के जयकारों से गुंजित हो उठा। ढोल नगाड़ों के बीच स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार ने रेल अफसरों की टीम के साथ यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम रहा। उनके चाय नाश्ते से लेकर अयोध्या तक पहुंचाने तक की व्यवस्था अफसरों ने कर रखी थी। यात्रियों को अयोध्या पहुंचाने के लिए स्टेशन के बाहर तीन दर्जन इलेक्ट्रिक बसें लगायी गयी थीं। इन्हीं बसों से यात्रियों को अयोध्या के लिए रवाना किया गया।

दो दिन अयोध्या में रहेंगे यात्री, खड़ी रहेगी आस्था ट्रेन

गोंडा कार्यालय: आस्था स्पेशल ट्रेन से आने वाले रामभक्त दो दिन तक अयोध्या में रहेंगे और श्री राम लला समेत अन्य मंदिरों का भ्रमण कर दर्शन पूजन करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में यहां पहुंचे रामभक्त कई स्थानों पर प्रभु श्रीराम का विधिपूर्वक दर्शन-पूजन करेंगे। सुबह से ही भक्तों का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए थे। बताया गया कि ट्रेन कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पर दो दिन तक खड़ी रहेगी। बुधवार की शाम 6.20 बजे यह ट्रेन यात्रियों को लेकर वापस मुंगेर लौटेगी।

एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम

मौजीराम यादव, नवाबगंज

प्रसन्न मुद्रा में रामभक्त। अमृत विचार

अमृत विचार: आस्था स्पेशल ट्रेन से बिहार से अयोध्या पहुंचे राम भक्तों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। ट्रेन सुबह नौ बजे 11 सौ यात्रियों को लेकर कटरा शिवदयाल गंज रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां रेल अफसरों ने यात्रियों का स्वागत किया और उन्हे इलेक्ट्रिक बसों से अयोध्या राम दर्शन के लिए भेजा गया। राम भक्तों का जत्था जब अयोध्या पहुंचा तो राम नाम के जयकारों से राम नगरी गुंजायमान हो उठी। अयोध्या के बदले स्वरूप को देखकर राम भक्तों ने जयकारा लगाते हुए भाव विभोर हो गए। श्रद्धालुओं की जुबां से बस एक ही वाक्य निकल रहा था। उन्होंने कहा "एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जय श्री राम। मोतिहारी जिले के लोकसभा क्षेत्र चम्पारण निवासी राजेश्वर ठाकुर, छट्टू, होरिल प्रसाद, श्यामा कांत गिरि, विजय कुमार, रक्षिया प्रसाद, विधाराज गिरि, चन्द्रिका प्रसाद पासवान ने बताया कि हमारे पूर्वज वर्षों तक प्रभु श्रीराम का दर्शन करने का इंतजार करते रहे। आज पूर्वजों की 500 वर्षों की तपस्या पूरी हुई। हम भाग्यशाली हैं जो आज हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन का अवसर मिला है। इस सपने को हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा किया है। कटरा रेलवे स्टेशन पर हुए स्वागत से अभिभूत श्रद्धालुओं ने पीएम मोदी व सीएम योगी की जमकर तारीफ की तथा उनका आभार जताया।

चकबंदी के लंबित वाद हों निस्तारित

गोंडा कार्यालय

चकबंदी वादों की समीक्षा करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार: मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी विभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए हैं कि चकबंदी विभाग में लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देकर जल्द से जल्द लंबित वादों की सुनवाई करते हुए समयबद्ध रूप से नियमानुसार निस्तारित किया जाय। साथ ही बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित वादों की सुनवाई समय सीमा के अंदर नियमानुसार किया जाय। ताकि किसी भी क्षेत्र के लंबित वाद ना रहे। बैठक में पुराने लंबित वादों को समय से सुनवाई करते हुए अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करें। इसके साथ ही समीक्षा बैठक में डीएम ने ग्राम अदालतों की समय से सूचना देकर ग्राम अदालत को आयोजित किया जाए साथ ही प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सुनवाई करके समय से कर दिया जाय। बैठक में न्यायालयवार फाइलों के दाखिल दफ्तर पर विशेष ध्यान देकर फाइलों को सुरक्षित करायें। बैठक में विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की गई, समीक्षा में लंबित कार्यवाही को जांच करते हुए समय से निस्तारित किया जाय। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, देवेंद्र सिंह, समस्त सीओ चकबंदी, एसीओ चकबंदी एवं राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

बीईओ के निरीक्षण में शिक्षामित्र नदारद

रुपईडीह, गोंडा: ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय बीरपुर भोज व पड़री सविता का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से छात्र छात्राओं की उपस्थिति, पेयजल, बिजली व मिशन कायाकल्प के तहत कराए गए निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की।

खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय वीरपुर भोज के शिक्षामित्र सुनील कुमार बगैर किसी सूचना के गैर हाजिर पाए गए। निरीक्षण आख्या प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

वेतन से अतिरिक्त कटौती पर जताया रोष

वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय: उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने शिक्षकों के वेतन से की जा रही आयकर की कटौती के अतिरिक्त कटौती कर लिए जाने पर आपत्ति जताई है। संघ के पदाधिकारियों ने वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलकर अपना विरोध दर्ज कराया और उन्हें ज्ञापन सौंपा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि समान वेतन में विभिन्न प्रकार की कटौतियों से शिक्षक आहत हैं। शिक्षक नेताओं का कहना है कि वित्त एवं लेखा अधिकारी के कार्यालय का आवंटन हो जाने के बाद भी कार्यालय आवंटित स्थान पर नहीं जा रहा है। इसके अतिरिक्त शिक्षकों का जीपीएफ ऑनलाइन किए जाने की तथा इस वर्ष सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों के जीपीएफ का हिसाब 10 फरवरी तक दिए जाने की मांग की गई है। फार्म 24 अभी तक न उपलब्ध कराए जाने के कारण आयकर में अनियमित कटौती की गई है। सामूहिक बीमा का भुगतान 2015, 2018 तथा 2022 का अभी तक नहीं हुआ है। रुके हुए वेतन, एक दिन वेतन कटौती तथा एरियर आदि के प्रकरण को भी संगठन ने उठाया और इसके तत्काल भुगतान की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह, प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ला, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुशील कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री अजीत कुमार तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष वजीरगंज सुशील कुमार मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी यशवन्त पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, विनय सिंह आदि रहे।

यूटा ने भी जताया विरोध

मनमानी आयकर कटौती पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने भी विरोध जताया है। यूटा के पदाधिकारियों ने भी वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलकर इस कटौती को तत्काल बंद किए जाने की मांग की है। इस दौरान रवि प्रकाश सिंह, जिला संरक्षक हेमंत तिवारी, महामंत्री आत्रेय मिश्रा, सुधाकर त्रिवेदी एवं राजेश जायसवाल मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की गई जान

मनकापुर, गोंडा: मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक 70 वर्षीय किसान की मौत हो गई। जीआरपी चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि लखपत नगर स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास अप ट्रैक पर एक बुजुर्ग का क्षत विक्षत शव पड़ा है। इस बीच मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। मृतक के बड़े बेटे हरीश मिश्र ने शव की पहचान अपने पिता शत्रोहन मिश्र(70) निवासी ग्राम तामापार के रूप में किया। पहचान होने के बाद परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के बेटे हरीश उर्फ पंडित मिश्र ने बताया कि उनके पिता सोमवार शाम को घर से निकले थे। देर रात तक घर न आने पर पर उनकी तलाश की जा रही थी। इस बीच सुबह क्षेत्रीय लोगों द्वारा रेल लाइन पर बुजुर्ग का शव मिलने की जानकारी मिली। मृतक शत्रोहन मिश्र घर पर रहकर खेती किसानी करते थे। वह अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गये हैं। बड़ा बेटा हरीश उर्फ पंडित (40) घर पर रहकर खेती किसानी में पिता का हाथ बंटाते थे। छोटा बेटा दिनेश कुमार उर्फ पूजारी मिश्र (30) रोजी रोटी के लिए गुजरात में रहता है।

कोर्ट की सुरक्षा में चौकस रहें पुलिसकर्मी

दीवानी न्यायालय परिसर की सुरक्षा का जायजा लेते एसपी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय: न्यायालय परिसर में तैनात पुलिसकर्मी पूरी सजगता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। उक्त निर्देश पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में आने वाले सभी लोगों पर विशेष नजर रखी जाए। बिना चेकिंग के कोई भी व्यक्ति अंदर ना आने पाये। एसपी ने कहा कि पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी जवान सभी लोगों पर विशेष नजर रखें। लापरवाही करने पर कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना कोतवाली नगर पुलिस, डॉग स्क्वाड टीम, स्थानीय अभिसूचना इकाई के साथ न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। न्यायालय परिसर में मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने व सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये। न्यायालय परिसर के बन्दी हवालात व सुरक्षा-व्यवस्था में लगे पुलिस बल को चेक कर ब्रीफ किया। न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने को कहा।

कुष्ठ रोग से बचाव की दी जानकारी

बेलसर, गोंडा: पीएचसी समेत विद्यालयों में कुष्ठ रोग से बचाव की जानकारी दी गई। मंगुरा बाजार समेत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पर्चा बांटकर कुष्ठ के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी गई। एनएमए अंजनी कुमार पांडेय ने लोगों को जानकारी दी। दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज मंगुरा में पर्चा वितरित कर जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या प्रतिभा तिवारी ने बताया कि शरीर पर सुन्न दाग, पंजे में कमजोरी, आंख बंद करने में दिक्कत, दाग में लालपन अथवा सूजन, तंत्रिकाओं में मोटापा, दर्द अथवा झनझनाहट आदि लक्षण होने पर तुरंत जांच कराएं। इसकी दवा मुफ्त में दी जाती है।

हवा से ठिठुरे लोग, धूप निकली पर रही बेअसर

गोंडा कार्यालय: फरवरी लगते ही तीन दिनों तक लगा कि अब ठंड गई। परंतु दो दिनों तक रुक रुक कर हुई बारिश के बाद मंगलवार को ठंड बढ़ गई। हालांकि शाम को धूप निकली और हवाओं की रफ्तार कम हुई तो लोगों को राहत मिली।

जिले में दो दिन से बरसात हो रही थी जिससे सुबह कोहरा पड़ रहा था। बरसात होने के वजह से ठंडक में बढ़ोतरी हुई है। मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है किसी-किसी दिन दोपहर में धूप निकल आती है। बुजुर्ग व बच्चों के लिए यह ठंडक परेशानी का सबक बनती जा रही है। मजदूरी पेशा लोगों के लिए काफी समस्या खड़ी हो रही है। इस ठंडक के चलते रिक्शा चालक ,राहगीर परेशान हो रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए यह ठंड जानलेवा साबित हो रही है। ठंड की वजह से महिलाएं व बच्चे बीमार हो रहे हैं। गलन भरी हवा चलने से जीवन बेहाल है। लोग अपना रोजमर्रा का कार्य भी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंडक में इजाफा हो सकता है। ऐसे में अभी ठंड व बर्फीली हवाओं से मुक्ति मिलते नहीं दिख रही है। फिलहाल पूरे जिले में ठंड से लोग परेशान दिख रहे हैं। ठंड से आम जीवन बेहाल है।

30 बेड की मैटरनिटी विंग का उद्घाटन

गोंडा कार्यालय: इटियाथोक सीएससी पर बनी 30 बेड के मैटरनिटी विंग का सीएमओ रश्मि वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अब इसका लाभ क्षेत्र की प्रसूताओं को मिलेगा।

मातृ व शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अग्रसर है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं और तमाम योजनायें भी चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में इटियाथोक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बहु प्रतीक्षित मैटरनिटी विंग शुरु हो गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने पूजा अर्चना के बाद इसका उद्घाटन किया। कस्बा इटियाथोक समेत विकासखंड के दर्जनों गांवों के लोगों को महिलाओं के प्रसव के लिए दूर स्थित जिला महिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। सीएमओ ने कहा कि विभाग मां और शिशु के स्वास्थ्य को लेकर बेहद संजीदा है। प्रसव के लिए आईं महिलाओं को जिला महिला अस्पताल पहुंचने में समय लगता था, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब यहां 30 शैया मैटरनिटी विंग शुरू हो जाने से आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के प्रसूताओं को इसका फायदा होगा। साथ ही, यहां पर प्रसूताओं को सभी प्रकार की जरुरी जांचों की सुविधा भी मिलेगी। इस दौरान सीएमओ ने अस्पताल का भी निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इटियाथोक सीएचसी में मैटरनिटी विंग का उद्घाटन करतीं सीएमओ डा. रश्मि वर्मा।

शहरों की तरह गांवों को हाईटेक बनाने का होगा प्रयास: बीडीओ

नवागत बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव।

मनकापुर, गोंडा: ब्लाक के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से दी जाने वाली जन कल्याणकारी सभी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचा कर लाभ दिलाना प्राथमिकता रहेगी। उक्त विचार मंगलवार को गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आईं नवागत खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव ने एक भेंटवार्त्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि ब्लाक को टॉप लेवल पर जिले ही नहीं स्टेट लेवल पर ले जाने का प्रयास होगा। मंगलवार को पहुंची नवागत महिला खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक में तैनात सचिवों से बैठक करके विकास के बारे में जानकारी करते हुए कहा कि हर गांव में स्वच्छता अभियान, सड़क, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड व गौशाला आदि का काम तेजी से होना चाहिये। प्रत्येक गांव सभा के सचिव अपने अपने ग्राम प्रधानों से बेहतर तालमेल बनाते हुए विकास की रफ्तार में तेजी लाएं। मनरेगा में भी अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। सभी गांवों को हाईटेक बनाएंगे।

सरकारी जमीन पर बने मकान व मस्जिद पर चलेगा बुल्डोजर

उमरी बेगमगंज, गोंडा: ग्राम पंचायत बरौली में गाटा संख्या 1676 स्कूल फॉर्म की सरकारी जमीन पर बनाई गई अवैध मस्जिद व मकान पर न्यायालय के आदेश से बुलडोजर चलाया जाएगा। बरौली बरजोरनगर निवासी संजय कुमार मिश्रा की याचिका पर उच्च न्यायालय ने गत वर्ष अप्रैल माह में आदेश जारी किया था लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के बाद याचिका कर्ता के अनुसार उसने न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। जिसके बाद तत्कालीन तहसीलदार तरबगंज ने न्यायालय में पेश होकर कार्रवाई के लिए समय मांगा था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। इसके बाद याचिका कर्ता ने तीसरी बार न्यायालय की शरण ली। मामले में अब न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता के अनुसार 5 फरवरी 2024 को सरकारी वकील द्वारा जिलाधिकारी गोंडा को न्यायालय द्वारा पारित आदेश रिसीव करवा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बरौली के बरजोरनगर में गाटा संख्या 1676/ 0.809 हेक्टेयर स्कूल फॉर्म के नाम दर्ज कागजात है जिसमें प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। तीन तरफ से बाउंड्री वॉल भी बनी हुई है, लेकिन एक दिशा में अतिक्रमण व विवाद के चलते बाउंड्री वाल का निर्माण नहीं हो सका।

सरकारी जमीन पर बना मकान।

एक नजर

मौनी अमावस्या पर मेले का किया जाएगा आयोजन

रुपईडीह, गोंडा : मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर आगामी नौ फरवरी को कौड़िया के फलाहारी दास मंदिर पर मेला का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत सिद्धार्थ दास ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्थल की सफाई व पेयजल की व्यवस्था का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष से पुलिस बल की मांग की गई है।

डीपीआरओ का नहीं उठाया फोन तो वेतन काटा

रुपईडीह, गोंडा : बार-बार फोन किए जाने के बावजूद फोन न उठाने पर ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत कंचनपुर फरेंदा के कंपोजिट विद्यालय में मृत गोवंश पड़े जाने के मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे ने ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी महेश कुमार का एक दिन का वेतन रोके जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी पंचायत के माध्यम से आगामी तीन दिनों में सफाई कर्मी से जवाब मांगा है।

पीएचसी में नसबंदी शिविर 15 फरवरी को

रुपईडीह, गोंडा : आगामी 15 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह मुख्यालय पर निशुल्क नसबंदी शिविर आयोजित किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस शिविर में सभी एएनएम व आशा बहुओं को कम से कम दो महिलाओं का ऑपरेशन कराये जाने के लिए चिकित्साधिक्षक द्वारा निर्देश दिया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में आयोजित होने वाले शिविर को लेकर चीफ फार्मासिस्ट ने स्थानीय लोगों से बड़ी से बड़ी संख्या में उक्त शिविर में पहुंचकर पूरा लाभ उठाने को कहा है ताकि सभी को इसका पूरी तरह लाभ मिल सके।

सराफा की दो दुकानों से लाखों रुपये के जेवर चोरी

इटियाथोक थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बाजार में सोमवार रात हुई घटना

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बाजार में सोमवार की रात दो सराफा दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसमें पांच लाख से अधिक के जेवर व नगदी लेकर चोर चंपत हो गए।

भुसैली सेठ की दुल्हापुर बाजार में कई दुकानें बनी हुई हैं। उन्हीं में से दो दुकानों में विजय सोनी व अभिषेक सोनी ने किराए पर सर्राफा की दुकान खोल रखी है। विजय सोनी ने बताया कि उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर चांदी पायल बिछिया अंगूठी लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर चुरा ले गये। अभिषेक सोनी निवासी बहराइच ने बताया कि तीस हजार नकदी व डेढ़ किलो चांदी, 12 ग्राम सोना की चोरी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस व एसओजी ने घटना का जायजा लिया है। घटना से दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है।

घटना के बाद जांच-पड़ताल करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

चोरों ने घर में घुसकर 31 हजार किए पार

धानेपुर, गोंडा : थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के मजरा खनवापुर में सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 31000 रुपए चुरा लिए व इनवर्टर का तार काट रहे थे कि घर का एक 12 वर्षीय बालक के आ जाने से भाग गए। पीड़ित सनातन प्रसाद तिवारी पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात्रि को हमारा पूरा परिवार घर से 600 मीटर की दूरी पर हो रहे यज्ञ में राम कथा सुनने गए थे। लगभग 11बजे के आसपास अज्ञात चोरों ने छत के सहारे घर में घुसकर घर में रखे 31,000 रुपए चुरा लिए और इनवर्टर का तार काट रहे थे कि घर का एक 12 वर्षीय बालक विकास आ गया। उसके आ जाने से वह लोग भाग गए। पीड़ित सनातन प्रसाद तिवारी ने प्रभारी निरीक्षक धानेपुर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धा बिना धर्म, विश्वास बिना प्रभु भक्ति बेकार

श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर में श्री शिवमहापुराण कथा का पांचवां दिन

खरगूपुर, गोंडा

अमृत विचार: श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर चतुर्भुजवा महादेवा कला में चल रही श्री शिव महापुराण कथाअमृत के पांचवें दिन पीठाधीश्वर श्री अवधधाम डॉ रामविलास दास वेदांती जी महाराज के श्रीमुख से सम्पन्न हुई।

पांचवें दिन भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। कथा में महाराज जी ने कहा कि श्रद्धा भक्ति की बेटी है, यदि श्रद्धा है तो आपका अगर कोई वचन गलत भी हो गया है तो माफी योग्य है और अगर श्रद्धा नहीं है तो आपके द्वारा कितना भी अच्छा व्यवहार किया गया हो वह स्वीकार नहीं हो सकता। श्रद्धा रूपी पार्वती हिमाचल में जन्म लेकर विश्वास लेकर विश्वास रूपी भगवान शिव का वरण किया इसलिए श्रद्धा और विश्वास जिस व्यक्ति में है वह कभी पराजित नहीं हो सकता है। श्रद्धा बिना धर्म नहीं एवं बिना विश्वास के भगवान की भक्ति नहीं हो सकती। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयोजक पीठाधीश्वर संत राघवेश दास वेदांती, संतोष घनश्याम शुक्ल, अवनीश शुक्ल, राम कृपाल शुक्ला, प्रशांत मिश्रा, रविंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, अलखराम वर्मा, मोहनलाल पाल, राम सनेही गुप्ता, सत्यम मिश्रा, बृजलाल, विकास सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कथा कहते राम विलास वेदांती।

कथा में मौजूद भक्तगण। अमृत विचार

हैंडलूम एक्सपो 11 फरवरी से

गोंडा: 11 फरवरी से 17 फरवरी तक श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज में जिला स्तरीय हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों से हथकरघा बुनकरों द्वारा अपने विशिष्ट उत्पाद को लाकर प्रदर्शित किया जाएगा। पीएम व सीएम के विजन वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के क्रम में हथकरघा बुनकरों के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अयोध्या परिक्षेत्र के सहायक आयुक्त नीरज कुमार यादव ने बताया कि एक्सपो में लोग पहुंचें जिससे कि बुनकरों को लाभ के साथ लघु व कुटीर उद्योग को भी प्रोत्साहित किया जा सके।

मुकेश और आकांक्षा के आंगन में बिखरीं खुशियां

गोंडा कार्यालय: जन्मजात बीमारी क्लब फुट से ग्रस्त बच्चे का समुचित इलाज होने से अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गया है। इसका श्रेय अनुष्का फाउंडेशन व मेडिकल कॉलेज ऑर्थोपेडिक सर्जन डा अरुण मिश्र को जाता है।

जिले के परसपुर के कड़रू ग्राम निवासी रमेश और निशा के घर 3 साल पूर्व पहले बच्चे के रूप में आदेश का जन्म हुआ। लेकिन जब नर्स ने बताया कि नवजात के दोनों पैर मुड़े हुए हैं। परिवार की खुशियों को ग्रहण लग गया। उनको एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बताया बच्चा पूर्णतया ठीक हो सकता है लेकिन उसका इलाज लंबा चलेगा और उनको जिला अस्पताल में चल रहे क्लबफुट क्लिनिक और अनुष्का फाउंडेशन के बारे में बताया और उनका संपर्क अनुष्का फाउंडेशन की टीम की संचालिका शुचि सिंह से करवाया। यहां उसका इलाज हुआ और तीन साल बाद आदेश न सिर्फ चलता है बल्कि दौड़ता भी है। रमेश और निशा भी बहुत खुश हैं, कहते हैं कि उसके इलाज में एक भी पैसा नहीं लगा। यह सरकारी अस्पताल एवं अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से मुमकिन हुआ है। हड्डी रोग विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज गोंडा के डॉक्टर अरुण मिश्रा ने बताया कि क्लब फुट जन्मजात विकृति है जिससे कि हर एक हजार नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33,000 बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। प्रदेश में आरबीएसके के साथ स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पाँच साल से काम कर रही है। वर्तमान में क्लब फुट से पीड़ित 6000 से भी अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। जिसमें से अयोध्या जिला के 200 से अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लब फुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। पोन्सेटी विधि एक न्यूनतम लागत की सर्वोत्तम प्रक्रिया है जो पूर्णतः रूप से प्रभावी समाधान प्रदान करती है।

डॉ. अरुण मिश्र। अमृत विचार

चोरी के आरोपियों को पांच साल की सजा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: थाना कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के माल बरामदगी व चोरी करने के आरोप में अमित कुमार व बाबू साहू निवासी झंझरी ब्लॉक उदयपुर नगर कोतवाली को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल व थाना कोतवाली नगर के पैरोकार राजेन्द्र प्रसाद, कोर्ट मोहर्रिर दीपांशी के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ने चोरी करने के आरोपी अमित कुमार को तीन वर्ष का कारावास व रुपये दस हजार रुपये के अर्थदण्ड व आरोपी बाबू साहू के पास से चोरी का माल बरामद होने के आरोप में पांच वर्ष की कारावास व 15 हजार रुपये की अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इससे पहले न्यायाधीशन ने सभी बिन्दुओं पर पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ फैसला सुनाया।

सब रजिस्ट्रार व लेखपाल सहित चार के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार: सब रजिस्ट्रार व लेखपाल सहित चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम बेंदुली की सावित्री देवी ने आरोप लगाया है कि पिता भगवती प्रसाद निवासी विश्रामपुर ने एक चौथाई भूमि व घर की उनके नाम वसीयत की थी। पिता की मृत्यु के बाद माया देवी के पति सुरेंद्र कुमार लेखपाल ने अपने सहयोगी बुद्धि सागर व बजरंगी से मिलकर कूटरचित दस्तावेज व वसीयतनामा तैयार करा लिया। तहसील करनैलगंज में भगवती प्रसाद की मृत्यु के बाद सब रजिस्टार सौरभ सिंह से साथ गांठ कर अपने नाम दर्ज करा लिया। भगवती प्रसाद की लिखी गई वसीयत में हस्ताक्षर थे जबकि सुरेंद्र कुमार के तैयार किये गये दस्तावेज में भगवती के अंगूठे का निशान दर्शाया गया है। कूटरचित दस्तावेज में सावित्री देवी की वसीयत का संपूर्ण भूमि सुरेंद्र कुमार ने अपने नाम कराकर कब्जा कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी लेखपाल सुरेंद्र कुमार, पहलवारा कोतवाली नगर बलरामपुर, सब रजिस्टार सौरभ सिंह, बुद्धि सागर पांडेय निवासी जानकीनगर व बजरंगी निवासी बसंतपुर राजा के खिलाफ धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

खुला चुनाव सेल, पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

गोंडा कार्यालय : आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए पुलिस महकमे ने चुनाव सेल का गठन करते हुए कार्यालय खोल दिया है। चुनाव सेल के प्रभारी की जिम्मेदारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सौंप गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चुनाव सेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चुनाव सम्बन्धी सभी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा अभियान चला कर निरोधात्मक कार्यवाही, शस्त्रों को जमा करने व अराजकतत्वों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एस पी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के संबंध में सभी अधिकारी ,कर्मचारी को जानकारी दी। इस मौके पर प्रभारी चुनाव सेल निरीक्षक देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक आदित्य गौतम आदि मौजूद रहे।

अब रेलवे देगा सिविलियन को सेहत बनाने का मौका

डीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट बना रेलवे का तालाब, हो रहा सुंदरीकरण, बनने लगे वॉकिंग ट्रैक, लगेंगी लाइटें

रेलवे परिसर में स्थित तालाब जिसके सुंदरीकरण के लिए डाले जा रहे बोल्डर। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रेलवे की इंजीनियरिंग कालोनी का यह तालाब दशकों से बदहाल पड़ा था. लेकिन डीएम के प्रयास से अब इसके दिन बहुरने की आशा जगी है। जलभराव के किनारों पर बोल्डर डाले जा रहे हैं, वाकिंग ट्रैक का निर्माण भी रफ्तार पकड़ चुका है. निर्माण पूरा होने के बाद फूल पौधे भी लगाए जाएंगे। शहर मे यह महारानी गंज वार्ड का हिस्सा है। महारानीगंज वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मुहम्मद इस्राइल प्रशासन की ओर से मिली इस सौगात से फूले नहीं समा रहे हैं।

बोले कि सुंदरीकरण के बाद इस तालाब की मनोरम छटा स्टेशन रोड से भी नजर आएगी। यहां रहने वाले विजय नाग, अतीक अहमद, सुरेश यादव, बबलू राइनी और बॉबी जैसवाल ने बताया कि हर सुबह टहलने वालों खासकर व्यायाम करने वालों के लिए यह मुफीद जगह बन रही है। रेलवे के एईएन संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशासन की ओर से यह अनूठी पहल है। इससे न केवल रेलवे कालोनी वासियों को कुछ बेहतर मिलेगा, बल्कि शहर के सुंदरीकरण में भी यह विशेष योगदान करेगा।

अतिक्रमण को लेकर उठे सवाल

बरसों पहले स्टेशन रोड के किनारे अतिक्रमण हटाया गया था जिसके अंतर्गत एक बड़ा होटल प्रशासन ने जमींदोज कर दिया था. लेकिन बाद में अतिक्रमण मुक्त कराए गए सड़क पटरी पर अतिक्रमणकारियों ने फिर से अस्थाई डेरा डाल दिया जोकि आज तक कायम है। वार्ड वासियों ने सवाल उठाए हैं कि यही हाल रहा तो सुंदरीकरण का यह प्रयास फिर से अतिक्रमण की भेंट तो नहीं चढ़ जाएगा। तालाब और स्टेशन रोड के बीच पटरी से अतिक्रमण हटाने की मांग अर्से से चली आ रहीं है।

हड़कंप: स्कूल भवन निर्माण में गड़बड़ी पर शिक्षक निलंबित

डीसी निर्माण की जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने कार्रवाई

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रूपईडी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गौसिहा में बन रहे अतिरिक्त कक्षा कक्षा के निर्माण में गड़बड़ी पाए जाने पर बीएसए ने निर्माण प्रभारी व प्राथमिक विद्यालय उसरैना के इंचार्ज प्रधानाध्यापक हेमंत त्रिपाठी को निलंबित कर दिया है तथा एक सप्ताह के भीतर निर्माण की गड़बड़ी को दुरुस्त कर कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय गौसिया में अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है इसके निर्माण की जिम्मेदारी प्राथमिक विद्यालय उसे रहना के इंचार्ज प्रधानाध्यापक हेमंत त्रिपाठी को सौंपी गई थी।

समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक निर्माण विद्याभूषण मिश्रा ने जब इसकी जांच की तो निर्माण में कई तरह की खामी पाई गई। निर्माण सामग्री घटिया क्वालिटी की मिली तथा दरवाजे वह खिड़कियों के गुणवत्ता भी दोयम दर्जे की पाई गई। डीसी निर्माण ने इसकी रिपोर्ट भेजी थी रिपोर्ट के आधार पर निर्माण प्रभारी हेमंत त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें प्राथमिक विद्यालय उसरैना से संबद्ध किया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि निलंबित प्रधानाध्यापक को एक सप्ताह के भीतर निर्माण की गुणवत्ता को ठीक करा कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय व डीसी निर्माण की संयुक्त कमेटी को सौंप गई है।

एसडीएम ने रिश्वतखोरी में दो लेखपाल को किया निलंबित

गोंडा कार्यालय : एसडीएम सदर ने रिश्वत लेने के मामले में दो लेखपालों को निलंबित कर दिया है। जांच तहसीलदार को सौंपी है। सदर तहसील अंतर्गत सालपुर क्षेत्र के लेखपाल संतोष शर्मा पर आरोप है कि क्षेत्र के काश्तकार से रिश्वत ली थी जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने निलंबन की कार्रवाई की है। वहीं दूसरी तरफ एसडीएम सदर ने ही एक और लेखपाल दिनेश सरोज को भी निलंबित किया है। आरोप है कि लेखपाल दिनेश सरोज ने सदर तहसील के गनवरिया गांव के रहने वाले एक आदमी से आवासीय भूखंड पर कब्जा दिलाने के नाम पर 25000 रिश्वत की मांग की थी। जिस पर पीड़ित ने आयुक्त देवी पाटन मंडल से शिकायत की थी। एसडीएम सदर सदर सुशील कुमार ने दोनों रिश्वत मांगने के आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया है। जांच तहसीलदार सदर को सौंपी है।

कृषि मेला व गोष्ठी का आयोजन

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचार: मुजेहना ब्लॉक में मंगलवार को कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि मेला/ रबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के पर्यवेक्षणीय अधिकारी शिव शंकर चौधरी ने विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

सहायक विकास अधिकारी कृषि रामप्रकाश तिवारी द्वारा विभाग की योजना (कुसुम योजना फसल अवशेष प्रबंधन एवं आत्मा योजना) आदि की जानकारी दी गई। राजकीय कृषि वीर भण्डार प्रभारी धर्मचंद वर्मा द्वारा बीज अनुदान एवं गोदाम पर उपलब्ध खरपतवार नाशी दवाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, चन्द्र प्रकाश शुक्ल प्रमोद पाण्डेय, गुरू दास शर्मा, मंच का संचालन एसपी शर्मा तथा केवी सिंह, श्याम धर द्विवेदी, विभोर मणि त्रिपाठी, देवी प्रसाद, मनोज जायसवाल, पंकज यादव व शंकर गिरि आदि लोग उपस्थित रहे।

सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह का स्वागत करते कृषि विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

गोंडा सांसद पर दर्ज मामले में दूसरे पक्ष पर भी के मुकदमा दर्ज करने का आदेश

गोंडा कार्यालय : गोंडा सांसद से जुड़ा मनकापुर के बहुचर्चित गुरुद्वारा व मकान कब्जे के मामले में दूसरे पक्ष की ओर से दिए प्रार्थनापत्र पर प्रथम अपर मुख्य दंडाधिकारी नसेहा वसीम ने पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश मनकापुर पुलिस को दिया है। मनकापुर कोतवाली अंतर्गत रहने वाली कुलवंत कौर ने सात अक्टूबर 2023 को न्यायालय के समक्ष प्रार्थनापत्र देकर कहा था कि मुहल्ला भगत सिंह कोतवाली मनकापुर निवासी अमरजीत सिंह, स्वर्णपाल सिंह, शरणजीत उर्फ गिन्नी सिंह, सुरेंद्र कौर व मंजीत उर्फ रिंपी सिंह ने 15 सितंबर 2023 को पीड़िता के हिस्से के मकान में लगा ताला तोड़कर एक नया ताला लगाकर मकान पर कब्जा कर लिया है। पीड़िता ने छत के रास्ते अपने घर में किसी तरह गई तो घर में रखे सामान बिखरे हुए थे और नगदी व जेवरात भी गायब थे।

दुनिया समझे हारा, पर मैं न हिम्मत हारा: रोमी

विकास के भजनों पर भी झूमे श्याम प्रेमी, आतिशबाजी से वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर के 20वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सोमवार को स्थानीय भजन गायक पुनीत बंसल, चंदू मित्तल, गोकुल शर्मा, परमानंद शर्मा के अलावा बाबा श्याम की लाडली भजन गायिका मानसी अग्रवाल, रोहित शर्मा, पंकज निगम ने आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद खलीलाबाद से सुप्रसिद्ध भजन गायक रोमी ने गाया, तेरे होते बाबा क्यूं खुद को समझूं हारा। दुनिया समझे हारा पर मैं न हिम्मत हारा। ,''आ गया शरण में तेरी बस इतनी भीख दे दे। ज़िन्दगी कैसे जियें हमें भी सीख दे दे।,''वो मेरा सांवरियां घर आया भर भर आये नैन हमारे। दीनों के घर श्याम पधारे, मेरा मान बढ़ाया। मेरे सर पर सदा तेरा हाथ रहे, मेरा बाबा हमेशा मेरे साथ रहे.. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। उसके बाद कोलकाता से भजन विकास रूइया ने गाया- लीले की करके सवारी-सवारी आओ जरा आओ मेरे श्याम बिहारी ....क्या पाया है दर तेरे आकर तू जाने या मै जानूं ...मेरे बांके बिहारी लाल, हमें थारी याद सतावें रे ...तेरे होते बाबा क्यूं खुद को समझूं हारा। दुनिया समझे हारा पर मैं न हिम्मत हारा ..आदि भजनों पर श्याम प्रेमी खूब झूमे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन आतिशबाजी से हुई। सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अनिल मित्तल, गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, अरिहंत जैन, विमलेश सिंघल, उत्कर्ष सिंघल, विशाल बंसल, पुनीत बंसल, राममनोहर अग्रवाल, मंयक अग्रवाल, नितेश जालान, चंदू मित्तल, नितेश मित्तल, सरोज अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, बेनू अग्रवाल, सरोज गर्ग, नीतू गर्ग आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

श्री श्याम महोत्सव में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

जंगल से पेड़ काटने का वीडियो वायरल, केस दर्ज

मनकापुर, गोंडा : टिकरी रेंज के बक्सरा बीट अंतर्गत जंगल में सागौन का पेड़ काटने का वीडियो वायरल होने पर वन विभाग ने आनन-फानन में पुलिस को तहरीर देकर दो नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध जंगल की लकड़ी चोरी से काटने समेत विभिन्न धाराओं में मुकादमा दर्ज किया है। सोमवार को एक 10 सेकंड के वीडियो में जंगल के अंदर 2 लोग आरा से पेड़ को काट रहे हैं जिसका वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग हरकत में आया। बक्सरा बीट में तैनात वनरक्षक अमरजीत शुक्ला ने दर्ज कराए मुक़दमे में कहा है कि पेड़ काटने का वीडियो वायरल होने के बाद जांच की गई तो जंगल में सागौन का पेड़ कटा पाया गया। पांच बोटा मौके पर पड़ा हुआ मिला। वीडियो में दिख रहे दो व्यक्तियों की पहचान शम्भू नगर निवासी प्रकाश व मिंटू के रूप में हुई व जांच में दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पीड़ित परिजनों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री

मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के तीन युवकों की मुंबई में मौत का मामला

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के निवासी तीन युवकों की मुंबई में हुई मौत के बाद मंगलवार दोपहर बाद मृतक परिजनों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम तथा हमारी पार्टी आपके साथ है। पूर्व मंत्री ने बताया कि इस दुखद घटना को लेकर सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने का निर्देश दिया था। पूर्व मंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शमीम अहमद अच्छन, सपा के नेता फहीम अहमद पप्पू, गणेश पाण्डेय, गिरजा शंकर सिंह, जमील राईनी, राजकुमार सिंह, सुनील सिंह रहे।

मुंबई में मारे गए तीन युवकों के परिजनों को ढांढस बंधाते पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह।

शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने में सहायक बनेंगे टैबलेट

बीआरसी में चार दिवसीय बुनियादी कौशल शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार : निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित के कौशल विकास के लिए ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण बीआरसी केंद्र जरवल पर प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बच्चों में भाषा व गणित विषय पर बुनियादी समझ विकसित करने के लिए गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण के टिप्स दिए गए।

ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू हुआ। जिसमें सन्दर्भदाता एआरपी कल्पना मिश्रा, अब्दुल मोमिन, मो० अहमद, रियाज अहमद तथा विनय शुक्ल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को कक्षा एक से तीन के भाषा व गणित के बुनियादी कौशल में दक्षता सम्बन्धी आवश्यक टिप्स दिए। बीईओ सिंह ने प्रशिक्षण कक्ष में मौजूद प्रतिभागी शिक्षकों से कहाकि एफएलएन प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रारंभिक वर्ग के बच्चों की भाषा एवं गणित में बौद्धिक स्तर को उन्नत करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिये है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से कक्षा में बच्चो को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए विद्यालयों में भेजे गये टैबलेट के भरपूर उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को पहले दिन विषयगत पाठ योजना बनाकर कक्षा शिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन भी कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी मो० अहमद ने बताया कि विकास क्षेत्र के प्रत्येक परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया है जिसे पांच बैच में पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों समेत बीआरसी कार्मिक मौजूद रहे।

शिक्षकों के प्रशिक्षण को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस ने 13 वारंटी किए गिरफ्तार

मिहींपुरवा, बहराइचः प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से 13 वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार होने वालों में थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजू उर्फ राजेश गुप्ता, किशोरी, भल्लर, हरद्वारी, जाकिर, कलीम, इरफान, मखरु, केशव राम, रामसूरत, प्रताप सिंह, मोती उर्फ गोबरे, जगदीश शामिल हैं जो थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के रहने वाले थे। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से तेरह वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रवाना किया गया है ।

पालिका परिषद कर्मियों ने दिया धरना

बहराइच

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद बहराइच परिसर में मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन दिया। सभी का कहना है कि वर्षों से लंबित पड़े मांगों पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

बहराइच नगर पालिका परिषद सभागार में मंगलवार को उत्तर प्रदेश मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मिथुन वाल्मीकि एडवोकेट के नेतृत्व में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। जिसमें नगर पालिका परिषद बहराइच के समस्त कर्मचारी के वर्षों से लंबित विभिन्न मामलों को लेकर मुख्यमंत्री का संबोधित ज्ञापन डीएम मोनिका रानी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह सभी अपनी लंबित मुख्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं , लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि अगर हमारी मांगे नहीं पूरी होगी तो चक्का जाम होगा। विधानसभा का घेराव करेंगे। जिलाध्यक्ष ने मांगपत्र में अपने तीन सूत्र मांगों को रखा है। इस दौरान कई कर्मचारी मौजूद रहे और जमकर नारेबाजी की।

नगर पालिका सभागार में प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

बिना टिकट यात्रा करा रहे थे परिचालक, 5 पर लगा जुर्माना

बहराइच, अमृत विचार: जिले के रोडवेज बस अड्डे से विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों में बिना टिकट यात्रा करवाने पर परिचालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई है। यह राशि सभी के वेतन से कटौती की जाएगी। रोडवेज बस अड्डे के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि भ्रष्टाचार प्रकरण मार्ग निरीक्षक द्वारा जांच की गई। इस दौरान संविदाकर्मी श्याम बिहारी तिवारी और मदन बिहारी मौर्य 3-3 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा, मोहम्मद हफीज अहमद, फारुख और संदीप कुमार शुक्ला बिना रसीद के समान लाते पकड़े गए। सभी के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई है। दो से एक हजार रुपये तक का जुर्माना उनके वेतन से रिकवरी के निर्देश दिए गए हैं।

ईंट से कूचकर ई-रिक्शा चालक की हत्या

दिनदहाड़े दबंग ने की वारदात, सीओ व थानाध्यक्ष घटनास्थल पहुंचे, आरोपी गिरफ्तार

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार : जिले में हरनी चौराहे पर मामूली विवाद के बाद हमलावर युवक ने एक ई रिक्शा चालक की दिन दहाड़े ईट पत्थर से हमलाकर सिर कूंच कर हत्या कर फरार हो गया। हमलावर की वारदात से पीड़ित चीखता रहा। सांसे थमने पर उसकी चीखें थम गई। लोग तमाशाई बने वीडियो बनाते रहे। हत्या की वारदात की भनक लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

कैसरगंज थाने के दिकौली कलां निवासी बैटरी रिक्शा चालक 25 वर्षीय प्रवेश राव पुत्र रामसेवक मंगलवार दोपहर करीब 3.45 बजे हरनी चौराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच दिकौली कला के ही रहने वाले पड़ोसी 27 वर्षीय गंगा पुत्र ननकऊ से अचानक विवाद हो शुरू हो गया। दोनों के आपस में बढ़ते विवाद के बीच गंगा ने प्रवेश के चेहरे पर ताबड़तोड़ ईंट व पत्थर से लगातार प्रहार करना शुरू कर दिया। युवक तब तक तक ईट से वार करता रहा जब तक प्रवेश की मौत नहीं हो गई। दिनदहाड़े बीच चौराहे पर युवक की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर आनन फानन पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बताया कि ईंट से हमला कर वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई। विवाद का कारण गंतव्य तक न जाने का कारण बताया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि हत्या का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

हत्या के बाद जांच करते सीओ और कोतवाल। अमृत विचार

और तमाशबी बने लोग बनाते रहे वीडियो

कैसरगंज थाने के हरनी चौराहा पर भीड़ भाड़े वाले इलाके में जिस समय युवक पर ईंट से प्रहार हो रहा था। उस समय सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित होकर तमाशा देख रहे थे। वही कुछ लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो अपलोड करते। यदि समय रहते उसे कोई भी बचाने का प्रयास करता तो युवक की जान बच सकती थी।

हिरण की खाल मिली सुरक्षा पर उठे सवाल

मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार: जिले के कतर्निया घाट वन्यप्रभाग के मूर्तिहा रेंज के एक ग्रामसभा में हिरण की खाल मिलने से हड़कम्प मच गया। वन विभाग के पहुंचने से पहले ही खाल गायब भी हो गई। मूर्तिहा वन रेंज के ग्राम सभा मंझाव में सड़क पर शिव कुमार पुत्र प्रताप घर के सामने साड़ी के टुकड़े पर हिरण की खाल मिली। सूत्रों के मुताबिक सुबह करीब 8 बजे जंगल से लकड़हारों ने जंगल से लकड़ी ले आते वक्त सड़क पर हिरण का खाल देखा और फोटो खींच कर वन विभाग को सूचित किया। ज़ब तक वनकर्मी पहुंचते, सड़क से हिरण की खाल गायब हो चुकी थी। मामले में मूर्तिहा वन क्षेत्राधिकारी रतनेश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह अभी छुट्टी आए हैं। वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया लेकिन कुछ बरामद नहीं हुआ है।

मधनगरा की टीम ने जीता क्रिकेट का फाइनल मुकाबला

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : कुटुम्ब सेवा समिति टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मधनगरा क्रिकेट क्लब की टीम ने फरदा त्रिकोलिया टीम को पराजित कर फाइनल ट्राफी पर कब्जा जमाया।

पयागपुर विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनकटा के मैदान पर कुटुम्ब सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मधनगरा की टीम ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सोलह ओवरों में 5 विकेट खोकर शानदार 236 रन बनाये।टीम के तरफ से अखिल ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार ने 90 रनों की व रोहित ने 35 रनों की पारी खेली।लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरदा त्रिकोलिया क्रिकेट क्लब की टीम मात्र 65 रनों के स्कोर पर ही ढेर हो गई। अखिल को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया जिन्हें आयोजक डॉ. ओकर नाथ त्रिपाठी व कीर्तिदेव पांडेय, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीधर,मनोज प्रधान, गौरव सुमित,सचिन,सुलभ सहित अन्य भी मौजूद रहे।

खिलाड़ी को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि।

उद्यमियों को समय से मुहैया कराएं लोनः डीएम

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार : जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं औद्योगिक-व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति की गहन समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार उद्यम को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए उद्यम स्थापना के लिए लोन लेने वाले पात्र उद्यमियों को समय से लोन मुहैया कराया जाय और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर निराकरण कराया जाए।

बैठक के दौरान भिनगा से लखनऊ व प्रयागराज के लिए बस संचालन पर चर्चा की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने ए0आर0एम0 रोडवेज बहराइच को निर्देशित किया कि रोडवेज बसों के संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही कराते हुए बस संचालन प्रारम्भ कराया जाए। इसके साथ ही इस सम्बन्ध में अब तक जो कार्यवाही की गयी है, उसका विवरण भी उपलब्ध करायें। एम0ओ0यू0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल 30 उद्यमी द्वारा ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में भाग लेने की सहमति व्यक्त की गई है। उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 30, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 28 एवं ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत 05 ऋण आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा बैठक मे उपस्थित अग्रणी बैंक प्रबन्धक इण्डियन बैंक को निर्देशित किया गया कि स्वीकृति ऋण पत्रावलियो पर शीघ्र वितरण की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम समुझ, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित, अधिशासी अभियंता विद्युत, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 मानव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा डा0 अनीता शुक्ला, औषधि निरीक्षक प्रीति सिंह, सहायक प्रबन्धक मनीष वर्मा, व्यापारी पवनेश शुक्ला, आलमगीर, सूफी सगीर अहमद, उद्यमी मित्र साकेत रंजन सहित अन्य मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

वकीलों की हड़ताल 15 तक स्थगित

श्रीदतगज, बलरामपुर, अमृत विचार : तहसीलदार उतरौला शैलेश चन्द्र के खिलाफ वकीलों की हड़ताल 15 फरवरी तक स्थगित कर दी है। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव की अध्यक्षता में वकीलों की आम सभा की बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार व संघ के पदाधिकारियों से वार्ता हुई जिसमें उन्होंने तहसीलदार उतरौला के कार्यशैली में सुधार करने को कहा गया है।

इस पर वकीलों ने 15 फरवरी तक हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। अगर तहसीलदार ने अपने कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो अधिवक्ता पुनः हड़ताल करेंगे।

206 में से 154 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी

रोजगार मेला

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 12 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 206 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 154 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोजगार मेले का शुभारम्भ करते हुए सांसद कैसरगंज बृज भूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह ने अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे अवसरों का भरपूर उठाकर अपने लिए रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करें। उन्होंने अभ्यर्थियों को यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय डिमाण्ड तथा अपनी शैक्षिक योग्यता एवं रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण हेतु ट्रेड का चुनाव करें ताकि आपको रोज़गार प्राप्त करने में आसानी हो। राजकीय आईटीआई बहराइच के प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा ने सेवायोजन पोर्टल पर स्किल वर्कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए मौजूद अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि दूसरे सहपाठियों व ईष्ट मित्रों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने को प्रेरित करें। इस दौरान कायदेशक राजकीय आईटीआई रामतेज, एमआईएस प्रबंधक रवि शंकर पाठक, पीयूष तिवारी, एमबी उत्तम, प्रवीण कुमार, सौरभ शुक्ला, उपेंद्र कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

रोजगार प्रमाण-पत्र के साथ मौजूद अभ्यर्थी व अधिकारी। अमृत विचार

विद्युत मरम्मत कार्य में मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप

सादुल्लाहनगर, बलरामपुर, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विद्युत आपूर्ति में सुधार को मरम्मत कार्य चल रहा हैं। विद्युत मरम्मत कार्य में मानक की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सुचारू विद्युत आपूर्ति पर संदेह व्यक्त किया है।

ग्रामीण अश्विनी, प्रमोद, राधेश्याम, रवि व पंकज ने आरोप लगाया कि अचलपुर चौधरी से सादुल्लानगर को जाने वाली हाईटेंशन 11000 लाइन पर हाल ही में लगाये गये खंभे सरकारी मानक के विपरीत लगाए गए है। जिसे लगने में गिट्टी, मोरंग, सीमेंट आदि का बिलकुल प्रयोग नही किया गया है। केवल मिट्टी में खड़े कर दिए गए है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना ग्राउटिंग के खंभे लगाए गए हैं। अर्थिंग रॉड भी हाईटेंशन लाइन के खंभे में नहीं लगाया गया है। मनीष सिंह, नंदन सिंह, रामसिंह वर्मा, विक्की सिंह ने आरोप लगाया कि ग्राउटिंग एक-दो फिट ही की गई है जबकि मानक के अनुसार ये 5 फिट होनी थी। इस संबंध में जेई अचलपुर चौधरी बृजनंदन यादव ने बताया कि मरम्मत कार्य एनसीसी कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की जांच कर मानकविहीन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

15 तक भराए उज्ज्वला के सिलेंडर

श्रावस्ती, अमृत विचारः जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि होली पर्व से एक माह पूर्व ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रदेश सरकार ने तोहफा दिया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ्त सिलेण्डर देने की योजना है। शासन द्वारा पहले चरण में छूटे लाभार्थियों को एक और मौका दिया है, जबकि दुसरा चरण भी 01 जनवरी से चल रहा है।जो मार्च तक चलेगा। इसके तहत जनपद के एक लाख पचास हजार पांच सौ साठ,लाभार्थियो को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना का लाभ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन धारक 15 फरवरी, 2024 तक लाभ प्राप्त कर सकते है।

सप्ताह समारोह में हुआ नाटकों का मंचन

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : एमएलके महाविद्यालय मे चल रहे संस्थापक सप्ताह समारोह में डॉ. बीएल गुप्ता के संयोजकतव मे एकांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे कुल पांच नाटकों का मंचन किया गया। जिसमें हिंदी अंग्रेजी व संस्कृत तीनो ही भाषाओं मे एकांकी प्रस्तुत किए गए।

आयरलैंड के प्रसिद्ध नाटककार सेमुएल बैकेट के प्रसिद्ध नाटक पर आधारित एक एकांकी था। संस्कृत मे दहेज प्रथा के उन्मूलन पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी के प्रसिद्ध साहित्यकार आरके नारायण की कहानी पर आधारित हिन्दी एकांकी को भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित एकांकी इंकलाब भी प्रस्तुत किया गया। प्रथम पुरस्कार वेटिंग फ़ॉर गोडो को मिला। द्वितीय पुरस्कार "शठम प्रति शाठ्यम" को मिला। तृतीय पुरस्कार एन एस्ट्रोलॉजर्स डे को मिला। बेस्ट एक्टिंग पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान चंद्रांशु त्रिपाठी, द्वितीय स्थान अभिषेक व तृतीय स्थान अजय कुमार तिवारी को मिला। इसी क्रम में महिला वर्ग में बेस्ट एक्टिंग का प्रथम स्थान स्वयंप्रभा शुक्ला व द्वितीय स्थान सिपाली जायसवाल को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने विजयी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने सांस्कृतिक निर्देशक डॉ अनामिका सिंह,एकांकी के समन्वयक डॉ बीएल गुप्ता सहित समस्त टीम को भी बधाई दी। साथ ही प्राचार्य ने प्राचीन भारत के महान नाटककार महाकवि कालिदास रचित अभिज्ञान शाकुंतलम को एक वैश्विक धरोहर बताया। कहा कि सम्पूर्ण विश्व मे प्राचीन भारत में रचित नाटकों का अध्ययन किया जा रहा है तथा मंचन भी किया जा रहा है। उन्होने छात्रों से कहा कि वे संस्कृत के नाटकों का अध्ययन करें। निर्णायक मंडल में डॉ.स्वदेश भट्ट, लेफ्टिनेंट, डॉ. देवेंद्र चौहान व डॉ. श्रद्धा सिंहशामिल रहे। मंच संचालन शिवम सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. पीके सिंह, प्रो. प्रमिला तिवारी, प्रो. श्रीप्रकाश मिश्रा, प्रो. वीना सिंह, डॉ.प्रखर त्रिपाठी, डॉ.रेखा विश्वकर्मा, डॉ.दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. आरए गौतम, डॉ.रमेश शुक्ल आदि रहे।

समारोह में छात्रों के साथ प्राचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

तीसरे दिन भी नही आई बिजली, लोग परेशान

श्रावस्ती, अमृत विचारः भिनगा कस्बे के आधे धड़े में करीब तीन दिनों से बिजली गुल है। रविवार दोपहर तीन बजे से बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीओ भिनगा से बात की गई तो उन्होंने ट्रांसफार्मर खराब होने व बिजली की लाइन टूटने की बात बताई थी। साथ ही दूसरे दिन बिजली आने का आश्वासन भी दिया था किंतु तीसरे दिन भी बिजली गायब होने के कारण भिनगा के हनुमानगढ़ी मोहल्ले के लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अधिशासी अभियंता विद्युत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि किसी ने भी कोई शिकायत नहीं की। अब सूचना मिली है, कार्रवाई करते हैं।

दिए निर्देश | **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक**

कृषि कार्यों से जुड़ी कंपनियों के साथ टाईअप करें एफपीओ : डीएम

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन संगठन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम अरविंद सिंह द्वारा सभी कृषि उत्पादन संगठन के सीईओ से वार्ता की गई व उनके द्वारा किए जा रहे कृषि कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।

उन्होंने कहा की कृषि उत्पादन संगठन एक उत्पादन कंपनी है, जिसका कार्य कंपनी व संगठन से जुड़े कृषको को बेहतर आय सुनिश्चित करना, कृषको को उभरते बाजार में अवसर उपलब्ध कराना, मध्यस्थो को हटाकर बेहतर मूल्य प्राप्ति, कृषको को आधुनिक तकनीकी और प्रशिक्षण प्रदान करना, सामूहिक खरीद व बिक्री है। एफपीओ के माध्यम से क्लस्टर आधारित कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देना उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा की सभी एफपीओ पारंपरिक खेती के इतर व्यावसायिक खेती की ओर आगे आए। कृषि कार्यों से संबंधित विभिन्न व्यवसायों में संभावना तलाशे। जनपद जो की बाढ़ से प्रभावित रहता है यह बांस की खेती काफी संभावना है,बांस का बड़े पैमाने पर व्यवसायिक कार्यों में प्रयोग होता है। असम जैसे राज्य की इकोनॉमी काफी हद तक बांस के खेती पर निर्भर है। उन्होंने कहा एफपीओ के सक्रिय सदस्य असम जैसे राज्यों का भ्रमण करे व बांस की खेती की शुरुवात बड़े पैमाने पर करें। बैठक में एफपीओ द्वारा वन विभाग द्वारा संचालित मिशन में जनपद को शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया गया। डीएम ने कहा की मिशन बंबू में जनपद को शामिल किए जाने को उनके द्वारा शासन स्तर से पत्राचार किया जायेगा व इसके लिए व्यक्तिगत प्रयास भी किया जाएगा। एफपीओ को कुक्कुट पालन, औषधीय खेती, फूलो के खेती में आगे आए। उन्होंने कहा की एफपीओ अपनी क्रेडेबिलिट बढ़ाए। जिससे बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकें। एफपीओ विशेषज्ञता व बेहतर तकनीक के लिए आईटीसी जैसे कृषि कार्यों से जुड़ी कंपनियों से साथ टाईअप करें। कृषि व संबंधित विभाग अपनी योजनाओं से एफपीओ को जागरूक करे एवं योजना का लाभ कैसे एफपीओ से माध्यम से बड़ी संख्या में कृष्ण को मिले इसके लिए पहल करे। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, डीडी एग्रीकल्चर,जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल डीएम अरविंद सिंह, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य व अन्य। अमृत विचार

बलरामपुर में 13 केंद्रों पर होगी प्री-परीक्षा

बलरामपुर, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर जिले में पहली बार समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया हैं। इनमें 13 परीक्षा केंद्र पर 11 फरवरी को 6285 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने बताया है कि जिलाधिकारी की निगरानी में 13 केद्रो पर समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा आयोजित होगी। इनमें बलरामपुर मुख्यालय पर एमपीपी इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज, मॉडर्न इंटर कॉलेज, सीएमएस इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीसस एंड मैरी स्कूल, फातिमा स्कूल, सिटी मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज को मुख्यालय पर केंद्र बनाया गया है। एमएलके पीजी कॉलेज में तीन केंद्र बनाए गए हैं। उतरौला तहसील मुख्यालय पर हर इंटर कॉलेज व मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज को भी केंद्र बनाया गया है। सभी केंद्रों पर आगामी 11 फरवरी को दो पाली में परीक्षा आयोजित होगी। इनमें प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 बजे तक व दूसरी पाली 2:30 से 3:30 बजे तक होगी।

एक नजर

आज बैठक करेंगे राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष

बहराइच : राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लालमणि कुमार उर्फ लाल बाबू प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार रात्रि 09 बजे जनपद बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगें। उपाध्यक्ष श्री लाल बाबू 07 फरवरी को मध्यान्ह 12 बजे से निरीक्षण भवन में नगर पालिका परिषद बहराइच एवं नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया, जरवल, कैसरगंज, पयागपुर, मिहींपुरवा व रूपईडीहा के अधिशाषी अधिकारी के साथ बैठक करेगें। इसके उपरान्त उपाध्यक्ष अपरान्ह 03 बजे से निरीक्षण भवन में डीपीआरओ, सीएमओ, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, बाढ़ खण्ड, सिचाई के साथ बैठक करेगें।

बैंकिंग सुविधा के लिए किया गया प्रेरित

बहराइच : जिला सहकारी बैंक सलारपुर के शाखा प्रबन्धक बद्री सिंह ने बताया कि नाबार्ड के वित्तीय साक्षारता मिशन अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक से सम्बन्धित बी पैक्स कल्पीपारा एवं धर्मनपुर में मैजिक शो के माध्यम से बैंक शाखा सलारपुर में नये बैंक खाता खुलवानें, केसीसी ऋण की सुविधा प्राप्त करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना एवं डिजिटल बैंकिंग के सम्बंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबन्धक सिंह द्वारा मौजूद लोगों को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपील की गयी।

अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बहराइच : लखनऊ-बहराइच मार्ग पर टिकोरा मोड़ के निकट रात में बाइक सवार को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात के तिकोनी बाग निवासी रमेश त्रिपाठी (36) पुत्र राघव राम त्रिपाठी सोमवार रात को बाइक से बहराइच लखनऊ मार्ग पर गए थे। टिकोरा मोड़ के निकट अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली नगर की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

वारंटी को भेजा जेल

बहराइच : कोतवाली नगर के मोहल्ला नजीरपुरा निवासी हामिद पुत्र मजीद पर मुकदमा दर्ज है न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी किया है। कोतवाल मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मंगलवार को निरीक्षक हेमंत सिंह और मुख्य आरक्षी नागेंद्र प्रसाद की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चार चीनी मिल होने के बाद भी थ्रेसर पर गन्ना दे रहे किसान

उठे सवाल

- प्रति क्विंटल 70 रुपए का हो रहा नुकसान
- किसान घर का खर्च पूरा करने के लिए घाटे में कर रहे सौदा

अजीत मौर्य,मिहीपुरवा, बहराइच

मोतीपुर तहसील के कुड़वा में संचालित थ्रेसर। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले में गन्ना किसानों के लिए तीन तहसील में चार चीनी मिलों का संचालन हो रहा है। यहां पर गन्ना किसानों के गन्ना की खरीद सरकारी मूल्य पर की जा रही है। इसके बाद भी किसान अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए क्षेत्र में स्थित थ्रेसर पर कम मूल्य में गन्ना बेच रहे हैं। ऐसे में गन्ना विभाग पर कई सवाल उठ रहे हैं।

जिला कृषि बाहुल्य है यहां के किसान नगदी फसल के रूप में अधिक मात्रा में गन्ने की फसल की बुवाई अपने-अपने खेतों में करते हैं। गन्ना पेराई के लिए कैसरगंज, सदर तहसील और नानपारा तहसील क्षेत्र में चीनी मिलों का संचालन भी होता है। प्रदेश सरकार की ओर से इस बार गाना 370 रुपए प्रति क्विंटल से खरीदी जा रही है। किसानों को गन्ना पर्चियां भी जारी की गई है। किसान अपना गन्ना भी क्षेत्रीय मिलों को ले जाते हैं। लेकिन हजारों किसान ऐसे भी हैं, जो अपनी दैनिक खर्च और जरूरतों को पूरा करने के लिए नजदीकी थ्रेसर पर गन्ना बेच रहे हैं। ऐसे में इन किसानों को प्रति क्विंटल 70 रुपये का नुकसान भी उठाना पड़ता है। क्योंकि चीनी मिल द्वारा 370 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने की खरीद की जा रही है। जबकि थ्रेसर द्वारा 300 रुपये प्रति क्विंटल ही गन्ना खरीद की जा रही है। ऐसे में गन्ना किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मोतीपुर तहसील के कुड़वा में संचालित थ्रेसर के संचालक मोहित सिंह ने बताया कि उन्होंने 5 दिसंबर को पेराई शुरू किया था अप्रैल के प्रथम सप्ताह में इसका समापन हो सकता है। मोहित ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 80 क्विंटल गन्ने के खरीद की जाती है।

जरूरतों को पूरा करना मजबूरी

किसान राजपाल।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के गोपिया निवासी किसान राजपाल ने बताया कि थ्रेसर पर गन्ना बिक्री करने से नुकसान होता है लेकिन ज़रूरतें पूरी करने के लिए गन्ना बेचना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मिले द्वारा समय से गन्ने का बकाया का भुगतान नहीं किया जाता है। यह भी एक कारण है कि लोग मिल पर गन्ना नहीं देते हैं।

किसान खुद है मालिक

सरकार की ओर से इस बार गन्ना मूल्य भी बढ़ाया गया है समय से किसानों को गन्ना पर्ची भी दी जा रहे हैं इसके बावजूद किसान थ्रेसर पर गन्ना भेज रहे हैं। इसमें कुछ नहीं कह सकते। किसान अपने पैदावार का खुद मालिक है।

-आनंद कुमार शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी

जब खुद जाम में फंस गईं एसपी...

पानी टंकी चौराहे पर लगे जाम में फंसा एसपी का वाहन।

बहराइच, अमृत विचार : पुलिस लाइन स्थित आवास से मंगलवार सुबह पुलिस अधीक्षक काफिले के साथ जा रही थी। पानी टंकी चौराहे पर जाम के चलते उनका वाहन रुक गया। इसके बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस से वार्ता की। फिर एसपी गंतव्य के लिए रवाना हो गई। जिले में जाम की समस्या आम नागरिकों के साथ अधिकारियों को भी परेशान कर रहा है। जाम के चलते अधिकारी भी देर से ऑफिस पहुंच रहे हैं। कुछ यही स्थिति मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के साथ भी हुई। पुलिस लाइन स्थित आवास से अपने काफिले के साथ पुलिस अधीक्षक आवास के लिए जा रही थीं। सुबह 10 .20 बजे पानी टंकी चौराहे पर काफी जाम होने के चलते एसपी का वाहन भी रुक गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के होश उड़ गए। ट्रैफिक पुलिस ने किसी तरह जाम हटवाया। वहीं कुछ दूरी पर उतरने के बाद एसपी वृंदा शुक्ला ने वार्ता भी की। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से बात करने के लिए मोबाइल पर फोन लगाया गया तो उनके पीआरओ ने फोन उठाया। उन्होंने बताया कि एसपी द्वारा जाम को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें स्कूल और सुबह के समय अच्छी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह बयान ऑफिस का नहीं है।

37 विभागों पर बकाया है करोड़ों का बिल, नोटिस जारी

सबसे अधिक स्वास्थ्य, उद्यान व पुलिस विभाग का है बकाया

संवाददाता,बहराइच

अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार।

अमृत विचार : शहर में स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालय में एसी और हीटर का आनंद लिया जाता है, लेकिन बिजली बिल का बकाया नहीं जमा किया जाता है। यही कारण है कि अधिशासी अभियंता की ओर से सभी बकायदाओं को नोटिस जारी किया गया है पत्र लिखकर समय से बिजली बिल जमा करवाने की बात कही गई है।

शहर में 37 विभाग संचालित है। इन विभागों में विद्युत कनेक्शन लिया गया है। गर्मी पर एसी और पंखे का प्रयोग करते हैं। वहीं ठंड में विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गर्म हीटर का प्रयोग करने में पीछे नहीं रहते हैं। लेकिन बिजली बकाया जमा करने में यही विभाग काफी फिसड्डी साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि सभी विभागों में पांच लाख से लेकर एक करोड़ से अधिक रुपए का बकाया हो गया है। एक ही सत्र का इतना अधिक बकाया होने पर बिजली विभाग के होश उड़ गए। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सभी विभागों को पत्र लिखकर नोटिस जारी किया गया है। इन विभागों के अधिकारी से बिजली के बकाया जमा करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि बिजली बिल समय से जमा करना बहुत जरूरी है। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि सबसे अधिक बकाया स्वास्थ्य विभाग का है वहां पर 2.53 करोड़ रुपए बकाया है। जबकि पुलिस विभाग का भी बहुत बकाया है।

विभागों के बकाया एक नजर में

स्वास्थ्य विभाग	2.53 करोड़
पुलिस विभाग	42.37 लाख
उद्यान विभाग	10.95 लाख

तो विभागों के क्यों नहीं काटे जा रहे विद्युत कनेक्शन

ग्रामीण भी बिजली का उपयोग करते हैं इनका 5000 से अधिक बकाया होता है तो कनेक्शन काट दिया जाता है जबकि सरकारी विभागों में लाखों करोड़ों बकाया होने के बाद भी कनेक्शन न काटना कई सवाल खड़े करता है। इसे लोग बिजली विभाग का भेदभाव बता रहे हैं।

पर्यावरणीय पुस्तक 'द जंगल वाइसः बंद आंखे' का हुआ विमोचन

मिहींपुरवा, बहराइच

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण। अमृत विचार

अमृत विचार : मिहींपुरवा क्षेत्र के शिक्षक की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु मानव वन्यजीव संघर्ष पर लिखी द जंगल वाइसः बंद आंखे पुस्तक का विमोचन भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विश्वविधालय के दो पूर्व कुलपतियों के हाथो लखनऊ के दारुलशफा सभागार में हुआ। राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी भी मौजूद रहे।

विमोचन कार्यक्रम के पश्चात मंगलवार को अपने निज निवास मिहींपुरवा पहुंचे लेखक मामून रशीद को कस्बेवासियों की ओर से पुस्तक विमोचन के लिए बधाई दी गयी। लेखक ने बताया कि रविवार को लखनऊ में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ओर से आयोजित पसमांदा पंचायत के मंच पर उपस्थित अलीगढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तथा वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तारिक मंसूर के साथ भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अनीस अंसारी ने संयुक्त रुप से पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन के पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति तारिक मंसूर ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति अनीस अंसारी ने पर्यावरण संरक्षण मुहिम पर कार्य करने वाले लोगो की सराहना भी की। लेखक ने बताया कि अवैध कटान रोकथाम एवं मानव वन्य जीव संघर्ष विराम हेतु यह पुस्तक लिखी गयी है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जंगल समीप रह रहे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार करना है। इस दौरान आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ, संयोजक मुहम्मद युनूस, प्रो मसूद आलम फलाही, डिप्टी लेबर कमिश्नर लखनऊशमीम अंसारी, एम. रशीद, शारिक अदीब अंसारी राष्ट्रीय, डाक्टर फैय्याज अहमद फैजी, नफीस मंसूरी शमीम अख़्तर अंसारी , मजहर अंसारी, मक्कू, इबादुलहक, नफ़िुस अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बाढ़ और कटान पीड़ितों की झोपड़ियों को दबंगों ने उजाड़ा

नानपारा, बहराइच : कटान व बाढ़ पीड़ितों द्वारा ग्राम समाज के जमीन पर बनाई गई झोपड़ियों को दबंगों द्वारा उजाड़ कर कब्जा कर लिया गया है। पीड़ितों द्वारा थाने व जिलाधिकारी को शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़ितों द्वारा पुलिस महानिदेशक को शिकायत कर दबंगों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामला तहसील व कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम बंजरियां का है। जहां के निवासी वीर सिंह पुत्र नंद किशोर सिंह, मदन सिंह पुत्र उत्तम सिंह, सुबास सिंह पुत्र कन्साराम, जुगरा देवी बेवा स्व. बाबादीन व विशाल सिंह पुत्र राधेश्याम का कहना है कि वह सभी बाढ़ व कटान पीड़ित है। यह सभी बीते 30 वर्षों से ग्राम समाज की जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रहे है। पीड़ित वीर सिंह का आरोप है कि कुछ दबंगों ने जमीन पर बनी झोपड़ियों को उजाड़ दिया तथा उस पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप यह भी है कि उनमें से एक तहसील नानपारा में अधिवक्ता है। जिसके चलते उप जिलाधिकारी को शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ितों का कहना है कि अधिवक्ता अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तहसील प्रशासन व पुलिस पर दबाव बनाये हुए है। पीड़ितों ने बताया कि दबंगों ने धमकी दी है कि यदि कही भी शिकायत किया तो मुकदमा लिखवाकर सभी को जेल भेज देगे। पीड़ितों का कहना है कि यदि दबंगों के विरूद्ध कार्रवाई न हुई तो आगामी 8 फरवरी को कलेक्टेट स्थित धरना स्थल पर अनशन शुरू कर दिया जायेगा। वहीं मामले में उप जिलाधिकारी नानपारा द्वारा लेखपाल को जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जबकि प्रभारी निरीक्षक नानपारा का कहना है कि जिनके विरूद्ध आरोप लगाये जा रहे है उनके पास जमीन का बैनामा है।

सार-संक्षेप

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

सम्मान के साथ मौजूद छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार : आईपीएल चीनी मिल द्वारा परिसर में संचालित उद्भव शिक्षा निकेतन के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने पर छात्र छात्राओं को प्रबंध समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में मंगलवार को मिल प्रबंधक टीएस राणा व प्रधानाचार्य ओएन शुक्ला की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य शुक्ला ने बताया कुछ दिन पूर्व विद्यालय के उद्घघाटन पर नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा ग्रुप बना कर बेहतर प्रदर्शन किया गया था जिसमे आई ग्री नंदनी, लिटिल चैंप, बम बम भोले, तेरी मिट्टी, सरस्वती बंदना जय हो मल्हारी आरंभ है प्रचंड, वेलकम के बच्चो द्वारा वह देश भक्ति गीत प्रस्तुत करते हो कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीनी मिल के एमडी द्वारा बच्चों को पुरस्कृत करने की बात कही गई थी उसी क्रम में बच्चों को पानी की बोतल स्कूल बैग व शिक्षकों को ट्रॉली बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गर्वित श्रीवास्तव, कुश सिंह, रुचि पांडे, वैष्णवी शुक्ला, निधि त्रिपाठी, अंजली सिंह, प्रिय सिंह, स्वेवता सिंह धैर्या सिंह आदि मौजूद रहे।

अयोध्या के फूलों से सजेगा मां सरस्वती का दरबार

भूपगंज बाजार में बसंत पंचमी को लेकर बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : बसन्त पंचमी के अवसर पर जय मां सरस्वती पूजन समिति के तत्वावधान में भूपगंज बाजार स्थित सरस्वती चौराहे पर विशाल जबाबी कीर्तन का महा मुकाबला होगा। जिसमे हमीरपुर राठ महोवा की दुर्गेश नन्दनी और बहराइच के चन्द्रभान निडर के बीच जबाबी कीर्तन का महा संग्राम होगा। पयागपुर के भूपगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर जय मां सरस्वती पूजन समिति के पदाधिकारियों की बैठक समिति के संरक्षक गिरिजा शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रदीप पाण्डेय को समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बसंतोत्सव कार्यक्रम को सफल बनायें जाने की बिंदुवार रूपरेखा बनाई गयी। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनायें जाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद रावत, माधवराज शर्मा, मुन्ना गुप्ता, आशीष पाण्डेय, आकाश शर्मा, पंकज सोनी, सुरेश सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, दानेंद्र शर्मा, कुलदीप शुक्ला, प्रीतम विश्वकर्मा, अनिल रावत, कपिल त्रिपाठी, दुर्गेश शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हाईवे से पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : लखनऊ बहराइच मार्ग पर गजाधरपुर में बीते सप्ताह गन्ना लदी ट्रक बीच सड़क पर पलट गया था। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ था। इसको देखते हुए उपजिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने आक्रमण हटवाया। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के गजाधरपुर में लखनऊ बहराइच मार्ग पर सड़क के पटरियों पर अतिक्रमण है। अतिक्रमण के चलते आए दिन हादसे होते हैं। बीते सप्ताह भी पारले चीनी मिल जा रही ट्रक अतिक्रमण के चलते नियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई थी। जिस पर एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित ने पुलिस को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। सोमवार शाम को प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम ने गजाधरपुर चौराहे पर बुलडोजर अतिक्रमण हटवाया। इसको लेकर अफरा तफरी का माहौल रहा। कई लोगों के दुकानों के सामने का हिस्सा भी टूट गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व के कर्मचारी मौजूद रहे।

बेतरतीब खड़े दुपहिया वाहनों का हुआ चालान

रिसिया, बहराइच : रिसिया थाना क्षेत्र के कटिलिया चौराहे पर बेतरतीब तरीके से सड़क के किनारे खड़े दुपहिया वाहनों का रिसिया पुलिस ने कब्जे में लेकर चालान किया है। थाना रिसिया क्षेत्र के कटिलिया चौराहा जनपद श्रावस्ती के बार्डर पर स्थित है। यह चौराहा मिनी बाजार का आकार ले चुका हैं, इस बाजार के आस पास गांवो में ज्यादातर निवासी विदेश या फिर मुंबई कमाने जाते है इसलिए इस चौराहे पर बेतरतीब बगैर लाक दुपहिया वाहन खड़े रहते है जिससे आम जन लोगो को आने जाने में दिक्कते आती थी वाहनों की चेकिंग के दौरान प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक रिसिया ने कई दुपहिया वाहन बगैर लाक के कब्जे में ले लिया, फिर हिदायते देकर वापस किया, जिनमे से दस वाहनों का भी चालान किया गया। चेकिंग के दौरान संजय यादव उप निरीक्षक भी उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद रुवाब सईदा का निधन

पूर्व सांसद की (फाइल फोटो)।

बहराइच, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉक्टर वकार अहमद शाह की पत्नी पूर्व सांसद रुवाब सईदा का अलीगढ़ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से सपा पार्टी में शोक है। पूर्व सांसद का शव लेकर उनके पुत्र यासर शाह बहराइच के लिए रवाना हो गए हैं। दोपहर बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व सांसद रुवाब सईदा (75) पति पूर्व कैबिनेट मंत्री/पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉक्टर वकार अहमद शाह अपनी बेटी डॉक्टर अलवीरा शाह के यहां इस समय अलीगढ़ में रहती थी। उनकी तबीयत कुछ दिन से खराब चल रही थी। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के आसपास उनका हृदय गति रुकने से निधन हो गया। यह समाचार जिले में पहुंची तो परिवार के साथ सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। सपा सोशल मीडिया के प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह रात में ही अलीगढ़ में बहन के घर पहुंच गए हैं। वह मां का शव लेकर बहराइच के लिए रवाना हो गए हैं। इसके बाद मंगलवार शाम को सात बजे के आसपास आजाद इंटर कॉलेज के निकट स्थित छड़े शाह तकिया के निकट कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो कि रुवाब सईदा वर्ष 1995 में जिला पंचायत अध्यक्ष, वर्ष 2004 में सांसद रहीं। इससे पूर्व वह तारा महिला इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य भी रहीं।

जिले में एक युग का हुआ अंत : जिलाध्यक्ष

संवाददाता,बहराइच

सपा कार्यालय में आयोजित शोक सभा को संबोधित करते जिला अध्यक्ष।

अमृत विचार : पूर्व सांसद रुवाब सईदा के निधन पर पार्टी के जिला कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन पर पार्टी अध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उनके योगदान पर चर्चा की गई। समाजवादी चिंतक पार्टी के प्रांतीय कार्य कारवाई के सदस्य डा0 राधेश्याम वर्मा ने उनके जीवन के कुछ संस्करणों को साझा किया। शोक सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता भगत राम मिश्र, पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक के के ओझा, उपाध्यक्ष अनिल यादव, साहित्य कार आर डी शर्मा, सचिव अकील अहमद जिलासचिव आनन्द यादव एडवोकेट, मिथुन वाल्मीकि ,सिंह जादौन, पूर्व प्रमुख सत्य देव सिंह, महिला सभा की जिलाध्यक्ष मन्नू देवी ,सुमन शर्मा, हुस्न आरा, श्रीमती रुकसार शाह, निशी खां, हुमैरा, सत्यम बाजपेई, डाक्टर गौरव यादव, मोहम्मद आसिफ, अन्नू गुप्ता, लालजी यादव एडवोकेट, रामतेज यादव एडवोकेट, जेपी यादव एडवोकेट, जयसिंह यादव एडवोकेट, दीपक यादव, दिनेश लोधी, जनवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चौहान, करुणेश त्रिवेदी, शैलेश सिंह शैलू, सुनील यादव, धर्मेन्द्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

बहराइच, अमृत विचार : कोतवाली नगर के मोहल्ला जोशियापुरा निवासी एक महिला अलाव तापते समय जलकर पांच दिन पूर्व झुलस गया थी। सोमवार रात में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के लोगों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया है।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम मसुरिहा गांव निवासी शैल कुमारी पत्नी कृष्ण बहादुर कोतवाली नगर के मोहल्ला जोशीपुरा में रहती थी। 31 जनवरी को अलाव तापते समय महिला झुलसकर घायल हो गई थी। परिवार के लोगों ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला का इलाज बर्न वार्ड में चल रहा था सोमवार रात को महिला के इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। जिसके चलते बिना पुलिस को सूचना दिए शव लेकर सभी घर चले गए हैं।

अनदेखी मिलावटी खोया व पनीर बिगाड़ रही लोगों की सेहत, खाद्य विभाग नहीं कर रहा छापेमारी

सहालग बढ़ने के साथ मिलावटी पनीर की बिक्री भी बढ़ी

संजय श्रीवास्तव, जरवल,बहराइच

मिलावटी पनीर की फोटो।

अमृत विचार : क्षेत्र में इन दिनों शादियों का मौसम जोरों पर है। ऐसे में क्षेत्र के बाजारों में नकली खोया और पनीर की कालाबाजारी ने जोर पकड़ा हुआ है। क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य से खुलेआम हो रहे खिलवाड़ के पीछे संबंधित विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तमाशबीन बनकर आंखें मूंदे हुए है। लोगों ने खाद्य विभागों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए मिलावटखोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

कैसरगंज तहसील क्षेत्र के फखरपुर, कैसरगंज, जरवलरोड ,जरवल, गण्डारा, गजाधरपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में सहालग के मौसम में मिलावटखोर काफी सक्रिय हैं। मुनाफाखोर मोटा मुनाफा कमाने की एवज में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। सहालग के सीजन में नकली पनीर व खोया की बिक्री और सप्लाई करने का धन्धा बडे पैमाने पर चल रहा हैं। मुनाफाखोर बहुत ही कम दामों पर स्थानीय दुकानदारों को मिलावटी खोया और पनीर सप्लाई करते हैं। सहालग के दौरान क्षेत्र में हो रही शादी विवाह में मुनाफाखोर नकली खोया और पनीर को असली बताकर महंगे दामों पर बेंच रहे है। लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन व संबंधित विभाग ऐसे लोगों पर जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रहा है। शायद यही वजह है कि इन क्षेत्रों में यह धंधा दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर मिलावटखोर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं मिलावटी खोया व पनीर खाने से लोगों की सेहत भी बिगड रही है।

क्यों नही होती छापेमारी

खाद्य और रसद विभाग की मिलीभगत से बाजारों में नकली पनीर और खोया की बिक्री करने वाले मिलावटखोरों पर कार्यवाही नही करना विभागीय मिलीभगत को दर्शाता है। ऐसे मिलावटखोरों के खिलाफ कब होगी कार्यवाही। यह सवाल सभी के मन में उठ रहा है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

जिला अभिग्रहीत अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी। कुछ जगह पर अभियान चलाया गया था। अन्य स्थानों पर भी अभियान चलाया जाएगा।

मेरे इलाके में मेरी इजाजत के बिना कैसे खरीद ली जमीन

बहराइच, अमृत विचार : शहर के डिगिहा तिराहा निवासी दो लोगों के खिलाफ कोतवाली नगर की पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। आरोप है कि गिट्टी मोरंग व्यवसाई को जमीन खरीदने के मामले में 15 लाख की रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली नगर के खत्रीपुरा मोहल्ला निवासी ने दीपक श्रीवास्तव गिट्टी मोरंग के थोक व्यापारी हैं। वह थोक में गिट्टी मोरंग दुकानों पर डलवाते हैं। उन्होंने कोतवाली नगर में तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने शहर के मोहल्ला घसियारीपुरा में एक भूखंड अनिल कुमार आदि से लिया था। इसकी जानकारी होने पर संदीप कालिया व विवेक प्रजापति धमकी देते हुए कहा कि तुमने मेरे इलाके में बिना मेरी इजाजत के जमीन खरीदी है। जिसकी कीमत 64 लाख बनती है। आरोप है कि दोनों लोगों ने उनसे जमीन की कीमत के हिसाब से 15 लाख रुपए रंगदारी के रूप मांग रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि डर के चलते कुछ धनराशि दबंगों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर भी कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद सभी पूरी धनराशि की मांग कर रहें हैं। बता दें की संदीप थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर हत्या, बलबा समेत अन्य कई गंभीर मामलों जिले के विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज है। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से मुकदमा दर्ज कर रंगदारी वसूलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

संपादकीय

राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

गाजा युद्ध: फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

> कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

प्रसंगवश

अवगुन कहूं शराब का

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

> शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विपद्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

सोशल फोरम

कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है। -फेसबुक वॉल से

भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है। शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की ओर मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

एक नजर

देश रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए सत्यम

सत्यम चौरसिया।

सुलतानपुर, अमृत विचार। देश की राजधानी में भारतीय युवा वेलफेयर एसोसिएशन भारत की ओर से 2024 देश रत्न अवॉर्ड सेशन एक कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल न्यू दिल्ली में हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सुलतानपुर में मीडिया के सह संयोजक सत्यम चौरसिया को देश रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

एमए समाजशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा नौ को

सुलतानपुर, अमृत विचार। राणा प्रताप पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विषय के एमए प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक, मौखिक परीक्षा नौ फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। इसी विषय के एमए तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक, मौखिक परीक्षा 9 फरवरी को अपरान्ह एक बजे से महाविद्यालय में संपन्न होगी। समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो. एमपी सिंह बिसेन ने बताया कि सभी परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर महाविद्यालय उपस्थित हो। परीक्षा छूट जाने पर संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यार्थी का होगा।

बिजेथुआधाम से बाइक चोरी

सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। बिजेथुआ धाम में हनुमान जी का दर्शन करने आए पाकरपुर निवासी राजेश मिश्र की मोटर साइकिल चोरी हो गई। राजेश मिश्र अपनी पत्नी रामशीला के साथ दर्शन करने विजेथुआ धाम आए थे। बाइक दुकान पर खड़ी करके हनुमान जी का दर्शन करने चले गए और वापस लौटने पर बाइक वहां से गायब थी। राजेश मिश्र की पत्नी रामशीला ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस चौकी सूरापुर में दी है।

सुलतानपुर के शैलेश ने चांद पर खरीदी तीन एकड़ जमीन

तीन एकड़ जमीन के लिए देने पड़े मात्र 12 हजार रुपये

संवाददाता, सुलतानपुर

शैलेश सिंह।

चांद पर कराई गई ऑनलाइन रजिस्ट्री के दस्तावेज।

अमृत विचार। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह ने चंद्रमा पर तीन एकड़ जमीन खरीदी है। उन्होंने लूना सोसाइटी से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने तीन एकड़ जमीन मात्र 12 हजार रुपये में खरीदा है।

लूना इंटरनेशनल लाइसेंस प्राप्त भूमि दावा बिक्री एजेंसी है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय लूना सोसाइटी द्वारा प्रशासित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने में मदद करती है। जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल है, साथ ही प्रत्येक ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराना शामिल है। शैलेश के रजिस्ट्री दस्तावेज़ में वाष्प सागर में संपत्ति की एक विस्तृत तस्वीर भी दी गई है, जो संपत्ति पथ का सटीक स्थान दिखाती है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में पथ के क्षेत्र में स्थित सभी विशेषताएं शामिल हैं और यह संपत्ति को इंगित करने में सहायक है। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है। संपत्ति का रिकॉर्ड इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री द्वारा अपने वार्षिक प्रकाशन में स्थायी रूप से दर्ज किया जाता है, जिसे कॉपीराइट किया जाता है।

चांद पर जमीन का मालिक बनना गौरव की बात

शैलेश ने बताया कि हम बिजनेसमैन है। काफी समय से कुछ असामान्य व मज़ेदार चीज खोज रहे थे। इससे बेहतर उपहार क्या हो सकता है। जब अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर गया तब लोगों की नजर वहां गई। हमको सपना आया कि क्यों न वहां जमीन खरीदी जाय, जो आने वाले भविष्य में कभी काम आए। इसी कारण हमने वहां तीन एकड़ जमीन खरीदी है।

लूना इंटरनेशनल के बारे में जानें

चांद पर जमीन बेचने के लिए लूना इंटरनेशनल सोसायटी खुद को लाइसेंस प्राप्त एजेंसी होने का दावा करती है। इसकी वेबसाइट पर इसका कार्यालय स्विट्जरलैंड और न्यूयार्क में बताया गया है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय को विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है, जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल होने का भी दावा है। हालांकि 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक चांद की जमीन पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है और इस पर करीब 110 देशों के हस्ताक्षर हैं, लेकिन सालों से लूना सोसायटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री के जरिए चांद पर ऐसी जमीनें बेच रही है। जिसकी कानूनी मान्यता स्थापित नहीं है।

रुपये की नहीं सोच की वैल्यू: शैलेश

37 वर्षीय शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी हुई। परास्नातक डिग्री कूरेभार से हासिल की। 2010 से ठेकेदारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में श्री राम मंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के साथ मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भी इनका काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब गया तो खूब चर्चा हुई। गुजरात और लखीमपुर के लोग वहां पर जमीन खरीदे, इसका समाचार देखा। मन में आया कि हम भी खरीदे। नेट पर सर्च किया। मात्र तीन हजार रुपये एकड़ जमीन चांद पर मिल रही है। कोई भी आनलाइन खरीद सकता है। तीन एकड़ जमीन 12 हजार में खरीदा। रुपया नहीं सोच की वैल्यु है। करीब तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी होती है। मैंने अपनी तहसील बल्दीराय में चेक कराया तो वहां पर मेरी रजिस्ट्री का दस्तावेज फेयर मिला।

धारदार हथियार से बड़े भाई की हत्या, पिता गंभीर

आरोपित गिरफ्तार, पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद, पिता को केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, एसपी ने किया मौका मुआयना

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। लकड़ी काट रहे बड़े भाई और पिता पर छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पिटाई से घायल युवक को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दोनों का बीच-बचाव करने पहुंचे पिता भी गंभीर रूप से घायल हैं। उनको मेडिकल कॉलेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी सोमेन बर्मा ने मौका मुआयना किया है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मेंहदिया गांव में मंगलवार को सगे भाइयों राम मिलन और राजनाथ में पेड़ की डाल काटने को लेकर कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया। राम मिलन की छत पर घर के बगल लगे अर्जुन के पेड़ डालियां लटक रही थी। उसको उसने काट दिया। इसी बात से गुस्साए भाई राजनाथ ने अपने बेटे के साथ मिलकर राम मिलन पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। मारपीट में राम मिलन व उसे बचाने पहुंचे पिता राम जग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने राम मिलन (42) को मृत घोषित कर दिया। रामजग (65) को मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस आरोपित पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। दूसरे नंबर पर शोभनाथ है। जो परिवार के साथ दिल्ली में रहता है।

हत्या के बाद घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे एसपी सोमेन बर्मा। अमृत विचार

मामूली सी बात पर छोटे भाई ने बड़े भाई जिस तरह से हत्या कर रिश्ते को कलंकित किया उसकी क्षेत्र में काफी चर्चा है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी इंद्रावती, बेटे दीपक और बेटी प्राची का रो रो कर बुरा हाल है। हत्या की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह ने गांव पहुंचकर घटना के विषय में जानकारी ली। एसपी ने मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिया है।

बड़े बेटे के साथ रहता है पिता

मंगलवार को मामूली विवाद के बाद हुई हत्या से घर कोहराम मचा है। बेटे और बेटी की सिर से पिता और पत्नी से उसका सुहाग छिन गया। किसी को यह उम्मीद नहीं थी एक भाई अपने ही बड़े भाई का हत्यारा बन जाएगा। इस वारदात के बाद गांव के लोग भी अवाक हैं। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के राम जग यादव के तीन बेटे थे। जिसमें राम मिलन सबसे बड़ा था। दूसरे नंबर पर शोभनाथ है और तीसरे नम्बर पर राजनाथ है जो मामले में आरोपी है। तीनों भाई करीब छह साल पहले आपसी मनमुटाव के चलते अलग अलग रहने लगे थे। बताया जाता है हिस्सा बंटवारे को लेकर कभी कभार नोंकझोंक और कहासुनी भी होती थी। शोभनाथ दिल्ली में रहता है। पिता रामजग बड़े बेटे राम मिलन (अब मृतक) के साथ रहता था। राम मिलन भी परदेश में रहकर जीविकोपार्जन करता था। दीपावली में घर आया था, फिर घर पर ही था। राम मिलन की मौत के बाद उसकी पत्नी इंद्रावती बेसुध है। वहीं बेटे दीपक और बेटी प्राची भी पिता की मौत से सदमे में हैं। पिता रामजग को भी बीच बचाव में काफी चोटें आई हैं।

दलित उत्पीड़न व हमला करने के 3 आरोपी बरी

सुलतानपुर, अमृत विचार। कुड़वार थाना क्षेत्र के सादीपुर महराजगंज में सात साल पूर्व मारपीट, दलित उत्पीड़न के मामले में विशेष न्यायाधीश त्रिभुवन नाथ पासवान ने साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपियों को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि सादीपुर महाराजगंज निवासी रितेश कुमार ने आरोपी मुकलेसिन, जुलकमर, मो. मोईद, अबू सूफियान और मो. बेलाल पर 28 मई 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने जुलकमर और मोईद को क्लीन चिट दे दी। शेष तीन के खिलाफ विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष कोर्ट में ठोस सबूत पेश नहीं कर सका और विरोधाभासी बयानों के कारण संदेह का लाभ देते हुए न्यायाधीश ने तीनों को बरी कर दिया।

सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

- पालिकाध्यक्ष ने 1.75 करोड़ की राशि का चेक देकर किया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर

सेवानिवृत्त कर्मियों को देयकों के भुगतान की चेक देते पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल।

अमृत विचार। नगर पालिका प्रशासन की ओर से मंगलवार को दोपहर में पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों को माला पहनाकर और इसके साथ ही पांच साल पहले देयकों के लिए चक्कर लगा रहे कर्मचारियों को मिलाकर पालिकाध्यक्ष ने 31 कर्मचारियों को 1.75 करोड़ रुपए की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया।

समारोह में चेयरमैन अग्रवाल ने कहा कि काफी समय से रिडायर्ड कर्मचारी व मृत कर्मियों के आश्रित, पांच वर्षों से अधिक समय से पेंशन, परिवारिक पेंशन, एरियर, उपादान, अवकाश नकदीकरण के लिए 31 कर्मचारी व उनके परिवारीजन पांच साल से भटक रहे थे। जिसको लेकर सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की ओर से पांच साल की बकाया देयक 1.41 करोड़ रुपए, महंगाई भत्ता 22 लाख रुपए, नकादीकरण 12 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई। जिसके बाद कर्मचारियों को बकाया देयकों का भगुतान किया जाना सम्भव हुआ। इस दौरान चेयरमैन ने उत्कृष्ट सेवा के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया।

हर्ष फायरिंग के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार। हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोपों से इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 13 फरवरी की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई। बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया मामले में अभियोजन साक्ष्य के रूप में वादी गवाह दरोगा सुशील कुमार का साक्ष्य होना है।

वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा, परिजनों में कोहराम

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार। मंगलवार को कूरेभार बाजार के सेमरी मार्ग पर वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई शुरू की।

कूरेभार कस्बा निवासी समर यजदानी उर्फ मोनू (24) पुत्र जाहिर हुसैन बाइक से सेमरी मार्ग के रास्ते घर आ रहा था। अचानक एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से समर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार लाया गया, हालत नाजुक देखकर राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया गया है कि युवक बीटेक करने के बाद गाजियाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। शादी से लौटते समय मंगलवार को यह हादसा हुआ। मृतक मूलतः गोरखपुर के रहने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गोरखपुर के लिए निकल गए।

सार-संक्षेप

ठेकेदार के विरुद्ध चेयरमैन को दिया मांग पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ की ओर से संरक्षक अमोल वाजपेई एडवोकेट के नेतृत्व में समस्याओं के निदान के लिए चेयरमैन से मिलकर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मुख्य रूप से ठेका कर्मचारी के ईपीएफ का भुगतान न होने का आरोप ठेकेदार पर लगाया। पालिका द्वारा ईपीएफ का पैसा ठेकेदार की फर्म आरएसएस के खाते में कर दिया गया है, लेकिन ठेकेदार ने रुपए का भुगतान कर्मचारियों के खाते में नहीं किया जो कि भ्रष्टाचार है। ज्ञापन देते हुए यूनियन के संरक्षक अमोल वाजपेई एडवोकेट ने कहा कि मांग का निस्तारण 10 कार्य दिवस में न होने पर काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष चौधरी, राजू पहलवान, दिनेश कुमार आदि रहे।

पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। स्थानीय पुलिस ने पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रही है अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभारपुर निवासी प्रेम शंकर यादव उर्फ गौरी शंकर यादव पास्को एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था, जिसे मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सीओ ने किया थाने का निरीक्षण

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार। कादीपुर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने करौंदी कला थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण मंगलवार को किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने आगामी थाना दिवस पर क्षेत्र के प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी एवं गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर जमीनी विवाद को सुलझाने की बात कही। निरीक्षण में सीओ ने बीट पुस्तिका का निरीक्षण, दंगा रोधी उपकरण व शस्त्रों का निरीक्षण किया।

फेयरवेल पार्टी को लेकर छात्रों व शिक्षकों में हुआ विवाद

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार। इंटर कॉलेज में फेयरवेल पार्टी को लेकर छात्रों का शिक्षकों से विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझा बुझा मामला शांत कराया। स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित श्री सुभाष इंटर कालेज पालिया में इंटर के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को फेयरवेल पार्टी की तैयारी चल रही थी। विद्यार्थियों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन परिसर में फेयरवेल पार्टी करने से मना कर रहा था। जिसके चलते स्कूल प्रशासन व छात्र-छात्राओं के बीच विवाद बढ़ गया। वहीं छात्राओं का आरोप था कि शिक्षक द्वारा अपशब्दों के प्रयोग करते हुए कमरे में आ गए थे। जिसके चलते डायल 112 को सूचना दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र छात्राओं को समझा बुझाकर कालेज परिसर में फेयरवेल पार्टी न करने के लिए राजी कर लिया। भटमई चौकी इंचार्ज कन्हैया पांडेय ने बताया कि स्कूल प्रशासन व छात्र-छात्राओं से वार्ता कर मामले को सुलझा लिया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा कालेज से बाहर फेयरवेल पार्टी की गई।

पैसे के लेन देन के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली चांदा के सिहौली गांव में बीते बुधवार की देर रात प्रतापगढ़ जिले की रामगंज नगर पंचायत निवासी युवक सुशील कुमार यादव की कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक सुशील के बड़े भाई अनिल यादव की तहरीर पर चांदा पुलिस ने सुशील के साले बिझना निवासी गुड्डू यादव, नचरौला निवासी नीरज यादव, टीरु व संजय के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि थाना आसपुर देवसरा के लखनुडीह निवासी सौरभ कुमार सरोज एवं सुशील यादव की पुरानी दोस्ती थी। दोनो गांजे का कारोबार में साथ रहा करते थे। पूछताछ में पता चला कि रुपयों के लेनदेन में ही सौरभ ने सुशील की हत्या किया। चांदा पुलिस ने मंगलवार को सौरभ को गिरफ्तार किया। सौरभ की निशानदेही पर ही हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया गया। मुकदमे में आर्म्स एक्ट को बढ़ाया गया। कोतवाली निरीक्षक चांदा जय प्रकाश सिंह ने बताया कि गांजे के करोबार में लेनदेन ही हत्या की मुख्य वजह थी। प्रकरण में जांच-पड़ताल चल रही है।

फेसबुक पर गाय ख़रीद रही महिला ने गंवाए 20 हजार

सुलतानपुर, अमृत विचार। फेसबुक पर गाय बेचने की फ़ोटो डाल साइबर ठगो ने महिला से 20 हजार आनलाइन ले लिया। महिला ने जब गाय मांगी तो गाय देने से इंकार कर नंबर बंद कर लिया। महिला ने मामले की शिकायत एसपी से की है।

जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रवानियां गांव निवासी निशा यादव पत्नी सिकंदर ने मंगलवार को एसपी को शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता के मानें तो फेसबुक पर गाय बिकने का विज्ञापन देखा। जो की चौधरी डेयरी फर्म के नाम से था। महिला ने दिए गए नंबर पर बात की तो उसे गाय की कीमत 20 हजार रुपये बताई गई। साइबर ठगों ने एक नंबर दे तीन हजार एडवांस मांगा। महिला ने नंबर एक तीन हजार फोन पे कर दिया। तो सप्ताह भर बाद गाय देने की बात हुई। सप्ताह भर बाद महिला के पास फ़ोन आया कि बाकी के 17 हजार रुपए उक्त नंबर पर भेजे दो। तभी गाय मिल पाएगी साइबर ठगो के झांसे में आ महिला ने 17 हजार भेज दिया। लेकिन दस दिन तक गाय नहीं आयी। महिला ने जब फिर फ़ोन किया तो उससे तीन हज़ार रुपए और मांगे गए। महिला ने जब पैसा देने से इंकार कर दिए हुए पैसा मागा तो साइबर ठगो ने पैसा देने से इंकार करते हुए मोबाइल बंद कर लिया।

दूसरे दिन भी नहर में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार। स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरी शारदा सहायक नहर में सोमवार को कसमऊ के पास एक शव मिला था। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया पर सफलता न मिलने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। वहीं मंगलवार की दोपहर बाद ग्रामीणों को मिरदासपुर गांव के समीप एक शव फिर दिखाई दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज द्वारिकागंज अमित सिंह ने शव को नहर से निकलवाया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने बताया कि शव करीब पांच दिन पुराना लग रहा था। शिनाख्त नहीं हो पाई है, मोर्चरी भेजा गया है।

डॉक्टर दो साल तक छात्रा से बनाता रहा संबंध, शादी से किया इंकार

संवाददाता, सुलतानपुर

दिया धोखा

- पीड़िता ने सोमवार की शाम नदी में लगा दी थी छलांग, पुलिस ने चिकित्सक को किया गिरफ्तार

अमृत विचार। शादी का झांसा देकर छात्रा से लगातार दो साल से चिकित्सक शारीरिक संबंध बनाता रहा। छात्रा ने जब शादी का दबाव डाला तो चिकित्सक ने शादी से इंकार कर दिया। मानसिक रूप से टूट चुकी छात्रा ने मौत को गले लगाने के लिए नदी में कूद गई। लेकीन स्थानीय लोगों ने उसे बचा लिया। पुलिस के पूछताछ में जब शारीरिक संबंध बनाने का खुलासा हुआ तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ़ केस दर्ज कर लिया है।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रही थी। लखनऊ जाने से पहले उसको कादीपुर के चिकित्सक डा. आजाद खान ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिया। यह सिलसिला करीब दो वर्षो तक चलता रहा। लखनऊ से घर आई छात्रा ने जब चिकित्सक से शादी की बात की तो उसने शादी से इंकार कर दिया। जिससे छात्रा टूट गई सोमवार को घर से लखनऊ जाने के लिए निकली, लेकिन सुलतानपुर गोमती नदी पुल से कूद गई। आस पास के लोगों ने छात्रा को नदी से निकाला। मौके पर पहुंचे नगर कोतवाल ने छात्रा को मेडिकल कालेज भेज दिया। स्थिति सामान्य होने पर जब जब पुलिस ने पूछताछ किया तो शारीरिक शोषण का मामला सामने आया। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि आरोपी चिकित्सक के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चिकित्सक को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है।

लड़की को भगाने का केस दर्ज

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की रात करीब सात बजे उसकी पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी। जिसको वापस आते समय मंगल, राजकुमार और सूकन मिलकर लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले गए। पूछताछ करने पर लोग गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। थानाध्यक्ष मो. अकरम खान ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

तैयारी | 10 को शक्ति संवाद से शुरू अभियान 26 फरवरी को एनजीओ सम्मेलन के साथ होगा समाप्त

अब आधी आबादी को साधने में जोर लगाएगी भाजपा

संवाददाता, सुलतानपुर

भाजपा की कार्यशाला में शामिल कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी है। संगठन के कई अभियानों के जरिए भाजपा अलग-अलग वर्गों को साधने में जुटी है। इसी कड़ी में बीजेपी आधी आबादी यानी महिलाओं पर खास फोकस कर रही है। लोकसभा चुनाव से पूर्व 10 फरवरी से भाजपा स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं के बीच अपना जनाधार मजबूत करने को शक्ति वंदन अभियान शुरू करेंगी।

मंगलवार को पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार की अधिकांश योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है। भाजपा शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिलाओं को पार्टी से जोड़ेगी। उन्होंने कहा महिला आगे बढ़ती है तो समाज आगे बढ़ता है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं तीन तलाक, 33 प्रतिशत आरक्षण का नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मुद्रा लोन, ड्रोन दीदी, 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने समेत सरकार की विभिन्न योजनाएं महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला में डीडीओ ने महिला समूह के गठन से लेकर विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालन जिला महामंत्री घनश्याम चौहान ने किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम, 11 से 14 फरवरी तक विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। 12 से 21 फरवरी तक एसएचजी की महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क एवं 22 फरवरी को प्रधानमंत्री के संबोधन को हर मंडल में वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा। 25 या 26 फरवरी को एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

बैठक में जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, घनश्याम चौहान, धर्मेंद्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, विजय सिंह रघुवंशी, ब्लाक प्रमुख सर्वेश मिश्रा, अखिलेश सिंह डिंपल, योगेंद्र प्रताप सिंह, शिव कुमार सिंह, डॉ. प्रीति प्रकाश, अनीता पांडेय, आलोक आर्या, आनंद द्विवेदी, सुनील वर्मा,राजेश सिंह, मनोज मौर्या, अशोक सिंह, बबीता तिवारी,चंदन नारायण सिंह व रेखा निषाद आदि मौजूद रहे।

सर्व शिक्षा अभियान
कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर

पत्रांकः एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/13231–36/2023–24 दिनांकः 05/02/2024

जेम–बिड–विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/3–315/12423/2023–24 दिनांकः 09.012024 के माध्यम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं हेतु भोजन सामग्री, शिक्षण सामग्री, दैनिक उपभोग एवं अन्य विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का क्रय हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित ई–मार्केट प्लेस, जेम पोर्टल पर बिड सं0 GEM/2024/B/4578648, BID NO: GEM/2024/B/4578358, BID NO: GEM/2024/B/4577798 अपलोड की गयी है। इच्छुक फर्मो द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 पूर्वाहन 10.00 बजे तक निर्धारित है जो समिति के समक्ष दिनांक 14.02 2024 को बजे खोली जायेगी। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

एक नजर

पुलिस ने दस अभियुक्तों की खोली हिस्ट्रीशीट

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आपराधिक क्रिया-कलापों पर निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दस अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध अपराधियों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत अभियुक्तों के आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली गयी। जिसके अन्तर्गत अभियुक्तगण मुन्ना उर्फ शहाबुद्दीन, नजरे हुसैन, नियामुल खां, जब्बार निवासीगण परसा सुकुरुल्लाह थाना उसका बाजार, मोहम्मद वजीर निवासी बासादरगाह थाना भवानीगंज, मुस्तफा निवासी जंगलीपुर टोला बंजाराडीह थाना भवानीगंज, अतहर निवासी परसा महापात्र थाना सिद्धार्थनगर, सलीम उर्फ भुड्डर निवासी भगवानपुर टोला महलपुर थाना मोहाना, सब्बू उर्फ शबलू निवासी जबजौआ थाना डुमरियागंज, मुकद्दर निवासी कादिराबाद थाना डुमरियागंज के विरुद्ध थाना डुमरियागंज पर हिस्ट्रीशीट खोली गई, जिन पर सम्बन्धित थानों द्वारा निरंतर निगरानी रखी जायेगी।

नवागत थाना प्रभारी ने संभाला कार्य भार

उसका बाज़ार,सिद्धार्थनगर। पिछले कुछ दिनों से उस्का बाज़ार थानाक्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर की विदाई हो गई और पुलिस लाइन से आए रोहित उपाध्याय ने प्रभार संभाल लिया। उनके सामने न सिर्फ़ चोरी की घटनाओं को रोकने की ज़िम्मेदारी होगी बल्कि पूर्व की घटनाओं के पर्दाफ़ाश की चुनौती भी होगी। सभी मामलों की सूचना पीड़ितों ने पुलिस को दिया लेकिन पुलिस अभी तक जांच से आगे नहीं बढ़ पाई है।

वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। थाना मोहाना पुलिस द्वारा एक वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष मोहाना ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के मामले में थाना मोहाना में दर्ज मुकदमे से संबंधित अभियुक्त जितेन्द्र निवासी हैंसहिया थाना मोहाना को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

बस सेवा बंद होने से यात्री हो रहे परेशान

सिद्धार्थनगर, डुमरियागंज

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे बढ़नी चाफा से डुमरियागंज होते हुए जिला मुख्यालय तक तथा बस्ती वाया रुधौली होते हुए डुमरियागंज तक संचालित होने वाली रोडवेज बस सेवा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ी है। जिसके कारण उक्त मार्ग के यात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़नी चाफा से जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर जाने के लिए लोगों को तीन जगह साधन बदलना पड़ता है साथ ही उनका समय और किराया भी अधिक खर्च होता है।

जानकारी के अनुसार डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के पश्चिम छोर पर स्थित बढ़नीचाफा से डुमरियागंज होते हुए सोनहटी चौराहा वाया सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय तक 1 वर्ष पहले तक प्रतिदिन रोडवेज बस सिद्धार्थनगर डिपो का संचालन होता था। लेकिन उक्त बस सेवा का संचालन पिछले 1 वर्ष से अधिक समय से बंद पड़ा है। जिसके कारण उक्त मार्ग के यात्रियों को जिला मुख्यालय आने-जाने में समस्या हो रही है। इसी तरह बस्ती वाया रुधौली होते हुए डुमरियागंज तक संचालित होने वाली बस्ती डिपो की बस सेवा भी पिछले कई महीने से बंद पड़ी है। जिसके कारण उक्त मार्ग के यात्रियों को भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त दोनों सरकारी बसों के संचालन के लिए क्षेत्रीय प्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम बयारा के समाजसेवी काजी अहमद फरीद अब्बासी, कहते हैं कि बढ़नी चाफा से सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय के लिए चलने वाली बस सेवा बंद है। इस समस्या पर जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए। जिससे इस क्षेत्र के लोगों की जिला मुख्यालय की डगर आसान हो जाए। इसके अलावा अजय वर्मा, राकेश, राजेश, चौधरी, विवेक, हरिराम, अदनान अहमद आदि ने बढ़नी चंपा सिद्धार्थनगर परिवहन बस सेवा पुनः शुरू कराए जाने की मांग की है।

> बढ़नीचाफा से सिद्धार्थनगर के लिए चलने वाली परिवहन निगम की बस सेवा क्यों बंद हो गई इसकी जानकारी नहीं है। वैसे अभी वह जल्द ही यहां का कार्यभार ग्रहण किए हैं। प्रयास करेंगे की बढ़नीचाफा-सिद्धार्थनगर बस सेवा फिर से संचालित हो जाए।
>
> **-संजय गंगवार,** एआरएम, परिवहन सिद्धार्थनगर

खुले में शौच करने से दूषित होता है पर्यावरण, जागरूकता वैन की गई रवाना

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत आज जनपद में एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की तरफ से ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला सलाहकार संजय तिवारी आदि उपस्थित रहे। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से खुले में शौच मुक्त भारत बनाने एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि हमे खुले में शौच नहीं करना चाहिए। खुले में शौच करने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है और हमे अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही हाथ धुलने का सही तरीका बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने कहा इस तरह के कार्यक्रम आम जनमानस के बीच में प्रस्तुत करने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आएगा, जो हमारा स्वच्छ भारत मिशन का सपना है वह भी साकार होगा।

कांशीराम आवास में तीन दिनों से पानी की आपूर्ति ठप

पानी टंकी का मोटर खराब होने से समस्या, नगर पालिका के वाटर टैंकर से लोगों को पहुंची राहत

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। पानी टंकी का मोटर खराब होने से तीन दिन से कांशीराम आवास में पानी सप्लाई बंद है। जिससे यहां की पांच हजार आबादी को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। इंतजार के बाद पहुंचे नगर पालिका के वाटर टैंकर से पानी लेने के लिए महिलाएं व बच्चे कतार लगाने को मजबूर है। नपा कर्मचारियों का कहना है कि मोटर का खराब हुआ पार्ट यहां नहीं मिला है, बाहर से मंगाकर लगाया जाएगा तब सप्लाई शुरू हो सकेगा।

शहर के काशीराम आवास में स्थित एक हजार फ्लैट में रहने वाले लोगों को पहले से ही शुद्ध पानी उपलब्धता की किल्लत रही है। यहां लगे ओवरहेड टैंक से निकले सप्लाई पाइप के क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल रही है। जिससे ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर प्रथम व द्वितीय तल पर रहने वाले लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा था। उन्हें ग्राउंड फ्लोर पर लगे टोटी से ही बाल्टी में पानी लेकर ऊपर स्थित अपने फ्लैट तक चढ़ना पड़ता है।

इसी बीच रविवार को ओवरहेड टैंक के पंपसेट का मोटर खराब हो गया, जिससे अचानक पानी सप्लाई बंद हो गया। इसकी जानकारी होने पर नगर पालिका की तरफ से वाटर टैंकर भेजकर यहां के लोगों को पानी मुहैया कराया जा रहा है। फिलहाल सुबह और शाम को आने वाले का वाटर टैंकर का इंतजार करने को लोग कतार लगाकर खड़े रहते है। पानी मिलने के बाद ही उनका दैनिक क्रिया शुरू हो पाता है और भोजन बनाने व पीने के लिए भी इसी पानी पर निर्भर रहते है। तीन दिन से पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे काशीराम आवास के लोगों को जल्द मोटर बनने का इंतजार है। नगर पालिका की तरफ से सुबह शाम काशीराम आवास पहुंचने वाले वाटर टैंकर से पानी लेने के लिए लोगों के बीच धक्कामुक्की शुरू हो जाती है। इस बीच कुछ लोग जहां तीन से चार बाल्टी पानी लेने में सफल हो जाते है तो कुछ को एक ही बाल्टी पानी से संतोष करना पड़ता है। इनमें एक ही घर के कई लोगों के कतार में लगने से वह अधिक पानी पा जाते है, जबकि कुछ लोगों को बिना पानी के ही लौटना पड़ता है। इनमें कतार में लगे बच्चे भी मायूस होकर घर लौट जाते है।

नगर पालिका के वाटर टैंक से पानी भरतीं महिलाएं। अमृत विचार

काशीराम आवास में लोगों को पेयजल मुहैया कराने के लिए लगाए गए 11 से अधिक इंडिया मार्का हैंडपंपों में आठ खराब पड़े है। इनमें किसी का हैंडिल खराब है, तो कोई अंदर से खराब होने के कारण पानी नहीं उगलता है। इनमें कुछ तो कई वर्ष से खराब पड़े है जिनके मरम्मत का प्रयास ही नहीं किया गया। इनमें कुछ हैंडपंप कपड़ा सूखाने एवं अन्य कार्यों के लिए प्रयोग होते है। जो ठीक भी है वह भी दूषित पानी उगलते है। इस कारण यहां के लोगों को हर समय शुद्ध पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। कांशी आवास के लाले कनौजिया कहते हैं कि तीन दिन से पानी नहीं मिलने के कारण यहां के लोगों की बहुत सांसत हो रही है, सुबह से पानी के लिए कतार लगाकर जद्दोजहद करना पड़ता है। पानी के लिए पहले से कतार लगाकर वाटर टैंकर का इंतजार करना पड़ता है, सुबह से ही घर की महिलाओं और बच्चों पानी के लिए परेशान रहते है।

> ओवरहेड टैंक के पंपसेट का मोटर खराब होने की जानकारी हुई है, इसे ठीक कराने के लिए कर्मचारी लगाए गए है, जल्द ही मरम्मत करा, वाटर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।
>
> **-विंध्याचल,** ईओ नगर पालिका, सिद्धार्थनगर

रासायनिक खादों का अधिक प्रयोग घातक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को कृषकों की ओर से साधन सहकारी समिति पथरा बाजार में सामूहिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोरखपुर के पर्यावरणविद् भुनेश्वर पांडेय ने कहा कि हम लोगों के लिए सबसे जरूरी है धरती को बचाना। धरती के स्वस्थ रहने पर ही उससे पैदा होने वाली फसल भी स्वस्थ होगी। उन्होंने किसानों को बताया कि खेती के लिए मिट्टी छह इंच तक ही उपजाऊ मिट्टी होती है और इसी मिट्टी में उपजाऊ बनाने वाले जीव मौजूद रहते हैं। अधिक पैदावार की चाह में अंधाधुंध तरीके से रासायनिक खादों का प्रयोग मृदा के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही खतरनाक है। हमारी उपजाऊ मिट्टी निर्जीव हो रही है, इसके लिए हमें जैविक खेती की ओर ध्यान देने की जरूरत है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने प्राकृतिक खेती करने की अपील की।

निवर्तमान भाजपा नगर अध्यक्ष को चिल्हियां मण्डल का प्रभार

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठन को और अधित मजबूत बनाने की कड़ी में जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने संगठनात्मक नियुक्तियां की। निवर्तमान नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र को चिल्हियां मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया गया। अर्चिष्मान मिश्र ने पार्टी के कई दायित्वों पर रहते हुए पार्टी की सेवा की है। इस मौके पर अर्चिष्मान मिश्र ने बताया कि संगठन द्वारा मुझपर विश्वास कर मण्डल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, उसे मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ निर्वहन करूंगा। अर्चिष्मान को जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, सांसद जगदंबिका पाल, सदर विधायक श्यामधनी राही, जिला प्रभारी हरीचरण कुशवाहा, चेयरमैन गोविन्द माधव, मण्डल अध्यक्ष चिल्हियाँ रमेश मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्र, महेंद्र लोधी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं व तमाम लोगों ने बधाई दी है।

अर्चिष्मान मिश्र।

एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण कराया। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 10 भूमि, एक मारपीट व दो अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

यार्ड रिमॉडलिंग के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा हेतु उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागरात मंडल पर प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. खण्ड के जिवनाथपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग के रास्ते चलायी जायेगी। फलस्वरूप इस दौरान यह गाड़ी प्रयागराज छिवकी, वाराणसी के स्थान पर प्रयागराज जं. पर रूकेगी।

12168 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग बनारस-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनारस-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के रास्ते चलायी जायेगी। 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी के रास्ते चलायी जायेगी। 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-मानिकपुर के रास्ते चलायी जायेगी।

11045 कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी। 15632 गुवाहाटी-बाड़मेर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-मिर्जापुर-प्रयागराज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलायी जायेगी। 12818 आनन्द विहार टर्मिनस -हटिया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज-मिर्जापुर-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी।

12496 कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-मिर्जापुर-प्रयागराज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलायी जायेगी। 22410 आनन्द विहार टर्मिनस-गया एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज-मिर्जापुर-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी। 22806 आनन्द विहार टर्मिनस-भुवनेश्वर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज-मिर्जापुर-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी।

गुवाहाटी से 10 फरवरी,2024 को चलने वाली 15634 गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-मिर्जापुर-प्रयागराज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलायी जायेगी।

नई दिल्ली से 11 फरवरी,2024 को चलने वाली 22450 नई दिल्ली-गुवाहाटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज-मिर्जापुर-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.-प्रयागराज रामबाग-वाराणसी-पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं के रास्ते चलायी जायेगी।

भुवनेश्वर से 11 फरवरी,2024 को चलने वाली 12819 भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल-गाज़ियाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जं-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. के रास्ते चलायी जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

नवनियुक्त लेखपालों को बताए दायित्व व कार्य

गोरखपुर, अमृत विचार। शासन द्वारा नव नियुक्त लेखपालों को तहसील आवंटित कर दिया गया है। सदर तहसील को मिले 21 लेखपालों ने मंगलवार को सदर तहसील पहुंचकर पद भार ग्रहण किया। नवनियुक्त लेखपालों को नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान ने सदर तहसील सभागार में दायित्व और कर्तव्यों के बारे में बताया। इस दौरान अधिनियम 1950 और भू व्यवस्था अधिनियम 1901 की नियमावली के बारे में जानकारी दी। भूमिधर के प्रकार से अवगत कराते हुए कहा कि ये तीन प्रकार के होते हैं। संक्राम अधिकार, असंक्राम अधिकारी तथा असामी। कहा कि नवनियुक्त सभी लेखपाल प्रशिक्षण केन्द्र पर पूरी ईमानदारी व लगन से पूर्ण करें, जिससे सेवा काल में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। सेवाकाल में तीन चीजें नालेज, स्कील व एटीट्यूट सभी के अंदर होनी चाहिए। जब बेहतर जानकारी होती है तो नौकरी और आसान हो जाती है। दूसरा स्किल या कौशल होगा तो तभी जनता की भावनाओं को समझेंगे और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेंगे। तीसरा समाज के प्रति सहयोग का नजरिया सबके अंदर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखपाल का काम 24 घंटे का होता है, क्योंकि आपदा यथा बाढ़ सूखा आदि का कोई समय नहीं होता है। आप सभी को हर समय अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तत्पर रहना चाहिए सभी को दिए गए दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए कार्य करना होगा किसी के प्रलोभन में किसी प्रकार का कोई भी कार्य न करें इस दौरान रजिस्टार कानूनगो उदय राज रतना विवेकानंद लेखपाल विकास गुप्ता मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। धर्म रक्षा मंच में तत्वाधान में 8 व 9 फरवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर लगने वाले मेले में राम राम कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। मंगलवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्था, बैरिकेटिंग, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर चर्चा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद रहेंगी तथा चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी होगी। उन्होंने सभी से सुरक्षा घेरे से आगे न जाने व यातायात के नियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करने का आवाहन किया हैं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय, खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, लेखपाल रमेश श्रीवास्तव, जे.ई. रवि प्रताप सिंह, महन्त मिश्रा, शबलू, कासिम आदि उपस्थित रहे।

हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की हुई बैठक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। डुमरियागंज सोमवार को देर रात शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने राप्ती नदी तट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर लगने वाले मेले में कुश्ती दंगल की तैयारी पर चर्चा किया। पूर्व विधायक ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन 8 व 9 फरवरी को दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है, जिसमें देश विदेश के मशहूर पहलवान शामिल होंगे। उन्होंने आयोजक मंडल के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तैयारी के जुट जाने का आवाहन किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक तिलक साहू उर्फ तिलक बाबा, चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, पप्पू श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, मधुसूदन अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, चंद्रभान, सतीश, राजेश सभासद, विष्णु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

योगेंद्र सिंह को गोरखनाथ सर्किल का प्रभार

गोरखपुर, अमृत विचार। 2014 बैच के पीपीएस अधिकारी योगेंद्र सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चौरी चौरा क्षेत्राधिकारी से गोरखनाथ सर्किल का प्रभार सौंपा। गोरखनाथ सर्कल जनपद का सबसे वीआईपी सर्किल है गोरखनाथ सर्कल के अंतर्गत ही मुख्यमंत्री आवास (गोरखनाथ मंदिर) है जिससे जिम्मेदारियां बखूबी बढ़ जाती है वैसे योगेंद्र सिंह अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन करने वाले पीपीएस अधिकारी हैं गोरखपुर जनपद में अगस्त 2022 में कैंपियरगंज सर्कल का पदभार ग्रहण कर चार महीना बखूबी निर्वहन किया था जिन्हें एसएसपी ने 9 दिसंबर 2022 को कैंट सर्किल का सीओ फिर 9 सितंबर 2023 को चौरी चौरा का प्रभार दिया था अब श्री सिंह के कार्यों को देखते हुए महत्वपूर्ण सर्कल गोरखनाथ का क्षेत्राधिकारी नियुक्त कर दिया जो पदभार ग्रहण करते हुए श्री सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए अपराध मुक्त सर्किल बनाना पहली प्राथमिकता होगी सर्कल के अंतर्गत थानों के विवेचनाओं को गुणवत्ता युक्त निस्तारण कराने का कार्य किया जायेगा। जिससे बेवजह वादी को थानों या अन्य जगहों का चक्कर न लगाना पड़े हर फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने का कार्य किया जाएगा।

आयोजन भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला का हुआ आयोजन

नारी की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान के लिए बना बेहतर वातावरण

सिद्धार्थनगर

भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला में मौजूद महिलाएं व कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में शक्ति वंदन अभियान की कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि गोरखपुर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया।

मुख्य अतिथि संजीव राय ने कहा कि पिछले साढ़े 09 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी की गरिमा व सुरक्षा और उनके सम्मान व स्वावलंबन के लिए बेहतर वातावरण बनाया गया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नीतियों की ही देन है कि कोई भी राजनीतिक दल अब महिलाओं को विधान सभा और देश की संसद में पहुंचने से रोक नहीं पाएगा। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत हुई है। जिससे आत्मनिर्भर भारत के उत्थान हेतु नीति निर्माण में माताओं-बहनों की भूमिका बढ़ेगी। उक्त अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र, लाल जी त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, लोकसभा विस्तार शैलेश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रहरी, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, आनंद मणि त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, विकास जयसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उसका हेमंत जयसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश चौधरी, राजेंद्र दुबे, भाजपा नेता मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरूण मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव मिश्र, जिला महामंत्री महिला मोर्चा अनुपमा सिंह, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा फूलचंद जायसवाल, वरिष्ठ नेता अरविंद उपाध्याय, संपूर्णानंद पांडेय,पंकज चौबे मंडल अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धर्म दर्शन

भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा



भारद्वाज मुनि के संबंध में बाबा तुलसी ने मानस में लिखा-भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा। तापस सम दम दया निधाना, परमारथ पथ परम सुजाना।। अर्थात भारद्वाज मुनि प्रयाग में रहते हैं, उनका श्रीरामचंद्र जी के चरणों में अधिक प्रेम है। वे तपस्वी, शांत स्वभाव, इन्द्रियजित, दयालु और परमार्थ के मार्ग में बड़े चतुर हैं। एक बार माघ मास में तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर भारद्वाज मुनि के आश्रम में बहुत सारे मुनियों के साथ भारद्वाज के गुरु महर्षि याज्ञवल्क्य पधारे। भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य ऋषि के समक्ष अपना संशय प्रकट किया-रामु कवन प्रभु पूछऊं तोही।

याज्ञवल्क्य ऋषि ने जो रामकथा भारद्वाज मुनि को सुनाई वही कथा मानस में बाबा तुलसी ने गाया। वाल्मीकि रामायण और तुलसी के मानस दोनों में उल्लेख है कि राम वन जाते समय भारद्वाज आश्रम गए तथा भरत भीराम को वापस लाने के लिए जब चित्रकूट जा रहे थे तो प्रयाग में भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। वाल्मीकि रामायण में क्रौंच युगल में से नर पक्षी की निषाद द्वारा हत्या किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि को जो शोक हुआ और काव्य की जो धारा फूटी-मा निषाद प्रतिष्ठाम त्वमगमः शाश्वतीह समाः,यत क्रौन्चिमथुनादेकमवाधिः काममोहितम। उसके साक्षी महर्षि वाल्मीकि के शिष्य भरद्वाज मुनि भी रहे। योगवशिष्ठ के अनुसार महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम रामायण की कथा भारद्वाज मुनि की पत्नी पैठनसी को ही सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या कांड सर्ग 89 श्लोक 23 में भारद्वाज मुनि को देव पुरोहित से संबोधित किया गया है।

श्रुति-स्मृति-पुराण में भारद्वाज मुनि का संदर्भ मिलता है। अंगिरस वंशीय वृहस्पति अंगिरस के पुत्र-भारद्वाज मुनि वैदिक सुक्त-दृष्टा थे जिन्हें ऋग्वेद के छठवें मंडल के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय दिया जाता है। अथर्ववेद और ब्राह्मण ग्रंथों में भारद्वाज मुनि का उल्लेख मंत्र दृष्टा ऋषि के रूप में मिलता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारद्वाज मुनि के संबंध में बहुत सी कथाएं वायु पुराण, मत्स्य पुराण, विष्णु पुराण और ब्रह्मांड पुराण में मिलती हैं जिनके मंथन से स्पष्ट होता है कि अंगिरस पुत्र वृहस्पति वैशाली के मरुत राजा के पुरोहित थे। वैशाली में ही भारद्वाज का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन मरुत राजा ने ही किया। आगे चलकर भारद्वाज मुनि काशिराज सुदेव पुत्र दिवोदास के पुरोहित बने। वायु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार सुविख्यात पुरुवंशीय सम्राट राजा दुष्यंत और शकुंतला के यशस्वी पुत्र महाराज भरत जिससे भरत राजवंश की उत्पत्ति हुई और इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा,उनके कोई पुत्र नहीं था। वैशाली के मरुत ने पुत्र के रूप में भारद्वाज को भरत को प्रदान कर दिया।

भारद्वाज पहले ब्राह्मण थे,भरत के पुत्र होने के बाद क्षत्रिय कहलाए। दो पिताओं का पुत्र होने के कारण भारद्वाज को द्वयामुश्यायण भी कहा जाता है। मत्स्य पुराण और वायु पुराण में उल्लेख मिलता है कि भरत के मृत्योपरांत भारद्वाज ने राजपाट अपने पुत्र को सौंप कर वन चले गए। भरत वंश कई शाखा में बंटकर समस्त उत्तर भारत पर राज्य किया। भारद्वाज जन्मना कर्मणा ब्राह्मण और क्षत्रिय रहे। इसलिए भरत वंश में एक शाखा ब्राह्मण-क्षत्रिय मिश्रित रही जिसे उरुक्षय वंश कहा गया जिसमें महर्षि काप्य, महर्षि सांकृति, महर्षि गार्ग्य प्रसिद्ध हैं।

महाभारत में एक ऋषि भारद्वाज का उल्लेख मिलता है,जो उत्तर पांचाल के राजा पृषत के मित्र थे और कौरव पांडव के गुरु द्रोणाचार्य जिसके पुत्र थे। इन भारद्वाज को भी अग्निराकुलोत्पन्न बताया जाता है,पर यह संशय है कि ये वही भारद्वाज हैं,जो त्रेतायुग में प्रयाग में बसते थे।

भारद्वाज के सूक्तों से विदित होता है कि महर्षि भारद्वाज का संबंध पायु, रजि, पेरुक जैसे मध्येशिया की जातियों से था। हिलेब्रांट ने अपनी पुस्तक वैदिक माइथोलॉजी में उल्लेख किया है कि सृंजयों के साथ भी भारद्वाज संबद्ध थे। विद्वानों का मत है कि महर्षि भारद्वाज ने प्रयाग त्रिवेणी तट पर गुरुकुल स्थापित कर इसे ज्ञान का केंद्र बनाया जहां भारत के बाहर से भी विद्याध्ययन के लिए जिज्ञासु आते रहे। मंत्रदृष्टा के साथ-साथ,महर्षि भारद्वाज,धर्मशास्त्रकार, व्याकरण,आयुर्वेद धनुर्वेद के मनीषी तथा राजनीतिशास्त्र कार तथा वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध रहे। वायु पुराण के अनुसार उन्होंने आयुर्वेद संहिता आठ भागों में लिखी। यंत्र सर्वस्व ग्रंथ में वैमानिकी का वर्णन बताया जाता है। मुंबई विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में श्रौतसूत्र की एक पांडुलिपि है,जो भारद्वाज द्वारा लिखी कही जाती है। भारद्वाज का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सात बार आया है। राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रंथ-यशस्तिलक ग्रंथ में भारद्वाज के राजनीति विषयक श्लोक उपलब्ध हैं। भारद्वाज ऋषि ही ऐसे गोत्रकार ऋषि हैं,जो सभी वर्णों-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के विभिन्न आस्पद में गोत्र के रूप में मिलते हैं। भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा जिन्हें रामपद अति अनुरागा।

विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

आधुनिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु प्रांत के श्रीपेरुम्बुदूरपुरम् (तत्कालीन भूतपुरी) के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम 'कांतिमती' तथा पिता का नाम केशव भट्ट या सोमैय्या था। विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक होने के अतिरिक्त उनको हिंदूधर्म के पुरातन वैष्णव संप्रदाय का धुरंधर परमाचार्य माना जाता है। बचपन में ही उनको वैदिक शिक्षा के अध्ययन के निमित्त आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से प्रभावित गुरु यादव प्रकाश के संरक्षण में भेज दिया गया। वहीं पर वह 'वरदराज पेरुमल मंदिर' के आराध्य भक्त बन गए। उनकी विलक्षण प्रतिभा और श्रीहरि विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति उनके गुरु से अलगाव का कारण बनी। उधर यही अलगाव रामानुज के घूम-घूमकर उपदेश प्रसार के स्वर्णिम अवसरों का कारण बनी। उन दिनों वैष्णव धर्म के सुख्यात आचार्य एवं श्रृरंगमपुरम के सुप्रसिद्ध "श्रीरंगस्वामी मंदिर" के प्रधान पुजारी "यामुनाचार्य" दक्षिण भारत के तत्कालीन चोल राज्य के सबसे लोकप्रिय आचार्य थे। नए उपदेशक की सुख्याति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। स्वयं आगेआ "इलैय्यावार" (रामानुज का मूल तमिल नामथा, जिसका अर्थस्वतः 'प्रकाशमान' होता है) से संपर्क किया तथा अपना पट्टशिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया।

अपने गुरु की अंतिम इच्छा का पालन करने के लिए 'इल्लैय्यावर' से 'रामानुज' बने आचार्य ने तीन-तीन कठिन संकल्प लिया था। यामुनाचार्य की तीन इच्छाएं पूरी न हो सकीं थीं। उनके शिष्यों के अनुसार उनके गुरुदेव की तीन ये प्रतिज्ञाएं क्रमशः ब्रह्मसूत्र का भाष्य लिखना, (2) दिल्ली के सुल्तान के यहां से श्रीराम मूर्ति जी, वैष्णवाचार्य का उद्धार तथा (3) विशिष्टाद्वैत के चतुर्दिक प्रचार हेतु दिग्विजय हेतु भ्रमण। पारंपरिक अनुश्रुति के अनुसार ज्योंही मृतगुरु के शव के रामानुजाचार्य जी ने तीनों की पूर्ति का प्रण लिया, गुरु की टेढ़ी हुई तीनों अंगुलियां स्वतः सीधी हो गईं। गुरु यामुनाचार्य का अंतिम संस्कार संपन्न कर रामानुज जी कांचीपुरम लौट गए। वहां से लौटने के बाद अपने वैवाहिक जीवन से ऊबकर संन्यासी बन चुके रामानुजाचार्य ने कांची में ही महापूर्ण स्वामी से व्यासकृत वेदांत सूत्रों के अर्थ के साथ तीन हजार गाथाओं का उपदेश भी प्राप्त किया।

शक्ति संपन्न सोमदेव

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

हे यज्ञ साधनों। आप नेतृत्व की क्षमता से संपन्न हैं। हम आपके माध्यम से राक्षसी शक्तियों के मर्मस्थल पर प्रहार करते हैं। हम द्युलोक, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी के हित की दृष्टि से आपको शुद्ध करते हैं। आप पिता की तरह पालक एवं प्रजाओं के आश्रय हैं। आप अपनी सद्भावनाओं से द्युलोक का स्पर्श करें,सद्विचारों से अंतरिक्ष को भर दें तथा सत्कर्मों से पृथ्वी को सुदृढ बनाएं। हे सर्वव्यापी यज्ञदेव। ज्ञानीजनों का समूह आपको सूर्य के दिव्य प्रकाश की भांति कण-कण में समाया हुआ अनुभव करता है। समस्त पृथ्वी, वन एवं पशुओं में आपका ही विस्तार है। आप याजकों को चारों ओर से भरपूर वैभव प्रदान करें।

हे याजक! हम आपके प्राण, वाणी, दृष्टि, श्रोत्र नाभि आदि अंगों को शुद्ध करते हैं। इस प्रकार आपके चरित्र का शोधन करके उसे यज्ञानुकूल बनाते हैं। आपके मन,वाणी और प्राण उत्कर्ष को प्राप्त करें। आपके नेत्र एवं कर्ण कल्याणकारी शक्तियों से संयुक्त रहें। आपके समस्त आचरण सदैव सुखदायी हों। हे औषधे। इनकी रक्षा करें और इन्हें नष्ट होने से बचाएं। हे जलदेवता। आप जिस प्रकार शरीरस्थ मैलों को दूर करते हैं,उसी प्रकार याजक के जो भी ईर्ष्या, द्वेष, असत्य भाषण, मिथ्यादोषरोपण आदि निंदनीय कर्म हैं,आप उन सब दोषों को दूर करें। जल एवं वायु अपने प्रवाह से पवित्र करके हमें यज्ञीय प्रयोजन के अनुरूप बनाएं।

हे हवि! आप स्थूल,सूक्ष्म और कारण रूप में सिंधुपर्यंत पृथ्वी,अंतरिक्ष एवं द्युलोक तक अपना विस्तार करें। आप इस जगत के उत्पादक सविता देवता,मित्र,वरुण, सोम, वैश्वानर अग्नि, दिन, रात्रि, छंदों, यज्ञादि समस्त देव शक्तियों को तृप्ति प्रदान करें। अपने धूम्र अर्थात् वायु-भूत ऊर्जा से द्युलोक को प्रकाश से अंतरिक्ष को एवं भस्म से पृथ्वी को परिपूर्ण करें। हमारे अंतःकरण को सत्कर्म के लिए दिव्य प्रेरणाएं प्रदान करें। हे सोमरूपी अमृत का संरक्षण करने वाली देवशक्तियों। आप कल्याणकारी हैं, वृत्र रूप विकारों का नाश करके सोम का पोषण करने वाली तथा धन प्रदायक हैं। आप इस यज्ञ का नेतृत्व करें तथा सोमरस का पान करें। कभी नष्ट न होने वाले हे दिव्य सोम। आप हमारे आहार को मधुर रस आदि तत्वों से युक्त कर दें। आपके जागृत स्वरूप के लिए हम यह आहुति समर्पित करते हैं। यह आहुति अनंत अंतरिक्ष में विस्तार प्राप्त करे। अनंत शक्ति संपन्न हे सोमदेव! आपके अनुग्रह से हम याजकगण सदैव देवताओं के निमित्त हवि देने वाले हों। विश्व मानव द्वारा वरण करने योग्य यह पहली सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है। संस्कारित सोमदेव,वरुण मित्र तथा अग्निदेवों में अग्रणी हैं।

बौद्धिक क्षमता का पर्व गुप्त नवरात्र

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऋषियों का 'यत पिंडे तत ब्रह्मांडे' कथन आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि वैज्ञानिक कसौटी पर भी हर पल शोध का विषय बना हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड अद्भभुत है तो मानव-शरीर भी रहस्यातीत है। ऋषियों ने कोटिसूर्य की बात कही तो मानव शरीर में भी अनंत सूर्य सदृश तेज है,जो सुषुप्त अवस्था में है,उसे ही जागृत करने के लिए योग, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि के विधान किए गए। वैदिक काल में वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के बजाय माघ शुक्ल की प्रतिपदा से होती रही है। इसी अवधि में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना बौद्धिक धन की प्राप्ति के लिए की जाती रही है। माघ महीने में संगम स्नान के दौरान जुटे गुरुजन जनमानस में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। समाज संचालन में जैसे शासक एवं शासित होते हैं,उसी तरह ज्ञान के क्षेत्र में गुरु और शिष्य तथा लोकजीवन में पुरोहित एवं गृहस्थ की व्यवस्था बनी है। शक्ति-संचय का पर्व वर्ष में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र विख्यात है। भगवान राम ने भी रावण से युद्ध के पूर्व मां दुर्गा से शक्ति पाने के लिए शरद-ऋतु में कठोर उपासना की थी। वैसे तो श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में एक सौर वर्ष में नौ नवरात्र के पर्व का उल्लेख है जिसमें शारदीय, वासंतिक के अलावा आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष (अग्रहायण), माघ एवं फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक व्रत-उपवास के साथ मां दुर्गा से उपासक शक्ति प्राप्त करता है। इसे नवाह यज्ञ बताया गया है। ब्रह्मांड में विद्यमान शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से अनंत ऊर्जा प्राप्त करने के अलावा नौ माह गर्भ में रखकर जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी विधान परिलक्षित होता है। पुराणकारों का मानना है कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषियों, मुनियों ने इस तरह के तप-बल से प्रकृति से संवाद किया और प्रकृति में व्याप्त रहस्यों को मानव कल्याण के लिए प्रकट किया। आज विज्ञान भी इन ऋषियों के ही ज्ञान को आधार बनाकर अनेकानेक खोज करने में सफल हुआ है।

शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र जिसे प्रकट नवरात्र कहा जाता है, के अलावा आषाढ़ एवं माघ महीने में गुप्त नवरात्र का भी उल्लेख उक्त पुराण में है। इसी पुराण के 12 वें स्कंध के 21 वें श्लोक में भक्तों की चार श्रेणियां बतायी गईं। जिसे वैष्णव, शैव, सौर तथा गाणपत्य भक्त शामिल हैं। इन सभी लोगों को अपनी रुचि के अनुसार या समस्त नवरात्रों पर साधना करनी चाहिए। इस वर्ष माघ का यह गुप्त नवरात्र नौ दिवसीय है,जो 10 फरवरी से 18 फरवरी तक रहेगा।

प्रदेश

विचाराधीन मामलों में सार्वजनिक बयान देने से बचें : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

कोर्ट-कचहरी

- ज्ञानवापी प्रकरण पर पक्षकारों को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश
- मुस्लिम पक्ष की संशोधन अर्जी को कोर्ट ने किया स्वीकार

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यास तहखाने में 'पूजा' से संबंधित मामले में पक्षकारों को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को लेकर तब तक कोई सार्वजनिक बयान ना दें, जब तक मामला विचाराधीन है।

उक्त मामले की सुनवाई को बुधवार के लिए स्थगित करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि पक्षकार मीडियाबाजी करने से बचें, साथ ही जनता के बीच तब तक बयान मत दीजिए, जब तक मामले का फैसला कोर्ट द्वारा नहीं हो जाता है। इसके साथ ही पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी अपील में संशोधन करने के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया था, जिसके अनुपालन में मंगलवार को उक्त पक्ष ने संशोधन की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी गई थी।

समिति के अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने जिला न्यायाधीश, वाराणसी के आदेश को निष्पादित करने में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिखाई गई तत्परता पर सवाल उठाते हुए विवादित क्षेत्र की तेजी से सफाई करने और तहखाने के भीतर पूजा-अनुष्ठानों की व्यवस्था करने पर भी आपत्ति जताई। दूसरी ओर हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति ने वाराणसी कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती नहीं दी है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को संपत्ति के रिसीवर के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि सीपीसी की धारा 151 के तहत शक्तियों का प्रयोग करके पूजा की अनुमति देने वाला आदेश 31 जनवरी को पारित किया गया।

इसके तुरंत बाद जिला मजिस्ट्रेट ने अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ काशी कॉरिडोर के गेट नंबर 4 के माध्यम से मस्जिद परिसर में प्रवेश किया और तहखाने का ताला खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्र में नियमित पूजा शुरू हो गई।

मांगी गई राहत को दलीलों से समर्थित किया जाना चाहिए

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- याचिका का मसौदा तैयार करते वक्त बरतें सावधानी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि मांगी गई राहत प्रदान करने के लिए एक रिट याचिका का मसौदा बहुत सावधानी से तैयार करना चाहिए। दलीलें किसी भी मुकदमे का अनिवार्य हिस्सा होती हैं।

मांगी गई राहत को दलीलों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। याचिकाओं का वर्तमान समूह इसका उदाहरण है, जहां मांगी गई प्रार्थनाएं न केवल अस्पष्ट हैं बल्कि भौतिक दलीलों द्वारा भी समर्थित नहीं हैं। याचियों ने संपूर्ण प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा न करके विशेष त्रुटि की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने उषा वर्मा व अन्य दर्जनों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। कुछ परिस्थितियों में संदर्भित सरकारी आदेशों के अनुसार शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है, लेकिन उन आदेशों का विवरण वर्तमान याचिकाओं का हिस्सा नहीं है। यह अविश्वसनीय है कि याचियों को प्रासंगिक सरकारी आदेशों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसके तहत शिक्षकों को कुछ शर्तों के अधीन ग्रेच्युटी देय है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालयों में हों या जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हों। याचियों ने मुख्य रूप से ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी की मांग की है, लेकिन उन्होंने उपरोक्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी का प्रावधान करने वाले सरकारी आदेशों का जिक्र नहीं किया है, न ही प्रासंगिक शासनादेश को रिकॉर्ड पर रखा। इस आधार पर कोर्ट ने पाया कि याची सेवानिवृत्त कर्मचारी या मृत कर्मचारियों के पिता, पति तथा माता हैं, जिन्होंने कई वर्षों से ग्रेच्युटी की कोई मांग नहीं उठाई है। अंत में कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए याचियों को ग्रेच्युटी का लाभ उठाने के लिए उपलब्ध कानूनी सहारा लेने की स्वतंत्रता दी है।

वर्ग पहेली-335

बाएं से दाएं

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

ऊपर से नीचे

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



वर्ग पहेली - 334 का हल

1 ने	ग	2 चा	र	
		दु		3 मां
		का		ङ
4 भा	र	5 जी	वी	
रि		वा		6 पा
त		था		व
		7 बी	र	बा	नी

सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2		3		4				
		8			7		5	
1					5			2
	2			5			3	
9			6		2			5
	1			8			4	
4			1			5		3
	6		5			9		
				2				8

सुडोकू - 51 का हल

3	1	9	6	7	4	8	5	2
2	6	7	5	1	8	4	3	9
5	4	8	9	2	3	6	7	1
4	5	1	2	3	6	7	9	8
7	3	2	8	4	9	5	1	6
9	8	6	7	5	1	2	4	3
8	9	4	3	6	5	1	2	7
1	7	3	4	8	2	9	6	5
6	2	5	1	9	7	3	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 14 .02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04 .37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी,किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

वृष — आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मिथुन — आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

कर्क — आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

सिंह — आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

कन्या — आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

तुला — आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

वृश्चिक — आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

धनु — आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मकर — आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

कुंभ — आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

मीन — आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	धड़कन सुबह : 11.14 यस बॉस रात : 07.14
SONY MAX	पागलपंती सुबह : 10.11 पति पत्नी और वो रात : 07.00
SONY PIX	एज ऑफ टूमारो सुबह : 09.34 हेलबॉय रात : 08.45
ZEE CINEMA	सिलसिला है प्यार का सुबह : 10.30 स्पाइडर रात : 07.30
colors CINEPLEX	गब्बर इज बैक दोपहर : 01.27 द बॉडी रात : 10.03

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार,मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

एक नजर

गलत ढंग से प्रवेश लेने वाले 11 छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अयोध्या, अमृत विचार : मेडिकल कालेज दर्शन नगर में बीएससी नर्सिंग में गलत ढंग से प्रवेश लेने वाले 11 छात्रों के खिलाफ कालेज प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया है। प्रिंसिपल डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज करा दी गई है। जांच में बीएससी नर्सिंग के सत्र 2023-24 छात्रों के प्रवेश संदिग्ध मिले थे। नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा कल्पना बोरसे ने तहरीर में अमर सिंह, वीरेश मिश्रा, आंचल पटेल, अर्पित वर्मा, अश्वनी कुमार, आयुष कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार यादव, किशन कुमार सोनी, सत्य प्रकाश पाण्डेय, शिवम यादव व वेदान्त कुमार के प्रवेश को संदिग्ध बताया था। अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनउ में इनका रोल नंबर, नाम व फोटो मिलान करने पर संदिग्ध मिले थे। प्राचार्य कल्पना बोरसे की तहरीर पर सभी के खिलाफ धारा 419, 410 में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अयोध्या कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि 11 छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्रकरण की जांच की जा रही है।

चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश की कठिन परीक्षा देगी योगी सरकार

7.5 लाख करोड़ के निवेश से 10,441 उद्योग धरातल पर क्रियान्वयन के लिए तैयार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कलियुग में राम राज्य का मनमोहक सपना दिखाता बजट भी आ गया। जनआकांक्षाओं पर आशंकाएं गिनाता विपक्ष का शोर भी शुरू हो गया है। मगर, योगी सरकार पहली परीक्षा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश के दावे की होने जा रही है। इसी फरवरी माह में भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारने का लक्ष्य है, हालांकि 7.5 लाख करोड़ निवेश से 10 हजार 441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में वही सख्शियत अमिट रंग भरने आ रहे, जिन्होंने कुछ दिन पहले ही अयोध्या में मेरे राम आ गए.. का बिगुल बजाया था।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने की सहमति दे दी है। अब इसी माह के आखिरी पखवारे में कार्यक्रम को लेकर पीएमओ भेजी गई संभावित तिथियों में कोई एक अपनी सुविधानुसार मोदी तय करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जिस अभिभाषण और योगी सरकार के बजट पर मंगलवार को विपक्ष के प्रहारों को सत्ता पक्ष निष्फल करने में जुटा है, उसकी पहली चुनौती चंद कदम ही दूर है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहा गया था कि पिछले साल इसी महीने में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम मोदी ने दी आने की सहमति

15 से 25 के बीच भूमि पूजन

यूपी में उद्योगों का भूमि पूजन समारोह की पहली संभावित तिथि 15 फरवरी है। हालांकि आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान को 25 फरवरी तक शादी के लिए बुकिंग से सरकार ने मना कर रखा है। इससे तय है कि मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 15 से 25 के बीच कोई तिथि फाइनल हो सकती है। सरकार तीन दिवसीय समारोह के लिए करीब तीन हजार निवेशकों को भी आमंत्रित करने की तैयारी कर चुकी है। सरकार का लक्ष्य भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारना है।

बजट में भी उद्योग प्रदेश बनाने के लिए सरकार ने खजाना खोलने का दावा किया है। एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़, गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 2057 करोड़ 76 लाख, स्टेट हाईवे के लिए 2881 करोड़, सड़कों के मेंटेनेंस के लिए 3000 करोड़, पुलों और आरओबी के लिए 3850 करोड़, अयोध्या एयरपोर्ट का विस्तार और जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था करके आधारभूत ढांचा सजा रही है।

उप्र. औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के जरिए एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य उद्योग प्रदेश से ही पूरा होना है। पिछड़े इलाके पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध आदि क्षेत्रों तक प्रगतिशील, नवीन और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करके सरकार उन सवालों का जबाव भी दे रही है कि नोएडा और गाजियाबाद के बाद अन्य जिलों में अब बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। इसी कड़ी में डिफेंस कॉरीडोर के 6 नोड्स में से 3 नोड्स का आवंटन पूर्ण हो चुका है।

पहले इन्वेस्टर्स समिट के निवेश को धरातल पर उतारने में लगे कई वर्ष

राज्य सरकार ने 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में 4 .28 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसे धरातल पर उतारने के लिए तीन ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी हुई। पहला ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 2018 में लगभग 61 हजार करोड़ के निवेश की 81 परियोजनाएं, 2019 में दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के जरिए 65 हजार करोड़ के निवेश की 250 से आधिक परियोजनाएं और 2022 में तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से 80 हजार करोड़ के निवेश की 1400 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। अब 2023 की 40 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल तक पहुंचाने में सरकार कितना समय लेगी, भविष्य बताएगा।

सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक को दी बधाई

संवाददाता, संतकबीर नगर

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी ने युवा भाजपा नेता और खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक के सचिव राजेश प्रकाश मिश्र को सहकारिता प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र का सहसंयोजक मनोनीत किया है। बताते चलें कि पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र के बड़े सुपुत्र राजेश प्रकाश मिश्र विगत 25 वर्षों से पार्टी की समर्पित भाव से सेवा करते आ रहे हैं।

सहकारिता के क्षेत्र में उनके बेहतरीन योगदान के चलते पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कहा गया कि राजेश प्रकाश मिश्र को सहकारिता प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र का सहसंयोजक मनोनीत किए जाने से काफी मजबूती भी मिलेगी। यह भी कहा गया कि उनके मनोनयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र, अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, नागेंद्र भारती, विवेकानंद वर्मा, पीएन सिंह, बद्री प्रसाद यादव समेत तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

राजेश प्रकाश मिश्र। अमृत विचार

● राजेश प्रकाश मिश्र को भाजपा ने बनाया सहकारिता प्रकोष्ठ का सह संयोजक

संविधान-आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा

खलीलाबाद क्षेत्र के बयारा में लगी समाजवादी पार्टी की पंचायत

संवाददाता, संतकबीर नगर

अमृत विचार : सोमवार को खलीलाबाद विधानसभा के ग्रामसभा बयारा में पीडीए पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जिताने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के निर्देश के क्रम में सोमवार को खलीलाबाद विधानसभा के ग्रामसभा बयारा में पीडीए पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार के जनविरोधी कार्यक्रम बेरोजगारी, जातिगत जनगणना पीडीए पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान लोकसभा चुनाव में गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यक साथियों को बराबरी का हक, रोजगार दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी को भरी मतों से जिताने का संकल्प लिया गया।इस दौरान सपा के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण ऊर्फ जय चौबे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव देश के इकलौते नेता हैं जो समाज के उपेक्षित वर्गों, गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। जबकि सत्ताधारी भाजपा संविधान और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बीजेपी देश को गुलामी की ओर ले जाना चाहती है।

पीडीए जन पंचायत को सम्बोधित करते पूर्व विधायक जय चौबे। अमृत विचार

बिहार में मुख्यमंत्री रहते कर्पूरी ठाकुर ने जिस प्रकार पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया उसी तरह से अखिलेश यादव आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। पीडीए के दबाव में ही भारत सरकार को जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देना पड़ा।

इस दौरान सपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामबृक्ष यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव, जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू यादव आदि रहे।

माध्यमिक स्कूलों में 11094 शिक्षकों की भर्ती होगी

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाइब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। अपना दल से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक सेवा नियमावली-1992 समूह' ख ' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है।

मछली पालन और केले की खेती का कॉकटेल बढ़ाएगा किसानों की आय

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार : बस्ती के डीएम अंद्रा वामसी किसानों के लिए देवदूत बनकर सामने आए हैं। उन्होंने जिले के किसानों और मछली पालकों की आय दोगुनी करने का रास्ता खोज निकाला है। अब तालाबों में मछली पालन और किनारों पर केले की खेती के कॉकटेल से किसानों की बल्ले-बल्ले होने जा रही है। जिले के 1085 तालाबों में मछली पालन शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट को मनरेगा से शुरू किया गया है।

डीएम अंद्रा वामसी ने बताया कि मछली तालाब के चारों तरफ केले का पौधरोपण कर बड़े पैमाने पर एकीकृत खेती शुरू की गई है। केला फॉर्म के तौर विकसित तालाबों की संख्या 1085 है। इनके चारों तरफ 42,492 केले के पौधे लगे हैं। प्रोजेक्ट के लिए 1185 गांवों में से 1111 गांव चयनित किए गए हैं। 1085 गांवों में कार्य पूरा होने पर में 9150 जॉब कार्ड धारकों को काम मिला है। प्रति तालाब निर्माण में 1.28 लाख से लेकर छह लाख रुपये तक खर्च किए गए हैं। औसतन मछली उत्पादन 682 किलो प्रति तालाब वार्षिक है।

बस्ती में इस तरह से तालाबों का निर्माण कराया गया है।

स्वयं सहायता समूह करेंगे संचालन

डीएम अंद्रा वामसी ने बताया कि अधिकांश प्रोजेक्ट का संचालन स्वयं सहायता समूह करेंगे। औसतन प्रति तालाब डेढ़ से दो लाख रुपये मछली से आमदनी होगी। औसतन एक तालाब पर 40 से 50 केले के पौधे लगाए गए हैं। प्रति 100 केले के पौधे पर औसतन 25 हजार रुपये की आय संभावित है। 42 हजार से अधिक पौधों से 1.1 करोड़ के आय की संभावना है। लगभग 21 से 22 करोड़ रुपये की आय मछली पालन से संभावित है। एक वर्ष में इस प्रोजेक्ट से 23 करोड़ का उत्पाद बाजार में आने की संभावना है।

एक जाति, एक परिवार की है समाजवादी पार्टी

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में सपा पर किया सीधा हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को नौकरियों में आरक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ने और प्रोन्नति में आरक्षण का विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा एक जाति, एक परिवार की पार्टी है। सपा ने पूर्व में जो पाप किए, उसे ये अब धो रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सपा पर केवल अखबार में छपने के लिए मुद्दे उठाने का आरोप लगाते हुए इसे 'छपासू रोग' की संज्ञा दी। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध प्रकट किया।

इससे पहले सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने भी उप मुख्यमंत्री के कथनों को जैसे ही लफ्फाजी बताया, सत्तापक्ष के सदस्य विरोध में उठ खड़े हुए और वर्मा से यह बयान वापस लेने का दबाव बनाने लगे।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी हस्तक्षेप करते हुए ऐसी टिप्पणी न करने का सुझाव दिया। लालजी वर्मा ने ही कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत पीजीआई, लोहिया समेत चिकित्सीय संस्थानों में नियुक्तियों में आरक्षण पर खड़े किए थे।

विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य सदस्य।

जिसे मंदिर देखना हो चले, आगे मस्जिद के लिए भी चलेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में स्पष्ट किया कि, राम मंदिर की ही तरह विधायकों के साथ भविष्य में मस्जिद (प्रस्तावित) देखने चलने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही उन्होंने साफ किया कि मैंने कहा है कि, रामलला दर्शन को अयोध्या जो जाना चाहें जाएं। दरअसल, विधानसभा में आरक्षण पर सत्तापक्ष और विपक्ष की तीखी नोकझोक के बाद सपा सदस्य इकबाल महमूद ने पीठ से रामलला की तर्ज पर विधायकों को वह स्थान भी दिखाने की गुजारिश की जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद बनना प्रस्तावित है। सपा सदस्य ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि अगर सभी विधायकों को आप साथ अयोध्या ले जाकर दर्शन कराना चाहते हैं तो वहीं कुछ दूरी पर वह स्थान भी जहां राम मंदिर की ही तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद निर्माण के लिए स्थान सुरक्षित किया गया है। सपा सदस्य ने अपनी इस अपील के पीछे सामाजिक सद्भावना, एकता का हवाला दिया। इस पर महाना ने कहा कि आगे जब मस्जिद कमेटी कहेगी तो हम वहां भी चलेंगे।

संतकबीर नगर में ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

धनघटा, संतकबीर नगर

अमृत विचार: धनघटा चौराहे पर सोमवार की देर रात सामने से आ रहे बाईक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक ड्राइवर अपना संतुलन खो दिया और ट्रक सड़क किनारे मौजूद एक युवक के ऊपर चढ़ गई। इस घटना में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ कर धनघटा पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम करीब 9 बजे एक ट्रक धनघटा से शनिचरा बाजार की तरफ जा रही थी। जैसे ही धनघटा चौक से 200 मीटर आगे बढ़ी कि सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक ड्राइवर अपना संतुलन खो दिया और ट्रक सड़क किनारे खड़े 38 वर्षीय युवक के ऊपर चढ़ गई। वहां मौजूद लोगों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान करने में जुट गई। थोड़ी ही देर में युवक की पहचान परंतु युवक की पहचान दिनेश पुत्र रामशब्द निवासी कस्बा हैंसरबाजार के रुप में हो गई।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त हो चुकी है। शव का पंचनामा भरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी ट्रक और चालक पुलिस के कब्जे में हैं। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा कायम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पति की मौत के बाद रीता हुई बेसहारा

धनघटा, संतकबीर नगर, अमृत विचार : सोमवार की देर शाम धनघटा चौराहे पर ट्रक की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वाले दिनेश के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बूढ़े मां-बाप और पत्नी समेत चार बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी दिनेश के ही कंधों पर थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी रीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। दिनेश की शादी 20 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके पास दो बेटी और दो बेटे हैं बड़ी बेटी 17 वर्षीय संजना, 15 वर्षीय रितिका, 11 वर्षीय साहिल और 9 वर्षीय पुत्र नीरज 9 हैं। बच्चों का का भी रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

सभी थानों में महिलाओं के लिए बनेंगे विशेष कक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: महिला हेल्प डेस्क के अलावा उप्र के सभी थानों में महिलाओं के लिए एक विशेष कक्ष में बनेगा। इसे महिला इंजरी रूम और असेम्बली कम रिटायरिंग रूम नाम से जाना जाएगा। इसमें फर्स्ट एड बाक्स रहेगा, जिससे थाने पर आने वाली जख्मी पीड़ित महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया जाएगा। साथ ही उसमें बैठने और बात करने की भी व्यवस्था रहेगी।

सदन में मंगलवार को हुए सवाल के जवाब में राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। बताया गया है कि इस कमरे के निर्माण कार्य की दिशा में मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन में है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के 1244 पुलिस थानों पर महिला शौचालय भी बनेगा। इनमें से फिलहाल 1191 पुलिस थानों के लिए 68.26 करोड़ की स्वीकृति दे दी गई है। लिहाजा 868 पुलिस थानों पर महिला शौचालय का निर्माण कार्य पूरा भी हो चुका है और 323 थानों पर निर्माण का कार्य चल रहा है।

भाजपा ने दिया नारी शक्ति को सम्मान और सुरक्षा

संवाददाता, संतकबीर नगर

अमृत विचार : जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला इकाई शक्ति वंदन अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ममता पांडेय उपस्थित रहीं।

कार्यशाला की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम गीत के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ममता पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाएं दुनिया में प्रथम आई हैं। देश की महिलाओं ने रक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और खेल समेत सभी क्षेत्रों में नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। शक्ति वंदन कार्यक्रम के जरिए मातृ शक्ति का उत्थान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि मातृशक्ति का उत्थान हो। नारी शक्ति बंदन अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव गली-गली जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 10 फरवरी को चाय पर संवाद, 11 व 12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर सम्मेलन, 12 से 21 फरवरी तक स्वयं सहायता समूहों से संपर्क, 22 फरवरी को प्रधानमंत्री के सम्बोधन का संजीव प्रसारण, 25 और 26 फरवरी को एनजीओ सम्मेलन होंगे। जिला अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। किस तरह से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर का कार्य किया जा रहा है इसको लेकर जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला में जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, रामललित चौधरी, महामंत्री विनोद पांडेय, अमर राय, विजय बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, हैप्पी राय, मनोज पांडेय, राममिलन यादव, रामवृक्ष यादव, अरुण सिंह, अनिल पांडेय, उषा पांडेय, तारा राय, भरत भुआल आदि रहे।

सूर्या स्कूल में फेयरवेल व गुडलक पार्टी आयोजित

12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई, 10वीं के छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सफलता की दी शुभकामनाएं

संवाददाता, संतकबीर नगर

अमृत विचार: जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में मंगलवार को अखंड रामायण पाठ के साथ फेयरवेल और गुडलक पार्टी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान जहां 12वीं के छात्र छात्राओं को पुरस्कारों और उपहारों से सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई, वहीं 10वीं के छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षा के लिए पुरस्कार देते हुए शुभकामनाएं दी गईं।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूर्वाभ्यास करते हुए विविध प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं की बेहतर प्रतिभाओं को देखते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही देश प्रेम के विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने अपने एमडी डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी के साथ निदेशिका सविता चतुर्वेदी, एसआर इंटरनेशनल एकेडमी के निदेशक पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव का विद्यालय परिवार ने फूल गुलदस्ता और साल भेंट करते हुए सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने पूर्वाभ्यास के दौरान विविध प्रस्तुति करते हुए आज होने वाले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान प्रबंध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि आज विद्यालय में अखंड रामायण पाठ के साथ-साथ फेयरवेल पार्टी और गुडलक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए 12वीं के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई है। उन्होंने विद्यालय से विदा लेने वाले छात्र-छात्राओं को अग्रिम भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आज विद्यालय में भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं के अभिभावकों से अपील किया कि वे समय से कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

12वीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर विदाई देते डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी। अमृत विचार

खेलों में पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चिन्हित किए हैं 24 पद

अमृत विचार: राज्य सरकार ने प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों की सीधी भर्ती को लेकर सरकार ने कुल नौ विभागों में 24 पदों की व्यवस्था की है। सरकार की ओर से इसकी पूरी जानकारी मंगलवार को विधानसभा में दी गई।

सपा विधायक ई. सचिन यादव ने कुशल खिलाड़ियों की नियुक्ति को लेकर सरकार से योजना जाननी चाही तो, सरकार की ओर कहा गया कि इसके लिए खेल विभाग ने उप्र अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली- 2022 के अन्तरर्गत अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अन्तर्गत 24 पद चिन्हित किये हैं। बताया गया कि ग्राम विकास विभाग से खंड विकास अधिकारी के चार पद, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के एक पद, माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक के दो पद, गृह विभाग में उपाधीक्षक के सात पद, पंचायती राज विभाग में जिला पंचायतीराज अधिकारी के दो पद, युवा कल्याण विभाग में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के दो पद, परिवहन विभाग में यात्रीकर/मालकर अधिकारी के दो पद, वन विभाग में क्षेत्रीय वन अधिकारी के दो पद और राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार के दो पद शामिल हैं।

सरकार की ओर से बताया गया कि इन चिन्हित पदों के सापेक्ष 5 खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, दो खिलाड़ियों को जिला युवा कल्याण अधिकारी, एक खिलाड़ी को यात्री कर/मालकर अधिकारी और दो खिलाड़ियों को नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

कार्मिक विभाग द्वारा प्रख्यापित उप्र सरकारी विभाग (उत्कृष्ट खिलाड़ियों की समूह ''ग'' के पदों पर सीधी भर्ती) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत समूह ''ग'' के पदों पर भर्ती में खिलाड़ियों के लिए रिक्त पदों के सापेक्ष 2 प्रतिशत पदों के क्षैतिज आरक्षण का प्राविधान किया गया है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

गोवा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा-जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति नग)	47,850-48,050

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,700
चांदी तैयार	72,800
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714(अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,800।

कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

बेतुल (गोवा)। भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

नई दिल्ली। सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।

राष्ट्रीय

महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा ''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

जल संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।

गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

मुंबई। मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

नई दिल्ली। आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

नेहरू के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी ने नेहरू के एक भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया तथा यह दर्शाता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों के प्रति उनके मन में कितनी कटुता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए अतीत के कुछ प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की आलोचना की थी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के लोगों को उनकी गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय चेतना के अभिभावक पंडित नेहरू क्या भारतीयों को आलसी मानते थे? कल लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठीक यही आरोप पंडित नेहरू पर लगाया। क्या इसमें जरा सी भी सच्चाई है?'' उन्होंने 15 अगस्त, 1959 को दिए नेहरू के उस भाषण का अंश साझा किया, जिसके एक हिस्से को प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में उद्धृत किया था। प्रियंका गांधी ने नेहरू को उद्धृत किया, ''जब तक हिंदुस्तान के लाखों गांव नहीं जागते, आगे नहीं बढ़ते तो सिर्फ बड़े शहर हिंदुस्तान को नहीं आगे ले जाएंगे। वे बढ़ेंगे अपनी कोशिश से, अपनी हिम्मत से, अपने ऊपर भरोसा करके। हमारे लोग अपने ऊपर भरोसा करना भूलकर समझते हैं कि और लोग मदद करें।'' उनके मुताबिक, नेहरू ने कहा था, ''मैं चाहता हूं कि लोग बागडोर अपने हाथों में लें।... तरक्की नापने का एक ही गज है कि कैसे हिंदुस्तान के 40 करोड़ लोग आगे बढ़ते हैं... कौम अपनी मेहनत से बढ़ती है।

कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।



चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।

चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

नैनीताल : नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को ठहराया दोषी

वाशिंगटन। अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी।

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टीगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतों का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गये पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है। गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।

50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

कोलम्बो। श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।

सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

सिंगापुर। सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

एक नजर

कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

अस्ताना। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

चिली: जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

सैंटियागो। चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

रूस-तुर्किए के बीच होगी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

अंकारा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन पुतिन की आगामी तुर्किए यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने तुर्किए के राष्ट्रपति प्रशासन के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पहले कहा था कि पुतिन फरवरी में तुर्किए का दौरा करेंगे। सूत्र ने कहा कि यह आर्थिक एजेंडे में से एक है। नेता हमेशा इस विषय को हैं और प्रासंगिक आंकड़ों में रुचि रखते हैं। निस्संदेह, हमारी मुद्राओं (लीरा और रूबल) में व्यापार के क्षेत्रों के विस्तार पर द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाएं हैं और इस पर चर्चा की जाएगी।

तुर्की की अदालत में हमले का प्रयास, दो हमलावर मारे गए, पांच घायल

इस्तांबुल। तुर्की के इस्तांबुल में मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया। यह जानकारी तुर्की के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के प्रयास के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए। मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, मैं हमारे वीर पुलिस अधिकारियों को बधाई देता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैग्लायन इस्तांबुल शहर के यूरोपीय हिस्से में कागिथेन जिले में एक विशाल अदालत परिसर है।

दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है, जबकि अन्य दो भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है। हैजा के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं

फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

बर्लिन। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

बेरूत। इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

सना। अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

उत्तरी वजीरिस्तान। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था,

जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।

यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

सना। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

लंदन। ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।

रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।

कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

जुबा, एजेंसी

दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और ग्नोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

संरा अंतरिम सुरक्षा बल अबेई (यूएनआईएसएफए) ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अवोलनहोम, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों समुदायों के बीच पहली बार 27 से 28 जनवरी को अबयेई प्रशासनिक क्षेत्र में झड़प हुई थी, जिसमें दो संरा शांति सैनिकों सहित 54 लोग मारे गए थे। अबेई के दक्षिणी हिस्से में लड़ाई के कारण कई नागरिकों की मौतें हुई हैं, कई घायल हुए हैं, कई लोगों का अपहरण किया गया है। गांवों को जलाना और मवेशियों की चोरी हुई है। अबेई प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री बुलिस कोच अगुआर अजित ने दावा किया कि न्यूर आध्यात्मिक नेता गाई माचेक और उनके समर्थकों द्वारा समर्थित ट्विक के युवाओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों पर हमला किया।